जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in

▶ वर्ष 21 ▶ अंक-183 ▶ मुंबई, गुरुवार, 30 जनवरी 2025 ▶ मुंबई ▶ पृष्ठ 12 ▶ मूल्य ₹4

युवाओं को अराजक बना रहीं कुछ शक्तियां

...पेज 12




MULTTIFAB
LED Lighting Solutions
Light Smart All About Saving.
LUNA
Panel Light You Can Think
DHANLAXMI MALI PRODUCT
Survey No.177 Isand Road, Chhatral, Ta- Kalol, Dist.Gandhinagar, Gujarat- 382 729
+91 97874 10141
+91 84518 31691
Customer Care No.: +91 99094 10141
www.multtifabled.co.in

ETAR
Vision of india
BEST QUALITY MOBILE ACCESSORIES
ET-R36
WIRELESS EARPHONE
AIR-LUXE
Royal Series Battery
FOR INQUIRY CALL +91 99677 73129
follow us / etar_india / www.etarindia.com

NICE INSURANCE LANDMARK
इंश्योरंस के सभी पॉलिसी एक ही जगह सिर्फ एक बार "नाईस" से पॉलिसी लिजिए 100% क्लेम सर्विस की गारंटी पाईये !
★ मेडीक्लेम केशलेस
★ ज्वेलर्स इंश्योरंस
★ लाईफ इंश्योरंस
★ म्युचल फंड
40 साल का भरोसा
300 से अधिक एवार्ड विजेता
गणपत डागलिया Gold Medalist T.O.T - U.S.A
चिराग डागलिया M.B.A & Harvard Cert. T.O.T - U.S.A
30000 संतुष्ट ग्राहक भारत और विदेश में
11000 से अधिक क्लेम का समाधान
9869050031 / 9869230444
www.niceinsure.com




**प्रयागराज।** महाकुंभ का बुधवार को 17वां दिन रहा। मौनी अमावस्या पर सबसे पहले तीन शंकराचार्यों ने अमृत स्नान किया। बाद में साधु-संत छोटे-छोटे ग्रुप में अपने इष्टदेव के साथ सांकेतिक रूप से संगम स्नान करते रहे। जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज रथ पर निकले। नागा साधुओं ने तलवार लहराईं। जयकारे लगाते हुए संगम घाट पहुंचे। निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि महाराज ने संगम में डुबकी लगाई। हेलिकॉप्टर से संतों और श्रद्धालुओं पर फूलों की बारिश की गई। इससे पहले तड़के अखाड़ों के साधु-संत अमृत स्नान के लिए निकले थे। इस बीच भगदड़ के बाद संगम पर हालात बेकाबू हो गए। प्रशासन ने तुरंत अखाड़ों से अपील की- स्नान के लिए न जाएं। साधु-संतों ने बैठक की। पहले तय हुआ कि अखाड़ों के साधु-संत मौनी अमावस्या पर स्नान नहीं करेंगे। हालात पर तीन घंटे में काबू पा लिया गया। सीएम ने अखाड़ों से बात की। संत अमृत स्नान के लिए राजी हो गए। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने बताया, 'हम अपने देवता के साथ सांकेतिक अमृत स्नान करेंगे। कोई बड़ा जुलूस नहीं निकालेंगे।' अब तक 5.71 करोड़ लोगों ने संगम में डुबकी लगाई है। वहीं 28 जनवरी तक 20 करोड़ लोग महाकुंभ में स्नान कर चुके हैं। प्रशासन की कोशिश है कि आसपास के घाटों पर स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं को वापस किया जाए।


▶▶ नागा साधुओं ने तलवार लहराईं
▶▶ श्रद्धालुओं ने पैरों की धूल बटोरी
▶▶ हेलिकॉप्टर से फूल बरसाए गए

महाकुंभ में महाशोक

# 30 श्रद्धालुओं की मौत

## 60 से अधिक श्रद्धालु घायल

**प्रयागराज।** प्रयागराज महाकुंभ में संगम तट पर भगदड़ में मरने वालों की संख्या अब तक 30 हो चुकी है। हादसा मंगलवार देर रात करीब डेढ़ बजे हुआ। भगदड़ उस वक्त मची, जब लोग संगम तट पर मौनी अमावस्या के स्नान लिए इंतजार कर रहे थे। यह हादसा क्यों हुआ, इसकी वजह सामने नहीं आई है। राज्य सरकार ने भी इस पर आधिकारिक बयान नहीं दिया है। सृष्टि मेडिकल कॉलेज में हादसे में मारे गए लोगों के शव रखे गए हैं। इससे पहले मेडिकल कॉलेज में 14 शव पोस्टमॉर्टम के लिए लाए गए थे। फिर मेले से 8-10 एंबुलेंस से कुछ और शवों को लाया गया। इन्हें मिलाकर करीब 20 शव उनके परिजनों को सौंपे जा चुके हैं। वे उन्हें लेकर चले भी गए हैं।



▪ न्यायिक जांच के आदेश

### पीएम ने जताया गहरा दुख

"प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रयागराज महाकुंभ में हुए हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि यह हादसा अत्यंत दुखद है। यहां जिन श्रद्धालुओं ने अपने-अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा हुआ है। इस सिलसिले में मैंने मुख्यमंत्री से खुद बातचीत की है। मैं लगातार राज्य सरकार के संपर्क में हूं।

### बीती मध्य रात्रि हादसा

▪ मंगलवार-बुधवार की मध्य रात्रि के करीब एक से दो बजे के बीच प्रयागराज महाकुंभ में अचानक बेतहाशा भीड़ बढ़ने से धक्का-मुक्की की स्थिति हो गई। इसी दौरान भगदड़ मच गई। भगदड़ में कुछ लोगों की मौत के साथ साथ कई लोगों के जख्मी होने की खबर है। कई लोग अपने परिवार से बिछड़ गए। बुधवार को मौनी अमावस्या होने और शाही स्नान दोनों होने की वजह से श्रद्धालु काफी संख्या में आ गए थे।

### प्रशासन ने जारी किया आंकड़ा

मेला क्षेत्र के डीआईजी वैभव कृष्ण ने बताया कि महाकुंभ में हुई भगदड़ में 30 लोगों की मौत हुई है। 90 लोगों को अस्पताल लाया गया। जिसमें से 30 लोगों ने दम तोड़ दिया, इनमें से 25 लोगों की शिनाख्त हो गई है। जिसमें कर्नाटक के चार, गुजरात के एक श्रद्धालु की मौत हुई है।

### सीएम योगी की बैठक

▪ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना के बाद लखनऊ में एक उच्च स्तरीय बैठक की। उन्होंने कहा कि बैरिकेड्स फांदकर आने की कोशिश में कुछ श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में प्रदेश के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, गृह विभाग के प्रमुख सचिव तथा अपर पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की।

## कैबिनेट : बजट से पहले किसानों को बड़ी राहत

# इथेनॉल की कीमतें बढ़ाने की मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आम बजट से पहले किसानों को बड़ी राहत दी है। मोदी कैबिनेट ने बुधवार को दो अहम फैसलों पर अपनी मुहर लगाई। इस फैसले से किसानों को भी फायदा पहुंचेगा। साथ ही एग्री सेक्टर समेत कई अन्य सेक्टर्स को भी फायदा मिलेगा। साथ ही कैबिनेट ने 16300 करोड़ रुपए की नेशनल क्रिटिकल मिनरल्स मिशन को भी मंजूरी दे दी है। इससे मिनरल्स के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाया जा सकेगा। पीएम नरेंद्र मोदी की अगुवाई में सीसीईए ने इथेनॉल की खरीद में संशोधित कीमतों को अपनी मंजूरी दे दी है। ये कीमतें पहली नवंबर 2024 से 31 अक्टूबर 2025 तक लागू होंगी। इस फैसले से इथेनॉल ब्लैंडेड पेट्रोल प्रोग्राम के जरिए C-Heavy Molasses (CHM) के लिए एक्स मिल कीमत 56.58 रुपए प्रति लीटर से बढ़ाकर 57.97 रुपए प्रति लीटर कर दिया गया है।

इससे किसानों को फायदा मिलेगा। साथ ही देश की कच्चे तेल पर निर्भरता कम होगा और विदेशी मुद्रा बचाने में मदद मिलेगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि देश में इथेनॉल के ज्यादा प्रयोग की कोशिश की जा रही है। साथ ही सरकार ग्रीन एनर्जी की दिशा में आगे बढ़ रही है। इथेनॉल आपूर्ति वर्ष 20024-25 के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) के लिए इथेनॉल खरीद मूल्य में संशोधन को मंजूरी दे दी गई है। सरकार ने पेट्रोल में 20 फीसदी इथेनॉल मिश्रण के लक्ष्य को भी साल 2025-26 से आगे बढ़ाकर 2030 इथेनॉल कर दिया है।



**16300 करोड़ की नेशनल क्रिटिकल मिनरल्स मिशन को मंजूरी**

दिल्ली विधानसभा चुनाव

# आठ को दिल्ली में भाजपा सरकार : मोदी

### घोंडा के यमुना खादर में पीएम की चुनावी रैली

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के घोंडा में बुधवार को चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आठ फरवरी के बाद दिल्ली में बनने वाली भाजपा सरकार अपने सभी वादों को समयबद्ध तरीके से पूरा करेगी। यह मोदी की गारंटी है। यहां का दृश्य दिल्ली के मूड को दर्शाता है, यह दिल्ली के लोगों के जनादेश को दर्शाता है। दिल्ली कह रही है कि अब 'आपदा' के बहाने नहीं चलेंगे, 'आपदा' के झूठे वादे नहीं चलेंगे। दिल्ली कह रही है कि अब 'आपदा' की लूट और झूठ नहीं चलेगा। यहां के लोग भाजपा की ऐसी डबल इंजन वाली सरकार चाहते हैं, जो गरीबों के लिए घर बनाए, दिल्ली को आधुनिक बनाए, हर घर में नल का जल पहुंचाए और टैंकर माफिया से मुक्ति दिलाए। आज दिल्ली कह रही है कि जब पांच फरवरी आएगी, 'आपदा' जाएगी, भाजपा आएगी।



कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी

### पांच सौ रुपए में सिलेंडर, बिजली मुफ्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी होने के बाद कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि गारंटी का मतलब है कि यह जनता का अधिकार है। दिल्ली के लोगों के लिए पांच गारंटी की घोषणा की गई है। अभी दिल्ली में सांस लेने में आसानी की बात हो रही है। अगर आप प्रदूषण और रासायनिक संदूषण के लिए कोई भी पैरामीटर देखेंगे तो कोई भी दिल्ली से मेल नहीं खा सकता। न तो भाजपा और न ही दिल्ली की आप सरकार ने इस मुद्दे को गंभीरता से लिया है। कर्नाटक चुनाव में हमने सबसे पहले गारंटी शब्द का प्रयोग किया। हम लोगों को यह विश्वास दिलाना चाहते थे कि कांग्रेस पार्टी जो कहती है, उसे पूरा करती है।

### केजरीवाल पर पीएम का हमला

अरविंद केजरीवाल के "जहरीले पानी" वाले बयान पर पीएम मोदी ने कहा, "दिल्ली के एक पूर्व सीएम ने हरियाणा के लोगों पर घिनौने आरोप लगाए हैं। हार के डर से 'आपदा' वाले घबरा गए हैं। क्या हरियाणा के लोग दिल्ली के लोगों से अलग हैं? क्या हरियाणा में रहने वालों के रिश्तेदार दिल्ली में नहीं रहते? क्या हरियाणा के लोग अपने ही लोगों के पीने के पानी में जहर मिला सकते हैं? हरियाणा द्वारा भेजा गया पानी दिल्ली में रहने वाला हर व्यक्ति पीता है।

न्यूज BRIEF

### मोदी फरवरी में जा सकते अमेरिका!

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शपथ लेते ही एक्शन मोड में आ गए हैं। ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद पहली बार भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ट्रंप के बीच फोन पर बात हुई है। अब खबर है कि पीएम मोदी अगले माह फरवरी में अमेरिका की यात्रा कर सकते हैं। ऐसे समय में जब प्रवासी भारतीयों के वापस भारत आने को लेकर कवायद चल रही है।

### सऊदी अरब : नौ भारतीयों की मौत

**जेद्दा।** सऊदी अरब के पश्चिमी क्षेत्र में जीजान के पास बुधवार को एक हादसे में नौ भारतीयों की मौत हो गई। इस सड़क हादसे पर जेद्दा में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने शोक जताते हुए कहा कि उन्होंने प्रभावित परिवारों को पूरी सहायता करने का आश्वासन दिया है। जेद्दा स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

### केजरीवाल पर केस करेगी सैनी सरकार

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार की ओर से आम आदमी पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल पर मामला दर्ज करवाया जाएगा। हरियाणा के केबिनेट मंत्री विपुल गोयल का कहना है कि अरविंद केजरीवाल ने राजनीति के लिए यमुना में 'जहर' मिलाने का जो आरोप लगाया है, उसको लेकर हरियाणा सरकार द्वारा उन पर मुकदमा दर्ज करवाया जाएगा।

# कांग्रेस की विफलता से बिखरा 'इंडिया' : ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर 'इंडिया गठबंधन' को लेकर सवाल उठाया है। मुख्यमंत्री ने पुस्तक मेले में एक नई पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने बांग्ला में लिखी पुस्तक 'बांग्लार निर्वाचन और आमरा' (बंगाल चुनाव और हम) में कांग्रेस पर एक के बाद एक हमले किए। उन्होंने लिखा कि गठबंधन की विफलता के पीछे अखिल भारतीय कांग्रेस मुख्य दोषियों में से एक थी। उन्होंने कांग्रेस को सभी क्षेत्रों में भारतीय गठबंधन की विफलता के लिए जिम्मेदार ठहराया है, चाहे वह विधानसभा हो या लोकसभा। मुख्यमंत्री ने लिखा, "कांग्रेस ने जो सीटें जीती हैं, वे भी उसके सहयोगियों की बदौलत जीती है। कांग्रेस की विफलता के कारण इंडिया गठबंधन बिखर गया है, भले ही कांग्रेस को चेयरमैन बना दिया गया हो, लेकिन कांग्रेस ने किसी भी चुनाव में एक भी न्यूनतम कार्यक्रम नहीं लिया। मुख्यमंत्री बंगाल चुनाव में कांग्रेस की भूमिका से भी नाखुश हैं।



**सीएम ने अपनी पुस्तक में उठाए कई सवाल**

# बेंगलुरु में एयरो इंडिया फरवरी में

## भारत कर सकता बड़ा ऐलान

▪ एएमसीए फाइटर जेट इंजन की दौड़ में फ्रांस, यूके, यूएस और रूस

**बेंगलुरु।** भारतीय सेना अपनी रक्षा क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण छलांग लगाने के लिए तैयार है। फरवरी में बेंगलुरु के येलहंका एयर फोर्स स्टेशन में होने वाले एयरो इंडिया 2025 में रक्षा मंत्रालय कोई बड़ा ऐलान कर सकता है। भारत के महत्वाकांक्षी फाइटर जेट प्रोजेक्ट एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) के लिए 110kN थ्रस्ट इंजन के विकास के लिए विदेशी साझेदारीका ऐलान कर सकता है।



### 110kN इंजन की खासियत

सुपरसोनिक गति बिना आफ्टरबर्नर के विमान की रेंज और मारक क्षमता में इजाफा। पिछले साल ही कैबिनेट सुरक्षा समिति ने एएमसीए प्रोजेक्ट के पहले चरण के लिए करीब 15000 करोड़ की मंजूरी दी थी।

### कौन होगा भारत का साझेदार

सूत्रों के मुताबिक फ्रांस, यूके और अमेरिका में से किसी एक विदेशी कंपनी के साथ समझौता करेगा। वहीं हाल ही में रूस ने भारत के एएमसीए प्रोजेक्ट के लिए आरडी-33 इंजन के 5वें-जनरेशन संस्करण की पेशकश की है। इस पेशकश में टेक्नोलॉजी ट्रांसफ़र (टीओटी) भी शामिल है। यानि अब गेंद भारत के पाले में है, जो दावेदार बेहतर डील इस प्रोजेक्ट के लिए पेश करेगा, भारत उसी के साथ एएमसीए इंजन की डील फाइनल करेगा।

सुप्रीम कोर्ट का फैसला

# डोमिसाइल आधारित आरक्षण असंवैधानिक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल कोर्स के पीजी एडमिशन के लिए निवास आधारित आरक्षण को असंवैधानिक करार दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इसे तुरंत खत्म करने का आदेश दिया है। अब मेडिकल कॉलेज पोस्ट ग्रेजुएशन के एडमिशन में डोमिसाइल आधारित आरक्षण नहीं दे पाएंगे। जस्टिस हृषिकेश रॉय, जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच ने सुनवाई करते हुए कहा है कि इस तरह का आरक्षण संविधान के अनुच्छेद-14 का उल्लंघन है। जो फैसला हम दे रहे हैं, वो अब नए सिरे से लागू होगा। यानी पुराने एडमिशन पर इस फैसला का प्रभाव नहीं पड़ेगा। संविधान हमें भारत भर के शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश चुनने का अधिकार भी देता है। शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण का लाभ किसी विशेष राज्य में रहने वालों को केवल एमबीबीएस कोर्स में एक निश्चित डिग्री तक ही दिया जा सकता है।



**पीजी मेडिकल कॉलेज में एडमिशन देने का मामला**

चीनी शोधकर्ताओं को मिली सफलता

# अब पुरुष भी पैदा कर सकेंगे बच्चे

**नई दिल्ली।** चीनी विज्ञानियों को दो नर चूहों से स्वस्थ संतान पैदा करने में कामयाबी मिली है। जेनेटिक इंजीनियरिंग के जरिये पैदा किए गए ये चूहे बड़े हो गए हैं। इस उपलब्धि से लुप्त प्राय प्रजातियों को विलुप्त होने से रोकने की उम्मीद जगी है। बीमारी या अन्य कारकों से क्षतिग्रस्त ऊतकों या अंगों को बदलना भी संभव हो सकता है। यह सफलता समलैंगिक पुरुषों के लिए संतान पैदा करने का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। चीन के शोधकर्ताओं का कहना है कि केवल दो नर चूहे के जेनेटिक मेटेरियल का उपयोग करके चूहों को पैदा किया है। इसके लिए मादा चूहे का उपयोग नहीं किया गया।



▪ क्षतिग्रस्त ऊतकों को बदलना भी संभव
▪ वैज्ञानिकों ने चूहे के स्पर्म से बनाए अंडे

### भ्रूण स्टेम सेल इंजीनियरिंग तकनीक

इसके लिए 'भ्रूण स्टेम सेल इंजीनियरिंग' तकनीक का उपयोग किया गया। इस तकनीक के जरिए वैज्ञानिकों ने एक चूहे के स्पर्म से अंडे बनाए, जिन्हें दूसरे चूहे के स्पर्म से निषेचित किया गया। स्टेम सेल तकनीक नई नहीं है, लेकिन पिछले सभी प्रयासों में पूरी सफलता नहीं मिल सकी थी। स्टेम कोशिकाएं विशेष कोशिकाएं होती हैं, जिनमें विभिन्न प्रकार की कोशिकाएं विकसित करने की क्षमता होती है। भ्रूण में मौजूद भ्रूण स्टेम कोशिकाएं, भ्रूण के सभी प्रकार की कोशिकाओं में विकसित होने की क्षमता रखती हैं।

### 20 जीन को किया एडिट

नर जीन के दो सेटों का उपयोग करके प्रजनन किए गए चूहे या तो विकसित नहीं हुए या गंभीर विकृति के साथ पैदा हुए और मर गए। चूहों की स्टेम कोशिकाओं में 20 अलग-अलग जीनों को एडिट करने के बाद शोधकर्ताओं को स्वस्थ चूहे पैदा करने में सफलता मिली।

## ब्रिटेन के गृह मंत्रालय की रिपोर्ट लीक

# देश को खालिस्तानियों-हिंदू राष्ट्रवादियों से खतरा

**लंदन।** ब्रिटेन के गृह मंत्रालय से जुड़ी एक रिपोर्ट लीक होने के बाद कई हैरान करने वाले खुलासे सामने आए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक ब्रिटेन को हिंदू राष्ट्रवाद और खालिस्तानी समर्थकों से खतरा है। लीक हुए दस्तावेज में ब्रिटेन में मौजूद नौ तरह के खतरों को शामिल किया गया है।

इसमें कहा गया है कि ब्रिटेन को इन खतरों से निपटने की जरूरत है। रिपोर्ट में पहली बार हिंदू राष्ट्रवाद और हिंदुत्व को चिंताजनक विचारधारा के रूप में पहचाना गया है। ब्रिटेन के गृह कार्यालय सुरक्षा मंत्री डैन जार्विस ने हाउस ऑफ कॉमन्स को बताया कि यह 'पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है कि रिपोर्ट का कौनसा संस्करण लीक हुआ है।'



### 2022 के दंगे को बनाया आधार

हिंदू राष्ट्रवाद को खतरे के रूप में शामिल करने का कारण 2022 में लेस्टर में हुए दंगों को माना गया है। 28 अगस्त को 2022 में हिंदू और दक्षिण एशियाई मूल के ब्रिटिश मुस्लिमों के बीच भारत-पाकिस्तान एशिया कप मैच के बाद झड़पें हुईं थीं। रिपोर्ट में खालिस्तान समर्थकों को लेकर चिंता जताई गई है।

# मुंबई : पश्चिम रेलवे की क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक संपन्न

## ▶▶ जीएम ने किया ई-पत्रिका 'ई-राजहंस' के 58वें अंक का विमोचन



पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र मुंबई के चर्चगेट स्थित प्रधान कार्यालय में आयोजित क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक को संबोधित करते। **दूसरे चित्र में** महाप्रबंधक राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विजेताओं में से एक विजेता को पुरस्कार प्रदान करते।

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे की क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक 29 जनवरी को पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर पश्चिम रेलवे, प्रधान कार्यालय की ई-पत्रिका 'ई-राजहंस' के 58वें अंक का विमोचन महाप्रबंधक ने किया। इसके पश्चात गत वर्ष राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सात कर्मियों को नकद पुरस्कार राशि और प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया गया। साथ ही सुप्रसिद्ध कवि हरिवंश राय बच्चन की पुण्यतिथि भी मनाई गई। उनके जीवन के संक्षिप्त परिचय से सदस्यों को अवगत कराया गया और उनकी एक प्रसिद्ध कविता 'अग्निपथ' के एक अंश का गायन द्वारा प्रस्तुतिकरण भी किया गया।

### जीएम ने की राजभाषा बैठक की अध्यक्षता

राजभाषा बैठक की अध्यक्षता करते हुए पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक मिश्र ने कहा कि वेबसाइटों को अपडेट करने की प्रक्रिया शुरू की गई है, सभी विभाग अपने-अपने विभागों की जानकारी को द्विभाषी में तैयार कर संबंधित को उपलब्ध कराएं। यह आवश्यक है कि साइटों पर सभी प्रकार की जानकारियां अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी में भी सरल और सहज भाषा में उपलब्ध करवाई जाएं। सभी सरकारी कर्मियों को भारतीय संविधान में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार सभी मदों में हिंदी का प्रयोग बढ़ाने की जरूरत है। सभी वरिष्ठ अधिकारी स्वयं हिंदी में कार्य करके अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राजभाषा में कामकाज करने के प्रेरित और प्रोत्साहित कर सकते हैं।

### अधिकारियों को किया गया पुरस्कृत

बैठक में अधिकारियों के लिए एक राजभाषा प्रश्न-मंच का आयोजन भी किया गया, जिसमें प्रश्नों के सही उत्तर देने वाले अधिकारियों को पुरस्कृत किया गया। पश्चिम रेलवे में अक्टूबर से दिसंबर-2024 के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन में हुई प्रगति संबंधी आंकड़े समिति की सदस्य सचिव डा.रोशनी खुबचंदानी द्वारा प्रस्तुत किए गए।

### सुरेश पाल वर्मा की पंक्तियों का वाचन

बैठक के प्रारंभ में पश्चिम रेलवे के मुख्य राजभाषा अधिकारी रंजन श्रीवास्तव ने समिति के अध्यक्ष एवं पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक, सभी विभागों के प्रमुखों, सभी अपर मंडल रेल प्रबंधक, सभी मुख्य कारखाना प्रबंधक और अन्य अधिकारियों का स्वागत करते हुए सुरेश पाल वर्मा की हिंदी के गुणगाण में लिखी गई पंक्तियां- हिंदी का परचम उड़ा, उच्च गगन की ओर, हिंदी की बिंदी सजी, आभा दिनकर भोर का वाचन किया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की राजभाषा नीति प्रेरणा, प्रोत्साहन और सद्भावना पर आधारित है इसलिए समय-समय पर पश्चिम रेलवे में राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को पुरस्कृत किया जाता है। साथ ही रतलाम मंडल को रेलवे बोर्ड द्वारा आदर्श मंडल एवं रतलाम मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक एवं अपर मुराधि को रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक हेतु चयनित किए जाने पर बधाई दी।

### बैठक में अधिकारियों की रही उपस्थिति

पश्चिम रेलवे क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की इस बैठक में पश्चिम रेलवे के अपर महाप्रबंधक प्रकाश बुटानी, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक कुलदीप कुमार जैन, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) विनीत गुप्ता, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (सड़क संरक्षा परियोजनाएं) अमित कुमार मनुवाल, प्रमुख वित्त सलाहकार श्रीमती शालिनी दरबारी, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक विद्याधर अविनाश मालेगांवकर, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक आशुतोष कुमार श्रीवास्तव, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्रीमती मंजुला सक्सेना, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक तरूण जैन, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक, उप महाप्रबंधक (सामान्य) उज्जवल देव, सचिव/पश्चिम रेलवे सचिन अशोक शर्मा सहित सभी मंडलों के अपर मंडल रेल प्रबंधक एवं सभी कारखानों के मुख्य कारखाना प्रबंधक आदि अधिकारी उपस्थित थे। बैठक का समापन वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी सुरेश चंद्र के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# वसई : सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**वसई।** वालीव पुलिस स्टेशन क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक 48 वर्षीय व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया हैं। जानकारी के अनुसार पूर्व के जयनगर निवासी आतीकुर रहमान मलीक मनिहार (48) नामक व्यक्ति घटना की रात 9.45 बजे के आसपास बाईक से चिंचोटी गया था। उसी दौरान अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में मनिहार की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है। संबंधित मामले में पुलिस अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई हैं।




### पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे

# लोको पायलटों के एलआर प्रशिक्षण शुरू

## ▶▶ सभी पांच मंडलों में संरक्षा को बढ़ावा देते ऑडियो-विजुअल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मालीगांव।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (पू. सी. रेलवे) ने अपने सभी पांच मंडलों में ऑडियो-विजुअल सेक्शनल रोड लर्निंग (एलआर) प्रशिक्षण लागू किया है। यह जोन के अधीन ट्रेन परिचालन में परिचालनिक दक्षता और संरक्षा बढ़ाने की दिशा में एक अन्य महत्वपूर्ण कदम है। इस नवीनतम पहल का उद्देश्य लोको पायलट (एलपी) और सहायक लोको पायलट (एएलपी) को एक उन्नत शिक्षण संसाधन प्रदान करना है, ताकि उनलोगों को निर्दिष्ट मार्गों, स्टेशन लेआउट्स, सिग्नलिंग सिस्टम और सेफ्टी प्रोटोकॉल की वास्तविक और गहन समझ से अवगत कराया जा सके। पू. सी. रेलवे के प्रधान मुख्य बिजली इंजीनियर संदीप कुमार के नेतृत्व में ऑडियो-विजुअल सेक्शनल एलआर वीडियो विकसित किया गया है। इस उपकरण की परिकल्पना रेलवे ट्रैक, स्टेशन लेआउट, सिग्नल प्लेसमेंट, ग्रेडिएंट्स, कर्व्स और ब्रिज के वास्तविक समय के फुटेज प्रस्तुत करके सैद्धांतिक जानकारी और व्यावहारिक अनुभव के बीच की खाई को पाटने के लिए किया गया है। इंजन पर लगे इन-हाउस कैमरों के उपयोग से कैप्चर किए गए ये वीडियो, लोको पायलटों को ट्रेन परिचालन से पहले अपने संबंधित मार्गों की जटिलताओं से परिचित कराने में सक्षम बनाते हैं। निर्दिष्ट यात्राओं के सीमित समय के भीतर बड़े स्टेशनों, गुड्स और पैसेंजर यार्डों को नेविगेट करने में लोको पायलटों को कई चुनौतियों सामना करना पड़ता है। इसे स्वीकार करते हुए, पू. सी. रेलवे ने सेक्शनल शिक्षण के लिए एक कुशल और संरचित दृष्टिकोण प्रदान करने के लिए इस प्रणाली को विकसित किया है।यह वीडियो नियमित रूप से क्रू लॉबी में प्रसारित किए जाते हैं, जिससे व्यापक पहुंच और निरंतर शिक्षण सुनिश्चित किया जाता है। परोक्त कदम प्रशिक्षण पद्धतियों के आधुनिकीकरण और अपने कार्यबल को उन्नत रेलवे संचालन के लिए अत्याधुनिक उपकरणों से लैस करने की दिशा में पू. सी. रेलवे की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। यह पहल लोको पायलटों को बेहतर तैयारी, बेहतर मार्ग परिचित और बढ़ी हुई संरक्षा जागरूकता के साथ सशक्त बनाने के लिए रेलवे के चल रहे प्रयासों को दर्शाती है, जो अंततः पू. सी. रेलवे के नेटवर्क में ट्रेनों के सुचारू और सुरक्षित परिचालन में योगदान देती है।




# ठाणे में चार बांग्लादेशी महिलाएं गिरफ्तार

▶▶ टीएमसी कॉलोनी में किराए पर रह रही थी

▶▶ नवी मुंबई के किसी लेडीज बार में कर रही थी काम

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**ठाणे।** ठाणे शहर एएचटीसी की सीनियर पीआई चेतना चौधरी को बुधवार को सूचना मिली थी कि ठाणे वेस्ट, राबोडी पोलीस स्टेशन की हद में उथसर प्रभाग समिति के पीछे, टीएमसी कॉलोनी की चाल में चार बांग्लादेशी महिलाएं रूम भाड़े से लेकर रह रही है। उनके पास न तो पासपोर्ट और न ही वीजा। यह महिलाएं 4/5 साल पहले बंगलादेश से अवैध तरीके से भारत में प्रवेश करके ठाणे के टी एम सी कॉलोनी के एक रूम में रह रही थी। इन महिलाओं के पास से बंगलादेश का बर्थ सर्टिफिकेट, नेशनल आईडी कार्ड भी क्राइम ब्रांच की टीम ने जब्त किया है। इन महिलाओं को टीएमसी कॉलोनी में रूम भाड़े पर किसने दिया और नवी मुंबई की कौनसी लेडीज बार में ये महिलाएं काम करती है, उसकी भी क्राइम ब्रांच की टीम जांच पड़ताल कर रही है। अब क्राइम ब्रांच की टीम इन महिलाओं के खिलाफ कानूनी कारवाई कर रही है। इन बांग्लादेशी महिलाओं पर ठाणे शहर आयुक्तालय के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में ठाणे शहर एएचटीसी सीनियर पीआई चेतना चौधरी, पीएसआई डी.वी. चव्हाण, नीलेश क्षीरसागर, महिला पीएसआई स्नेहल शिंदे, एएसआई डी.वालघुडे,धनंजय मोहिते, एचसी विजय पाटील, के.बि. पाटील, महिला पुलिस, हर्षिता थोरात, पाटील, चांदेकर,और एएचटीसी ठाणे शहर की टीम ने संयुक्त रूप से की।



# एनडीए सरकार पूरे लगन के साथ कर रही काम : म्हस्के

## ▶▶ सांसद ने डिप्टी सीएम शिंदे का जताया आभार






**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**ठाणे।** यदि हम वास्तव में समावेशी विकास हासिल करना चाहते हैं, तो कांग्रेस की असमान वितरण और वोट बैंक की राजनीति को समाप्त करने के लिए ठोस कार्रवाई की आवश्यकता है। हमारी एनडीए सरकार प्रत्येक मुद्दे पर पूरी लगन से काम कर रही है। वक्फ सुधार समिति का गठन में शामिल किए जाने पर सांसद नरेश म्हस्के ने उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे व सासंद डा. श्रीकांत शिंदे को धन्यवाद दिया और आभार जताया। वक्फ सुधार समिति का गठन गरीब मुसलमानों को उनके अधिकार दिलाने और कांग्रेस राज्य में मुट्ठी भर लोगों की भ्रष्ट प्रथाओं को खत्म करने के लिए किया गया था। इस समिति ने, जिसका मैं सदस्य हूं, बुधवार को वक्फ संशोधन विधेयक पारित किया। समिति ने विधेयक को अंतिम मंजूरी दे दी। अब यह विधेयक लोकसभा अध्यक्ष को सौंपा जाएगा और जल्द ही इसे कानून बनाया जाएगा। यह निर्णय देश की विकास यात्रा में नींव का पत्थर साबित होगा। मैं स्वयं को भाग्यशाली मानता हूं कि मुझे इस समिति के सदस्य के रूप में सेवा करने तथा एक ऐतिहासिक निर्णय का साक्षी बनने का अवसर मिला।

# चार दिन निरस्त रहेगी 'हेरिटेज स्पेशल ट्रेन'

**अहमदाबाद।** पश्चिम रेलवे द्वारा अहमदाबाद-एकता नगर के बीच चलाई जा रही ट्रेन संख्या 09409/09410 अहमदाबाद-एकता नगर-अहमदाबाद हेरिटेज स्पेशल का फरवरी महीने में प्रस्तावित (पीओएच) मेंटेनेंस कार्य के कारण निरस्त रहेगी। जिसका विवरण निम्नानुसार है। 15, 16, 22 और 23 फरवरी की ट्रेन संख्या 09409/09410 अहमदाबाद-एकता नगर-अहमदाबाद हेरिटेज स्पेशल ट्रेन निरस्त रहेगी।



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

**निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी)**

**ई-टेंडर नोटिस नं.: TRS-BIA-24-25-IRSP-CBR-23**

**कार्य का नाम :** ईएलएस / भिलाई के डब्ल्यूएजी 9 इंजनों में पारंपरिक ब्रेक रिगिंग का प्रावधान। **काम की लागत :** रुपये- 14,51,29,847 ( रुपये: चौदह करोड़ इक्यावन लाख उनतीस हजार आठ सौ सैंतालीस रुपए मात्र).**बोली सुरक्षा / बयाना राशि जमा :** रुपये 8,75,700/- (रुपये: आठ लाख पचहत्तर हजार सात सौ मात्र) **कार्य की पूर्णता अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तारीख से 36 माह. **निविदा समाप्ति की तिथि और समय :** 24.02.2025 को 11:30 बजे। वेबसाइट विवरण और निविदा के विवरण यहां देखे जा सकते हैं **http://www.ireps.gov.in**

**वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता (क.च.स्टा.)**

**PR/R/TRS/AAA/229 द.पू.म.रेलवे, भिलाई**

South East Central Railway @secrail

**द. पू. रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना संख्या : 4552-जीआरसी-सीई-सी-एचक्यू-03-2025, दिनांक: 28.01.2025।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मुख्य अभियंता (निर्माण)/मुख्यालय/गार्डन रीच, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड किया गया है। निविदा निर्धारित तारीख को दोपहर 12:00 बजे बंद कर दी जाएगी। **कार्यों का संक्षिप्त विवरण :** दक्षिण पूर्व रेलवे निर्माण संगठन में ग्लूएड जॉइंट तथा इन-सीटू ग्लूएड जॉइंट की आपूर्ति एवं फिक्सिंग हेतु कार्यों का संपादन। **अनुमानित लागत:** रु. 8.90 करोड़। **बोली प्रतिभूति :** रु. 5,95,200। **पूरा करने की अवधि :** 36 महीने। **बंद होने की तारीख:** 20.02.2025। निविदा के सम्पूर्ण विवरण/ब्योरा/स्पेसिफिकेशन के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस मद के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए भावी बोलीदाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं। **(PR-1070)**

**रेलवे स्टॉफ क्वॉटरों पर स्मार्ट प्रिपेड कम पोस्ट पेइड मीटरों का प्रावधान**

**ई-निविदा सूचना संख्या. AP/EL/30/24-25 तारीख: 27-01-2025।** नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदा आमंत्रित किया गया हैं। **निविदा संख्या. AP/EL/30/24-25। कार्य का नाम:** अलीपुरद्वार जंक्शन मंडल के रेलवे स्टाफ क्वॉटरों पर स्मार्ट प्रिपेड कम पोस्ट पेड मीटरों का प्रावधान कराना (फेज-II)। **निविदा राशि: ₹2,85,84,484,56/-धरोहर राशि: ₹2,92,900/-। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 21-02-2025 तारीख के 15.00 बजे में **एवं खुलेगी:** 21-02-2025 तारीख के 15.30 बजे में। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा प्र-पत्र के साथ संपूर्ण विवरण www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

**सहायक डीईई/जीएंडसीएचजी./ अलीपुरद्वार जंक्शन**

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**

मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**निविदा सूचना क्रमांक:** 110-06-Striping-Bogie **दिनांक:** 23.01.2025

**कार्य का नाम:** डीज़ल लोको शेड, रायपुर के पारंपरिक विद्युत इंजनों की बोगियों एवं उसके पुरज़ों की डिसमेंटलिंग / स्ट्रिपिंग एवं सफाई। **निविदा मूल्य:** ₹ 38,13,128.80/-, **अग्रिम धन राशि:** ₹ 76,300/-, **दस्तावेज की लागत:** 3,000.00, **निविदा बंद होने की तारीख व समय:** दिनांक **21.02.2025** के **15:00** बजे। इस निविदा के खिलाफ मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है व मैनुअल प्रस्ताव अस्वीकार कर दिए जाएंगे। उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी एवं पात्रता मानदंड के लिए कृपया Sr.DME (D)/DLS/SECR/रायपूर के कार्यालय से संपर्क करें/वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज डाउनलोड करें।

**वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजिनियर (DLS)**

**PR/R/DLS/MS/223 द.पू.म. रेलवे, रायपुर**

South East Central Railway @secrail

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा निविदा सूचना** **दिनांक: 27.01.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल पर्यावरण एवं गृह रख रखाव प्रबंधक, प्रयागराज, उत्तर मध्य रेलवे, द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रपत्र में पर्याप्त अनुभव एवं वित्तीय क्षमतावान प्रतिष्ठित ठेकेदारों से ई-निविदाएं, निविदा खुलने की तिथि के, **16:00** बजे तक आमंत्रित की जाती है-

**ई-निविदा सूचना संख्या:** GEM/2025/B/5873366 Dated 27.01.2025

**कार्य का नाम-**यांत्रिक सफाई, स्वच्छता और रोगाणु नाशक सेवा परिणाम आधारित - सार्वजनिक परिवहन स्थानों के लिए, जिसमे राइड-ऑन स्क्रबर ड्रायर, वाक बिहाइंड स्क्रबर ड्रायर और अन्य मशीनों का उपयोग करके सफाई, झाडू लगाना, पोछा लगाना, कचरा उठाना, कचरा संग्रहण और निस्तारण आदि किया जायेगा; जिसमे प्रयागराज मंडल के रेलवे स्टेशन ALIN (अलीगढ़), TDL (टूंडला) ETW (इटावा) और PHD (फफूंद) शामिल है।

**निविदा सिस्टमः** दो पैकेट सिस्टम | **कार्य का अनुमानित लागत (रु.में):** ₹ 31,24,01,844.55

**EMD:** 17,12,010/- | **ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य | **कार्य की अवधि:** 04 वर्ष

**GeM वेबसाइट पर प्रकाशन की तिथि:** 27.01.2025, **निविदा खुलने की तिथि: 17.02.2025,**

**नोट: 1.** उपरोक्त ई-निविदाओं की निविदा पुस्तिका के साथ पूरी जानकारी GeM वेबसाइट पर प्रकाशित होने की तिथि से उपलब्ध / अपलोड की जाएगी और वेबसाइट **www.GeM.gov.in** पर बनी रहेगी, निविदा खुलने की नियत तिथि तक। **2.** उपरोक्त निविदाओं के लिए ई-बोली के अलावा अन्य बोलियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। इस उद्देश्य के लिए, विक्रेताओं को खुद को GeM वेबसाइट के साथ पंजीकृत कराना आवश्यक है। **3.** संलग्न किए जा रहे दस्तावेज़ पर निविदाकर्ता द्वारा अपने हस्ताक्षर किए जाने चाहिए। **4.** सभी निविदाकारों को ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किए जाएंगे। **5.** किसी भी कठिनाई के मामले में GeM की वेबसाइट पर उपलब्ध हेल्पडेस्क से संपर्क किया जा सकता है। **6.** ऑनलाइन ई-निविदा निविदा खुलने की नियत तिथि पर 16:00 बजे तक जमा की जा सकती है। **7.** जेवी (JV) फर्मों को इस निविदा में भाग लेने की अनुमति है। **186/25 (D)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

### वसई ट्रैफिक विभाग की कार्रवाई

# अवैध वाहनों पर कसा शिकंजा

## ▶▶ दो दिन में दस मैजिक, दो कार व दो प्राइवेट बस जब्त

**अखिलेश आर.तिवारी / जागरूक टाइम्स नालासोपारा।**

वसई ट्रैफिक विभाग की टीम ने शहर में चल रही अवैध मैजिक,इको कार व प्राइवेट बसों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। लगातार दो दिनों से चल कार्रवाई में पुलिस ने दस मैजिक ,दो यूको कार व दो प्राइवेट बसों को जब्त किया है। इससे पहले ट्रैफिक पुलिस ने 66 अवैध रिक्शे जब्त किए है। यह कार्रवाई सीनियर पीआई प्रशांत लांगी व उनकी टीम ने की है। लांगी ने बताया कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस कार्रवाई से नागरिकों का कहना है कि भले ही लोगों को समय पर रिक्शा या प्राइवेट वाहन नहीं मिलते है लेकिन कार्रवाई से ट्रैफिक जाम से काफी राहत मिल रही है।

### रिक्शा यूनियनों का विरोध प्रदर्शन जारी

वसई विरार की सड़कों पर चल रहे अवैध वाहनों को लेकर आए दिन रिक्शा यूनियनों का विरोध प्रदर्शन जारी है। उनकी मांग है कि इन फर्जी वाहनों मैजिक, प्राइवेट बस, फर्जी ऑटो रिक्शा पर कार्रवाई होनी चाहिए। वह कम किराए लेकर रिक्शा चालकों की कमाई पर सेंघ लगा रहे है। इसको लेकर शनिवार को नालासोपारा पूर्व संतोष भुवन से स्टेशन तक रिक्शा चालकों ने रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया, और जल्द से जल्द मैजिक वाहनों पर कार्रवाई करने की मांग की।

### मैजिक-रिक्शा चालकों के बीच मारपीट

सोमवार सुबह संतोष भुवन इलाके में मैजिक चालकों व रिक्शा चालकों में मारपीट हो गई। पुलिस ने रिक्शा चालकों के खिलाफ मामला दर्ज किया तो सैकड़ों की संख्या में रिक्शा चालक सड़क पर उतर गए और रास्ता रोको आंदोलन किया। मैजिक चालकों व रिक्शा चालकों की आपसी खींचतान में ट्रैफिक विभाग पर कई सवाल उठने लगे। जिसके बाद सीनियर पीआई प्रशांत लांगी व उनकी टीम ने फर्जी वाहनों के खिलाफ शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। उन्होंने वैध चालकों को भी कड़े निर्देश दिए है कि अगर बिना वर्दी, बिना लाइसेंस-बैच व ओवर सीट पाए गए तो कार्रवाई की जाएगी।

### विधायक राजन नाईक ने की राजस्व मंत्री से मुलाकात

# अपर तहसीलदार कार्यालय शुरू करने की मांग

## ▶▶ वसई या नालासोपारा में खुले नया कार्यालय

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**वसई।** नालासोपारा विधानसभा के विधायक राजन नाईक ने 28 जनवरी को राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले से अनुरोध किया है कि वसई, विरार और बोईसर विधानसभा क्षेत्रों में बढ़ती आबादी की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नालासोपारा या विरार में अपर तहसीलदार कार्यालय शुरू किया जाए। विधायक नाईक ने कहा कि वसई तहसील कार्यालय में नालासोपारा, वसई और बोईसर विधानसभा क्षेत्रों के कुछ हिस्से शामिल हैं। वसई तालुका में 10 लाख से अधिक मतदाता हैं और 30 लाख से अधिक की आबादी है। लेकिन वर्तमान में तहसील में केवल एक ही तहसीलदार कार्यालय होने के कारण नागरिकों को सरकारी व प्रशासनिक योजनाओं तथा विद्यार्थियों के लिए आवश्यक विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्रों के साथ-साथ राशन कार्ड जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही काफी समय व पैसा भी खर्च करना पड़ता है। इसलिए, यदि विरार या नालासोपारा में एक अपर तहसीलदार कार्यालय खोला जाता है, तो लगभग 65 राजस्व गांव इसमें शामिल हो सकते हैं, ऐसा उप-विभागीय अधिकारी, वसई ने बताया और इससे क्षेत्र के नागरिकों के लिए सरकारी काम आसान हो जाएगा और समय की भी बचत होगी।



विधायक नाईक की मांग उचित होने से राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले और महाराष्ट्र राज्य ने राजन नाईक को आश्वासन दिया है कि नालासोपारा या विरार में जल्द से जल्द अपर तहसीलदार कार्यालय खोला जाएगा,ऐसी जानकारी भाजपा के प्रचार प्रमुख मनोज बारोट ने मीडिया को दी है।

# मुंबई में जाट समाज का ध्वजारोहण समारोह



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जाट समाज मुंबई की ओर से गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर अध्यक्ष धर्मपाल कलवनिया के हाथों ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के विभिन्न सदस्य पदाधिकारी उपस्थित थे। समाज के कुछ विशिष्ट लोगों ने इस अवसर पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर उपस्थित लोगों में राजू सारण,शमशेर सिंह, रामनिवास चौधरी, भागीरथ चौधरी, ईश्वर सिंह, हनुमान कीरडोलिया, संदीप घनघस, रवि अहलावत, शिवलाल, ओम जी जाट, जगदीश, लक्ष्मण जाट, भंवरलाल, जोगिंदर बामल,संजीव गोदारा, हवा सिंह, टेम सिंह, सुरेंद्र हुड्डा, बलदेव राम, संजय शिवरान, सोमवीर पिलानिया इत्यादि शामिल थे। झंडा वंदन कार्यक्रम के समापन पर दोपहर भोजन की व्यवस्था भी की गई थी।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में पहुंचे 1156 मरीज

## ▶▶ कई अन्य कार्यक्रमों का भी आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नालासोपारा।** श्रीनरसिंह के. दुबे चॅरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित नालासोपारा आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं रुग्णालय द्वारा स्वर्गीय नरसिंह दुबे की 16वीं पुण्यतिथि के अवसर पर 28 जनवरी की सुबह 10 बजे से रात 10.00 बजे तक विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमे निःशुल्क चिकित्सा शिविर,सुदृढ बालक प्रतियोगिता, पाचन संस्थान पर आधारित वनौषधियों की प्रदर्शनी, संभाषा प्रतियोगिता,भावपूर्ण श्रद्धांजलि, विशुद्ध भोजपुरी,अवध कवि सम्मेलन आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं धन्वंतरी पूजन से की गई। निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 1156 मरीजों ने विभिन्न चिकित्सा का लाभ लिया। जिसमे रक्त परीक्षण, इसीजी, एक्स-रे आदि निःशुल्क परीक्षण चिकित्सकों के सलाह के अनुसार किया गया। संस्था के अध्यक्ष जयप्रकाश दुबे , डायरेक्टर डा. ओम प्रकाश दुबे एवं सभी निर्णायकों द्वारा मिलकर पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। तत्पश्चात भोजपुरी,अवधी कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें कवि राम सिंह ,कवि रासबिहारी पांडे, कवि "निडर जौनपुरी, कवि शिवप्रकाश पांडे जमदग्नीपुरी, कवि अरुण दुबे ,कवयित्री किरण तिवारी, जवाहरलाल शर्मा निर्झर, जिया उल हक ने अपनी भोजपुरी अवधी कविताओं से दर्शकों का मनोरंजन किया और उन्हें भोजपुरी अवधी भाषा से जोड़ने का प्रयास किया। कवियों ने हास्य,व्यंग, करूण, श्रृंगार एवं वीर रस की कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी भोजपुरी/ अवधी भाषिक महिलाओं एवं पुरूषों ने कवि सम्मेलन का भरपूर लुत्फ उठाया। कवि सम्मेलन का संचालन प्रो. डा. चंद्रभूषण शुक्ला ने किया। इस अवसर पर उपस्थित रहने वाले प्रमुख लोगों में श्याम सुंदर दुबे, नरेश दुबे ,डा. राधेश्याम तिवारी, उद्योगपति धर्मराज दुबे, डा. हृदय नारायण मिश्र, उद्योगपति दिनेश चंद्र उपाध्याय, जयप्रकाश सिंह, नागेंद्र तिवारी, नवल किशोर मिश्रा, दद्दन सिंह, बबलू सिंह,अमित दुबे एवं कई वरिष्ठ पत्रकार आदि इस कार्यक्रम में शामिल रहे।



**उत्तर मध्य रेलवे**

**टेण्डर संख्या :** Dy.CE/GSU/AGC/Tenders **दिनांक** -27.01.2025

**ई-निविदा सूचना**

उप मुख्य इंजीनियर गतिशक्ति, उत्तर मध्य रेलवे, आगरा, द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु E-TENDERING द्वारा खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।

**टेण्डर संख्या:** DYCE-GSU-AGC-2025-01 | **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 1.75 Cr

**कार्य का नाम लोकेशन सहित एवं कार्य पूर्ण करने की अवधि:** भदरौली 'डी' श्रेणी को 'बी' श्रेणी स्टेशन में परिवर्तित करके 41 किलोमीटर लम्बे ब्लॉक सेक्शन ( फतेहाबाद-बाह) के विभाजन के संबंध में पी- वे कार्य

**टेण्डर डालने की अंतिम तिथि व समय:** दिनांक 18.02.2025 को 15:00 बजे तक टेंण्डर डाल सकते हैं।

पूरी जानकारी एवं टेंडर में भाग लेने हेतु इंडियन रेलवे की बेवसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। टेंडर केवल बेव पोर्टल इंडियन रेलवे की बेवसाइट **www.ireps.gov.in** पर डाल सकते हैं। **182/25(DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

Mumbai Railway Vikas Corporation Ltd.

**निविदा हेतु अनुरोध - MRVC/G/101/B**

**(एक लिफाफा ई-प्रोक्योरमेंट निविदा प्रक्रिया)**

मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेट लि., कॉर्पोरेट कार्यालय, दूसरी मंजिल, चर्चगेट स्टेशन भवन, मुंबई-400020 द्वारा, **"पश्चिम रेलवे और मध्य रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर लिफ्टों की खरीद - डिजाइन, विनिर्माण, आपूर्ति, एकाधिक लोडिंग / अनलोडिंग, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग और वारंटी अवधि के दौरान रखरखाव) और मध्य रेलवे के क्वार्टरों और सेवा भवनों में लिफ्टें ।"** हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं । निविदा के विवरण तथा निविदा दस्तावेज ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://www.eprocure.gov.in/eprocure/app पर उपलब्ध हैं । वेबसाइट https://www.eprocure.gov.in/eprocure/app पर परिपूर्ण ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि **06.03.2025,** दोपहर **12.30** बजे तक है । **शुद्धिपत्र, यदि कोई है, केवल वेबसाइट पर ही प्रदर्शित किया जायेगा ।**

**आपूर्ति, स्थापना और प्रवर्तन का कार्य**

**निविदा सूचना संख्या :** GMW-012025-MLG, **दिनांक :** 17-01-2025. निम्नवर्णित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित किया जाता है। **निविदा संख्या :** GMW-012025-MLG; **कार्य का नाम :** पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के एक वर्ष के नि:शुल्क रखरखाव के बाद चार साल की अवधि के लिए रखरखाव सहित ट्रेन सुरक्षात्मक चेतावनी प्रणाली (रक्षक) की आपूर्ति, स्थापना और प्रवर्तन। **अनुमानित निविदा मूल्य :** ₹2,86,40,000/-; **बोली सुरक्षा :** ₹2,93,200/-; निविदा के **बंद** करने की तिथि और समय **03-02-2025** को **15:00** बजे और **खोलने** की **15:15** बजे। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगी।

**महाप्रबंधक (डब्ल्यू), मालीगाँव**

**पूर्वोत्तर सीमा रेल**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# राज्य में दो साल में एक लाख घर तैयार करने की योजना : शिंदे

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार आम नागरिकों को किफायती और अच्छे घर उपलब्ध कराने के लिए पूरी कोशिश कर रही है। इसी उद्देश्य से अगले दो साल में म्हाडा के माध्यम से एक लाख घर तैयार करने की योजना पर काम किया जा रहा है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए जल्द ही नई गृहनिर्माण नीति लागू की जाएगी, ऐसा उपमुख्यमंत्री और गृहनिर्माण मंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा। पुणे, पिंपरी-चिंचवड़, पीएमआरडीए और सोलापुर में 3662 घरों की बिक्री के लिए संगणकीय लॉटरी आयोजित की गई। यह कार्यक्रम एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में संपन्न हुआ। यह लॉटरी ठाणे डीएम कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निकाली गई। इस अवसर पर अजित पवार, उपमुख्यमंत्री और पुणे के पालकमंत्री मौजूद थे।

**म्हाडा पुणे मंडल की 3662 घरों की लॉटरी सफलतापूर्वक पूरी**

### म्हाडा साकार कर रही घर का सपना

शिंदे ने यह भी कहा कि म्हाडा के माध्यम से राज्य के नागरिकों का अपने घर का सपना साकार हो रहा है, जो सरकार के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि पुणे मंडल की इस लॉटरी के लिए 71,642 आवेदन प्राप्त हुए, जिससे साफ है कि लोग म्हाडा की पारदर्शी प्रक्रिया पर भरोसा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लॉटरी के विजेताओं को जल्द से जल्द घर दिए जाएं और पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से पूरी हो।

### चार राज्यों को ग्रोथ हब विकसित करने की योजना

इस अवसर पर श्री शिंदे ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार ने चार राज्यों में ग्रोथ हब विकसित करने की योजना बनाई है, जिनमें से एक मुंबई महानगर क्षेत्र में होगा। इसमें आईटी कंपनियां, उद्योग और सेवा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न संस्थान होंगे, जिससे बड़ी संख्या में नौकरियों का निर्माण होगा। इस पृष्ठभूमि में म्हाडा आठ लाख घर विकसित करने की योजना पर कार्य कर रहा है। इसके अलावा, किफायती किराए के मकान और कामकाजी महिलाओं, विद्यार्थियों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए छात्रावास भी बनाए जाएंगे। श्री शिंदे ने यह भी कहा कि मुंबई में सीमित स्थान को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण-अनुकूल (इको-फ्रेंडली) घरों के निर्माण को प्राथमिकता दी जाएगी।

## मुंबई में पेट्रोल-डीजल वाहनों पर लग सकता प्रतिबंध !

**मुंबई।** मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में वायु प्रदूषण को दूर करने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार ने एक सात सदस्यीय समिति का गठन किया है। यह पैनल पेट्रोल और डीजल वाहनों पर प्रतिबंध लगाने और केवल सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों की अनुमति देने की व्यवहार्यता का पता लगाएगा। समिति का नेतृत्व सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी सुधीर कुमार श्रीवास्तव करेंगे।सरकार के 22 जनवरी के प्रस्ताव के अनुसार, समिति से तीन महीनों के भीतर अपनी सिफारिशें देने की उम्मीद है।

**1.20 करोड़ वाहन पंजीकृत**

महाराष्ट्र परिवहन विभाग के प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर 2024 तक एमएमआर में नौ क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों में लगभग 1.20 करोड़ वाहन पंजीकृत हैं। मुंबई शहर में इन वाहनों में से 50 लाख हैं, जबकि ठाणे और पनवेल क्षेत्रों में क्रमशः 57 लाख और 13 लाख वाहन हैं।

मुंबई महानगर क्षेत्र परिवहन प्राधिकरण की मंजूरी

# टैक्सी और ऑटो रिक्शा किराए में बढ़ोतरी

■ एक फरवरी से लागू होगा नया किराया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**मुंबई।** मुंबई महानगर क्षेत्र परिवहन प्राधिकरण की 26 सितंबर 2022 को हुई बैठक में काली-पीली मीटर टैक्सी (सीएनजी) और ऑटोरिक्शा (सीएनजी) किराए में सुधार का निर्णय लिया गया था। इसके बाद वाहन की औसत कीमत, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक और वाहन ऋण की ब्याज दर में वृद्धि के कारण, प्राधिकरण ने काली-पीली मीटर टैक्सी (सीएनजी) और ऑटोरिक्शा के किराए में बढ़ोतरी को राज्य परिवहन विभाग की 23 जनवरी को हुई बैठक में मंजूरी दी। यह किराया संशोधन मुंबई महानगर क्षेत्र परिवहन प्राधिकरण के क्षेत्र में सभी काली-पीली मीटर टैक्सी (सीएनजी) और ऑटोरिक्शा (सीएनजी) पर लागू होगा। किराया संशोधन 1 फरवरी से लागू किया जाएगा। वे टैक्सी और ऑटोरिक्शा जो संशोधित किराए के अनुसार किराया मीटर का पुनःकैलिब्रेशन कराएंगे, उन्हीं को यह बढ़ा हुआ किराया लागू होगा। किराया मीटर का पुनःकैलिब्रेशन 1 फरवरी से 30 अप्रेल के बीच कराना आवश्यक होगा। (पुनःकैलिब्रेशन होने तक संशोधित अधिकृत टैरिफ कार्ड 30 अप्रेल तक ही मान्य रहेगा।)। मोटर वाहन अधिनियम के तहत बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट (बेस्ट) के 1,850 बसों के छह चरणों के यात्री परिवहन परमिट के नवीनीकरण को प्राधिकरण ने मंजूरी दी है। मुंबई महानगर क्षेत्र प्राधिकरण के अंतर्गत यात्रियों की सुविधा और "लास्ट माइल कनेक्टिविटी" को ध्यान में रखते हुए, प्राधिकरण ने 2 नए काली-पीली मीटर टैक्सी स्टैंड, 68 ऑटोरिक्शा स्टैंड और 9 शेयर्ड ऑटोरिक्शा स्टैंड बनाने की मंजूरी दी है।

### संशोधित दरें

■ काली-पीली मीटर टैक्सी (सीएनजी) का प्रति किमी किराया 18.66 रुपए से बढ़ाकर 20.66 रुपए किया गया है। अब काली-पीली मीटर टैक्सी (सीएनजी) के लिए न्यूनतम देय प्रति 1.5 किमी किराया 28 रुपए से बढ़ाकर 31 रुपए कर दिया गया है। कूल कैब का प्रति किमी किराया 26.71 रुपए से बढ़ाकर 37.2 रुपए (20% वृद्धि के अनुसार) किया गया। अब कूल कैब के लिए न्यूनतम देय प्रति 1.5 किमी किराया 40 रुपए से बढ़ाकर 48 रुपए (20% वृद्धि के अनुसार) कर दिया गया है। ऑटोरिक्शा (सीएनजी) का प्रति किमी किराया 15.33 रुपए से बढ़ाकर 17.14 रुपए किया गया है। अब ऑटोरिक्शा (सीएनजी) के लिए न्यूनतम देय प्रति 1.5 किमी किराया 23 रुपए से बढ़ाकर 26 रुपए कर दिया गया है।

# आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विकास को करें प्रयास : गोर्हे

**सरकार ने की 'परशुराम आर्थिक विकास महामंडल' की स्थापना**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** सरकार ने ब्राह्मण समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विकास के लिए 'परशुराम आर्थिक विकास महामंडल' की स्थापना की है। इस महामंडल के माध्यम से समाज के विकास के लिए प्रयास किए जाने चाहिए। महाराष्ट्र अनुसंधान, उन्नति एवं प्रशिक्षण प्रबोधिनी (अमृत) और परशुराम आर्थिक विकास महामंडल को महिला लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करने चाहिए, ऐसा निर्देश विधानपरिषद की उपसभापति डा. नीलम गोर्हे ने दिया। विधानभवन में ब्राह्मण समाज के लंबित मुद्दों और समस्याओं पर समीक्षा बैठक हुई। बैठक में



परशुराम आर्थिक विकास महामंडल के अध्यक्ष कैप्टन आशिष दामले, माधव भंडारी, वित्त विभाग के अवर सचिव गजानन कातकाडे, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सह-निदेशक रुपेश राउत, सामाजिक न्याय एवं विशेष सहायता विभाग की उप सचिव वर्षा देशमुख, महाराष्ट्र अनुसंधान, उन्नति एवं प्रशिक्षण प्रबोधिनी (अमृत) की निबंधक डॉ. प्रिया देशपांडे, कौशल विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल सोनवणे, ब्राह्मण सभा के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### कम आय वाले ब्राह्मण समाज को मिले सरकारी लाभ

उपसभापति डा. नीलम गोर्हे ने कहा कि ब्राह्मण समाज सामान्य वर्ग में आता है, लेकिन इस समाज के कुछ परिवार आर्थिक आय वर्ग के मानदंडों में आते हैं। इसलिए कम आय वाले ब्राह्मण समाज के घटकों को सरकारी लाभ प्राप्त कराने के प्रयास किए जाने चाहिए। महाराष्ट्र अनुसंधान, उन्नति एवं प्रशिक्षण प्रबोधिनी (अमृत) और परशुराम आर्थिक विकास महामंडल को ब्राह्मण समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को लाभ दिलाने के लिए प्रयास करना चाहिए। वेद पाठशालाओं को सशक्त करने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए। साथ ही, संत विश्वविद्यालय और वैदिक पाठशालाओं के एकीकरण के माध्यम से प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग को इस विषय पर अध्ययन रिपोर्ट प्रस्तुत करनी चाहिए, ऐसा निर्देश भी डा. गोर्हे ने दिया।

## विशेष न्यायाधिकरण स्थापित करने पर सकारात्मक रुख : श्रम मंत्री

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। फिल्म उद्योग में काम करने वाले कलाकारों, सह-कलाकारों, नायकों और सह-नायकों पर हो रहे अन्याय को दूर करने के लिए विशेष न्यायाधिकरण स्थापित करने के संबंध में विधि और न्याय विभाग से चर्चा करने के निर्देश श्रम मंत्री आकाश फुंडकर ने दिए हैं। फिल्म क्षेत्र में छोटे भूमिकाओं वाले कलाकारों पर हो रहे अन्याय के मुद्दे को लेकर सिने टी.वी. एसोसिएशन के पदाधिकारियों मनोज जोशी, जॉनी लीवर, बिंदू दारा सिंह, संजय पांडे और उपासना सिंह ने मंत्रालय में श्रम मंत्री फुंडकर से मुलाकात की। इस अवसर पर श्रम विभाग के उपसचिव स्वप्नील कापडनीस और उपसचिव दीपक पोकले भी उपस्थित थे। श्रम मंत्री फुंडकर ने कहा कि छोटे भूमिकाओं वाले कलाकारों पर किसी भी प्रकार का अन्याय सहन नहीं किया जाएगा। यदि कलाकारों पर ठेकेदार या निर्माताओं द्वारा अन्याय किए जाने की शिकायतें प्राप्त होती हैं, तो संबंधितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, इन कलाकारों को समय पर वेतन प्राप्त हो, इसके लिए एक नियमावली तैयार की जाएगी और इसे जल्द ही केंद्रीय श्रम मंत्रालय को भेजा जाएगा, ऐसा श्रम मंत्री फुंडकर ने बताया।

महाराष्ट्र ट्रैफिक पुलिस : सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान

# रायन इंटरनेशनल स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**मुंबई।** विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से महाराष्ट्र ट्रैफिक पुलिस द्वारा एक विशेष अभियान के अंतर्गत रायन इंटरनेशनल स्कूल, चेम्बूर में एक अनूठा प्रेरक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों और प्रोटोकॉल के बारे में शिक्षित करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें रायन इंटरनेशनल स्कूल के विभिन्न विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन प्रतियोगिताओं में भाषण, निबंध लेखन, चित्रकला और नारा लेखन स्पर्धा मुख्य रूप से शामिल रहीं, जिनमें विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता एवं सड़क सुरक्षा के बारे में समझ को अपनी प्रविष्टियों के माध्यम से प्रदर्शित किया। इस कार्यक्रम ने भविष्य की पीढ़ी के सड़क उपयोगकर्ताओं में ज़िम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे सभी के लिए एक सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।





■ महाराष्ट्र ट्रैफिक पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी रायन इंटरनेशनल स्कूल के विजेता विद्यार्थी को पुरस्कार प्रदान करते। **दूसरे चित्र में** अपने पुरस्कारों के साथ विभिन्न विजेता विद्यार्थी।

### दैनिक जीवन में सड़क सुरक्षा का महत्व

इन विद्यार्थियों की भागीदारी और उत्कृष्ट प्रदर्शन ने न केवल उनकी अभिरुचि एवं समर्पण को दर्शाया, बल्कि दैनिक जीवन में सड़क सुरक्षा के महत्व को भी बखूबी प्रतिपादित किया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि महाराष्ट्र ट्रैफिक पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा के बारे में छात्रों को शिक्षित करने के प्रयास काफ़ी उल्लेखनीय हैं।

### विजेताओं के नाम

सिराज गुप्ता (कक्षा 8 सी) को भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, अखिल कोचरी (कक्षा 8 ए) को निबंध लेखन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान, शरिसा डी'लिमा (कक्षा 7 बी) को निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रशंसा पुरस्कार, अमाया गुप्ता (कक्षा 7 बी) को निबंध लेखन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान तथा सुष्मिता दासगुप्ता (कक्षा 8 सी) को निबंध लेखन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

# रहेजा कॉलेज का पहला 'ई-समिट 2025'

■ संपदा अल्मेडा के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित
■ ई-समिट का विषय "इन्स्पायरिंग इनोवेशन्स, टुगेदर"

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**मुंबई।** मुंबई के सांताक्रूज़ में स्थित एस.ई.एस. के एल. एस. रहेजा कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स, के उद्यमिता सेल (ई-सेल) ने अपने प्रांगण में "इन्स्पायरिंग इनोवेशन्स, टुगेदर" विषय के साथ अपना पहला उद्यमशीलता सम्मेलन - "ई-समिट 2025" आयोजित किया। श्रीमती संपदा अल्मेडा के मार्गदर्शन में आयोजित यह कार्यक्रम, उद्यमशीलता की भावना को बढ़ावा देने के लिए कॉलेज की प्रतिबद्धता में एक मील का पत्थर है, जिसका उद्घाटन प्राचार्य डॉ देबाजीत एन सरकार, श्रीमती सुवर्णा रायकर (ई-सेल संयोजक) और प्रसिद्ध शेअर बाजार विशेषज्ञ श्रीमती दीना मेहता ने किया। महत्वाकांक्षी उद्यमियों, पेशेवर उद्यमियों और प्रतिष्ठित संस्थानों के छात्रों को एक साथ लाकर, "ई-समिट 2025" ने सीखने, नेटवर्क बनाने और व्यावसायिक विशेषज्ञता दिखाने के लिए एक आकर्षक मंच प्रदान किया। इस कार्यक्रम की सफलता का श्रेय श्रीमती सुवर्णा रायकर और श्रीमती संपदा अल्मेडा के कुशल मार्गदर्शन में गठित ई-सेल टीम के समर्पण को दिया गया। इस उद्यमशीलता सम्मेलन में शामिल संवाद सत्रों में - शार्क टैंक पिच प्रतियोगिता; मॉडल यूनाइटेड नेशन्स (एमयूएन); और पैनल चर्चाएं, जिनमें छात्रों को प्रेरित करने और चुनौती देने के लिए डिज़ाइन किए गए विभिन्न सत्र शामिल थे।

### सपना देखो-हिम्मत करो-हम तुम्हारे साथ हैं

ई-समिट 2025 की भारी सफलता ने एसईएस के एलएस रहेजा कॉलेज के उद्यमिता सेल (ई-सेल) की भविष्य की योजनाओं के लिए एक मजबूत नींव रखी है। नई-नई योजनाएं और नेतृत्व को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता का समर्थन करते हुए, ई-सेल अपने शक्तिशाली आदर्श वाक्य के साथ छात्रों को प्रेरित करना जारी रखता है: 'सपना देखो. हिम्मत करो-हम तुम्हारे साथ हैं'।

## दिनेश वाघमारे ने संभाला राज्य निर्वाचन आयुक्त का कार्यभार



**मुंबई।** राज्य के पूर्व अपर मुख्य सचिव दिनेश वाघमारे ने राज्य निर्वाचन आयुक्त का कार्यभार ग्रहण किया। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव सुरेश काकाणी ने उनका स्वागत किया। राज्यपाल ने वाघमारे को पांच वर्षों के लिए राज्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में नियुक्त किया है। इस संबंध में अधिसूचना 20 जनवरी को जारी की गई थी। उन्होंने राज्य के सातवें राज्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में कार्यभार संभाला। वाघमारे को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए स्कॉच अवॉर्ड, नवभारत गवर्नेंस अवॉर्ड, सीएसआर इंडिया 2021 अवॉर्ड, पीएसयू अवॉर्ड फॉर डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एवं अन्य पुरस्कार प्राप्त कर चुके है।

# फरवरी में होंगे कई कार्यक्रम : पाटील

**छह हजार महाविद्यालयों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**मुंबई।** भारतीय संविधान के 75वें ऐतिहासिक वर्ष के अवसर पर, राज्य के छह हजार से अधिक महाविद्यालयों में फरवरी 2025 के पूरे महीने "संविधान गौरव महोत्सव" के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी उच्च और तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटील ने दी। भारतीय संविधान ने भारत को एक संप्रभु, लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में स्थापित किया। भारतीय इतिहास के इस ऐतिहासिक परिवर्तनकारी क्षण को सम्मानित करने के लिए फरवरी 2025 के पूरे महीने "संविधान गौरव महोत्सव" मनाया जाएगा। इस महोत्सव का उद्देश्य संविधान में निहित मूलभूत मूल्यों का पुनः स्मरण करना और नागरिकों को उनके संवैधानिक अधिकारों और कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित करना है। यह अवसर हमारे सभी नागरिकों और विश्व भर के लोकतंत्र-प्रेमी लोगों के लिए गर्व का क्षण है। यह लोकतंत्र का उत्सव है, जिसे बड़े गर्व के साथ मनाने का अवसर है, ऐसा मंत्री श्री पाटील ने कहा।

### संविधान गौरव महोत्सव के विविध उपक्रम :

- संविधान के 75 वर्षों के उपलक्ष्य में, राज्य के सभी गैर-कृषि विश्वविद्यालयों में विशेषज्ञों के व्याख्यान का आयोजन।
- "भारतीय संविधान की पहचान" विषय पर निबंध प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर/भित्तिचित्र प्रतियोगिताएं, संगोष्ठियां, कार्यशालाएं और सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे।
- महाविद्यालयों में संविधान के अध्ययन से जुड़े विशेषज्ञों और विषयज्ञों को आमंत्रित कर व्याख्यान आयोजित करना।
- राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में संविधान को आम नागरिकों तक पहुंचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाना। राज्य के सभी सार्वजनिक पुस्तकालयों में संविधान पर व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे।


## शोक संदेश



स्व. श्री विपुल पुरी

शोकाकुल पुरी परिवार



स्व. लकमाजी नगाजी प्रजापति

(स्वर्गवास : 26-01-2025)

शोक सभा : 31-01-2025 (शुक्रवार)

शोकाकुल लकमाजी परिवार



स्व. चमनी देवी

(स्वर्गवास : 19-01-2025)

शोक सभा : 30-01-2025 (गुरूवार)

शोकाकुल परिवार


वसई विरार शहर मनपा का स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2.0

# मनपा आयुक्त ने विजेताओं को किया सम्मानित

**विरार।** स्वच्छ भारत अभियान 2.0 और स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत वसई विरार शहर महानगरपालिका द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा की गई है। मंगलवार को आयोजित एक समारोह में आयुक्त अनिल कुमार पवार द्वारा विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के अंतर्गत स्वच्छ महाराष्ट्र अभियान और स्वच्छ वसई विरार अभियान को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने के लिए वसई विरार शहर महानगरपालिका द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें स्वच्छता चैंपियन लघु फिल्म, नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग, स्वच्छ अभिनव प्रौद्योगिकी आदि जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं शामिल थीं। इस प्रतियोगिता का नारा था "मैं स्वच्छ अभियान में भाग लूंगा,मैं अपने शहर को स्वच्छ रखूंगा"।





### वर्तक कॉलेज के रजनी सभागृह में आयोजित समारोह

विजेताओं का पुरस्कार वितरण समारोह मंगलवार को वसई के वर्तक कॉलेज के रजनी सभागृह में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मनपा आयुक्त अनिल कुमार पवार, अतिरिक्त आयुक्त संजय हेरवाड़े, उपायुक्त नानासाहेब कामठे,सहायक आयुक्त सुकदेव दरवेशी, सहायक आयुक्त विश्वनाथ तलेकर, कार्यकारी अभियंता प्रदीप पाचंगे, शिवसेना के विनायक निकम, पूर्व परिवहन सभापति भरत गुप्ता, अधिवक्ता पवनी यादव, शिवसेना नेता सुदेश चौधरी, भाजपा के शेखर धुरी, उत्तम कुमार, कॉलेज के प्राचार्य अरविंद उबाले, मुंबई विवि के पूर्व रजिस्ट्रार दिनेश कांबले मौजूद थे।

### एनपी शाह स्कूल को प्रथम स्थान

स्कूली नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में विरार के एनपी शाह स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अंतर महाविद्यालय नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में विरार के विवा कॉलेज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लघु फिल्म प्रतियोगिता में शाम राउत ने प्रथम, भक्ति साल्वी ने द्वितीय और भारत शिरसाट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में गणेश सालियान (प्रथम), अक्षय वहालकर (द्वितीय) और सूरज तांडेल (तृतीय) विजेता रहे। दीवार चित्रकला प्रतियोगिता में दशरथ वरनकर (प्रथम), आदित्य कांबले (द्वितीय) और प्रथमेश झवेरी (तृतीय) विजेता रहे।


## श्री बाबा रामदेव पीरजी भजन सत्संग



मेघवाल समाज बंधुओं को आमंत्रित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री बाबा रामदेव पीर का भजन सत्संग कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाएगा।

**तिथि**

30.01.2025 माघ सुदी बीज दिन : शुक्रवार

समय : सुबह 8 बजे से । रात्रि 10 बजे तक

**स्थल**

लोकमान्य तिलक महानगर पालिका हॉल, सरस्वती नगर, नवघर रोड, गुरुद्वारा के पास, भायंदर (पूर्व) जिला ठाणे - 401105

**निमंत्रक**

श्री बाबा रामदेव पीर ट्रस्ट, मुंबई एवं समस्त मेघवाल समाज

**भजन कलाकार**

किशोरजी पालीवाल
शीतल वैष्णव
मुकेश चौहान

**संपर्क**

9820201902 9892087051 9867486724 9892127530 9702526551
9869182541 9320003354 9321908082 9921725774 9769304644
7448294795 8097788778

**विज्ञापन सौजन्य**

श्री राजेशजी आशारामजी राणावत विठुडा, पिरान (विरार)

नोट : सभी समाजबंधु जन इसी को आमंत्रण पत्रिका समझकर भजन संध्या में पधारें।


## विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशनार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर-9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।


# कलेक्टर टीना डाबी से हेलीकॉप्टर की डिमांड

- फरियादी बोला-घर आने-जाने का रास्ता नहीं

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** बाड़मेर जिला कलेक्टर टीना डाबी की रात्रि चौपाल में अजीबो-गरीब एक फरियादी पहुंचा। खुद के घर जाने के लिए रास्ता नहीं होने पर मैडम से हेलिकॉप्टर की व्यवस्था करवाने की मांग कर दी। बोला घर जाने के लिए कोई रास्ता नहीं है। एक रास्ता जो बंद कर दिया गया, अब या तो रास्ता खुलावा दे वरना हेलिकॉप्टर की व्यवस्था कर दीजिए। इस दौरान एसडीएम बद्रीनारायण विश्नोई ने पूछा कि इससे पहले हमारे पास कोई नहीं आए। तब पीड़ित बोला मैं कई बार आपके पास और राजस्व अधिकारियों के पास भी गया, लेकिन समाधान नहीं हुआ।





### कलेक्टर के आश्वासन बाद माना फरियादी

कलेक्टर टीना डाबी मंगलवार को रात्रि चौपाल के लिए सेड़वा पहुंची। वहां पर लोगों की परिवेदनाएं सुनी। कलेक्टर ने भी पीड़ित को समझाया कि आपकी समस्या का हल कर दिया जाएगा। इसके बाद पीड़ित माना और वहां से आगे बढ़ा।

### सेड़वा में टीना डाबी ने सुनीं जनसमस्याएं

दरअसल, जिला कलेक्टर टीना डाबी की सेड़वा उपखंड मुख्यालय पर रात्रि चौपाल चल रही थी। कलेक्टर परिवादियों की परिवेदनाएं सुना रही थीं। इस दौरान बाधा जोरापुरा गांव निवासी मांगीलाल पुत्र हुकमाराम परिवाद लेकर पहुंचा। उसमें हेलिकॉप्टर की व्यवस्था करवाने को लेकर लिखा हुआ था। उसमें लिखा कि मेरे घर पर आने-जाने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। मेरी फसलें खेत में पड़ी है। उसको वहां से कहीं ले जा नहीं सकता, घर में अगर कोई बीमार हो जाता है तो उनको गाड़ी में नहीं ले जा सकते है उसको चारपाई पर उठाकर ले जाना पड़ता है।

### 'रास्ते में पीटीआई ने लगा दी फसल'

पीड़ित ने आरोप लगाया है कि प्राइमरी स्कूल फुलासर से खंगारोंणी डइयालों की ढाणी तक पैमाइश के समय से रास्ता कटान है। मैंने एसडीएम को खुलवाने के लिए प्रार्थना-पत्र पेश किया था। तब पुलिस की मदद से रास्ता खुलवाया गया था, लेकिन रास्ते पर टीचर खेराजराम पुत्र कानाराम पीटीआई ने अतिक्रमण कर लिया है, तथा रास्ते की भूमि पर जीरा की फसल लगा दी। एसडीएम बद्रीनारायण विश्नोई ने कहा कि इस पूरे मामले की जांच करेंगे। साथ ही शिक्षा विभाग को पीटीआई को पाबंद करने के निर्देश दिए है। सात-आठ दिन में रास्ता खुलवाने का पीड़ित को आश्वासन दिया।

### '50 साल से बना हुआ घर'

फरियादी मांगीलाल ने बताया- मेरे जन्म से पहले से हमारा घर बना हुआ है। करीब-करीब 50 साल हो गए है। मेरा घर भारत माला हाईवे (सेड़वा से बाखासर) से आधा किलोमीटर दूर है। कटान रास्ता है। जिसको तीन साल से यूज कर रहे थे। लेकिन चार-पांच माह पहले पीटीआई ने बंद कर दिया।

भणियाणा पुलिस की मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई

# तीन माह से फरार तस्कर गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोखरण।** पोकरण के भणियाणा में पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पहले मामले में भणियाणा पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में तीन महीने से फरार चल रहे आरोपी अनवर खां (44) को गिरफ्तार किया। अनवर नई भीखोडाई का रहने वाला है। दूसरे मामले में पुलिस ने ऑपरेशन मद मर्दन के तहत कार्रवाई करते हुए झाबरा निवासी डूंगरसिंह को 715 ग्राम अवैध डोडा पोस्त के साथ गिरफ्तार किया। भणियाणा थानाधिकारी देवाराम के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर यह कार्रवाई की गई। पुलिस की यह कार्रवाई क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान का हिस्सा है।



# अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करते एक आरोपी गिरफ्तार

## ▶▶ 8 .3 किलो डोडा-पोस्त और 615 ग्राम अफीम जब्त

- खरीद-फरोख्त को लेकर पूछताछ जारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले की सेड़वा पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से आठ किलो 348 ग्राम अवैध डोडा-पोस्त और 615 ग्राम निर्मित अफीम जब्त की है। फिलहाल पुलिस आरोपी मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त को लेकर पूछताछ की जा रही है।

पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि खारा डोर आगोला में अवैध मादक पदार्थ लेकर एक युवक घूम रहा है। इस पर पुलिस टीम ने गांव में दबिश दी। एक युवक प्लास्टिक के कट्टे लेकर जा रहा था। इस पर पुलिस टीम ने संदिग्ध को रुकवाकर पूछताछ की गई। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर युवक की तलाशी ली गई।



प्लास्टिक कट्टे में अवैध डोडा-पोस्त और निर्मित अफीम मिला। इस पर मादक पदार्थ को जब्त कर आरोपी को डिटेन किया। पकड़कर थाने लेकर आए। एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया- आरोपी जुंझाराम पुत्र भोगाराम निवासी खारा डेर, आगोला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी को गिरफ्तार किया। आठ किलो 348 ग्राम अवैध डोडा-पोस्त और 615 ग्राम निर्मित अफीम जब्त किया। फिलहाल पुलिस आरोपी से मादक पदार्थ कहां से लेकर आया और किसको सप्लाई करने वाला था इसको लेकर पूछताछ कर रही है। कार्रवाई में थानाधिकारी दीपसिंह, कॉन्स्टेबल गंगाराम, पुखराज, देरामाराम, मोहनलाल, महिला कॉन्स्टेबल उरमा, भोजाराम, प्रेमसुख शामिल रहे।

# आमेट में मेधावी छात्रों को मिला सम्मान

▶▶ टॉपर को 21 हजार रुपए का पुरस्कार
▶▶ भामाशाह की शिक्षा खर्च उठाने की घोषणा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आमेट।** आमेट के श्रीमती रतन कुंवर विजय सिंह राव राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आईडाणा में आयोजित विशेष प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य महावीर प्रसाद बघेरवाल ने की, जबकि भामाशाह नारायण सिंह राव मुख्य अतिथि रहे। 12वीं बोर्ड परीक्षा 2024 में सर्वोच्च 93.4% अंक प्राप्त करने वाले कुलदीप सिंह चौहान को 21,000 रुपए का पुरस्कार दिया गया। 80% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले आठ अन्य छात्रों को 11,000 रुपए प्रति छात्र की राशि प्रदान की गई। दसवीं कक्षा की छात्रा रेखा बैरागी को 82.67% अंक प्राप्त करने पर 11,000 रुपए का पुरस्कार मिला। राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले पांच खिलाड़ियों को मोमेंटो और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। भामाशाह ने जरूरतमंद विद्यार्थियों की शिक्षा का खर्च वहन करने और करियर काउंसलिंग की सुविधा प्रदान करने की घोषणा की। प्रधानाचार्य ने छात्रों को राष्ट्र की उन्नति में योगदान देने के लिए प्रेरित किया और भामाशाहों का आभार व्यक्त किया।



# सरहद पर बीएसएफ का ऑपरेशन सर्द हवा

## ▶▶ हाई अलर्ट के बीच बॉर्डर पर चौकस निगाहें

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जैसलमेर।** सरहद पर बीएसएफ के ऑपरेशन सर्द हवा का आज अंतिम दिन। भारत-पाकिस्तान सीमा पर तैनात बीएसएफ का सरहद पर हाई अलर्ट जारी है। बीएसएफ द्वारा 22 जनवरी से शुरू हुआ ऑपरेशन अलर्ट का बुधवार को अंतिम दिन है। अंतिम दिन भी सीमा सुरक्षा बल के जवान और अधिकारी सरहद पर आधुनिक हथियारों के साथ चौकस निगाहों के साथ तैनात है, और सरहद की रक्षा कर रहे हैं। दरअसल, गणतंत्र दिवस को लेकर बीएसएफ द्वारा सरहद पर ऑपरेशन सर्द हवा शुरू किया था। ऑपरेशन सर्द हवा के तहत बॉर्डर पर 24 घंटे पैनी नजर रखी जा रही है। तारबंदी के नजदीक जवानों के साथ उनका हौसला अफजाई करने के लिए अधिकारी भी तैनात है और कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

### घुसपैठ रोकने को लेकर अभियान

ऑपरेशन सर्द हवा के दौरान सीमा पर बीएसएफ की इंटेलीजेंसी विंग भी सक्रिय हो चुकी है। अन्य खुफिया एजेंसियों से भी बीएसएफ का तालमेल रहता है और हर एक संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी जाती है। ऑपरेशन सर्द हवा के तहत तारबंदी के आसपास नफरी को बढ़ाया गया है। धुंध और कोहरे का फायदा उठाकर सीमा पार से किसी भी तरह की घुसपैठ, तस्करी और नापाक हरकत रोकने के लिए जवान और अधिकारी चौकस है। बीएसएफ अपनी रूटीन एक्सरसाइज के दौरान गर्मी के मौसम में ऑपरेशन गर्म हवा और सर्दी के मौसम में ऑपरेशन सर्द हवा चलाती है। हर साल यह अभियान चलता है और इस दौरान सीमा पर कड़ी निगरानी रखी जाती है।



### सरहद पर 24 घंटे निगरानी

गौरतलब है कि इन दिनों सीमावर्ती इलाकों में सर्दी का अत्यधिक असर देखने को मिलता है। सर्दी के मौसम में देर रात से सुबह तक धुंध भी छा जाती है। इस धुंध का फायदा उठाकर कोई घुसपैठ न हो, इसके लिए बीएसएफ की ओर से ऑपरेशन सर्द हवा के तहत सजग रहते हुए कड़ी निगरानी की जा रही है। आधुनिक हथियारों के साथ बीएसएफ के अधिकारी व जवान पहरा दे रहे हैं। सर्दी से बचाव के लिए भी जवानों के पास पुख्ता प्रबंध है। सीमा क्षेत्र में तारबंदी के निकट बीएसएफ के अधिकारी वाहनों के माध्यम से लगातार पेट्रोलिंग कर रहे हैं। इस दौरान कैमल पेट्रोलिंग भी बढ़ा दी गई है। आम दिनों में होने वाली पेट्रोलिंग व गश्त से अधिक ऑपरेशन सर्द हवा में यह प्रक्रिया की जाती है। इसके अलावा खुर्रा चैकिंग भी इस दौरान तेज कर दी गई है।

# जैसलमेर में सात साल का टूटा रिकॉर्ड

▶▶ जनवरी में पारा पहुंचा 30 डिग्री पार
▶▶ फसलों को नुकसान का डर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जैसलमेर।** जैसलमेर जिले में मौसम के अलग-अलग रूप देखने को मिल रहे हैं। दिन में गर्मी का असर दिख रहा है तो वहीं रात में सर्दी का असर है। पिछले पांच दिनों से अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। सात साल बाद जनवरी में अधिकतम तापमान 30 डिग्री के पार पहुंचा है। इससे पहले 31 जनवरी 2018 को सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री दर्ज हुआ था। वहीं 3 जनवरी 2016 को 30.5 डिग्री दर्ज हुआ था।

### 34 दिन बार फिर पारा 30 डिग्री पहुंचा

गौरतलब है कि जिले में 2018 के बाद पहली बार जनवरी महीने में पारा 30 डिग्री के पार गया है। दिन में गर्मी का असर होने से फसलों को भी नुकसान होने की आशंका है। कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि गेहूं, सरसों व चना की फसल में सिंचाई नहीं की तो फसल को नुकसान हो सकता है। पिछले दो दिसंबर को भी अधिकतम तापमान 30 डिग्री के पार था। करीब 34 दिन बाद फिर से पारा 30 डिग्री पर गया है। जिससे दिन में लोगों ने जैकेट व स्वेटर उतारने पड़े।

### दिन व रात के पारे में 21 डिग्री का अंतर

दिन व रात के पारे में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। पांच दिनों में अधिकतम तापमान सात डिग्री तक बढ़ चुका है। मंगलवार को दिन के पारे में तीन डिग्री व रात के पारे में एक डिग्री की बढ़ोतरी हुई। अधिकतम तापमान 30.2 डिग्री व न्यूनतम तापमान नौ डिग्री दर्ज किया गया। दिन व रात के पारे में 21 डिग्री का अंतर रहा। मौसम विभाग ने आगामी चार दिनों के लिए पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने की संभावना जताई है। कृषि मौसम वैज्ञानिक अतुल गालव ने बताया कि एक फरवरी तक जिले में मौसम शुष्क रहेगा। इस दौरान शीतलहर, कोहरा व बारिश की कोई संभावना नहीं है।

## मुंबई मेटल मार्केट

| मेटल | आज का भाव | पूर्व बंद |
|---|---|---|
| कॉपर वायर बार | 828 | 832 |
| एल्युमिनियम इन्गॉट | 253 | 256 |
| जिंक स्लैब | 266 | 270 |
| लीड इन्गॉट | 180 | 180 |
| टिन स्लैब | 2639 | 2635 |
| निकल | 1358 | 1372 |
| मेटल स्क्रैप | आज का भाव | पूर्व बंद |
| सभी दरें रुपए प्रति किलो में है। | | |
| कॉपर केबल स्क्रेप | 796 | 799 |
| कॉपर हैवी स्क्रेप | 787 | 789 |
| कॉपर आर्मेचर | 777 | 780 |
| कॉपर यूटेंसिल्स | 731 | 732 |
| कॉपर सीट | - | - |
| ब्रास यूटेंसिल्स | 528 | 528 |
| ब्रास सीट कटिंग्स | 570 | 571 |
| एल्युमिनियम | 198 | 198 |


लंदन मेटल मार्केट
तिमाही फ्यूचर भाव (प्रति टन डालर में)

| धातु | आज का भाव | स्टॉक (टन में) वृध्दि+/कमी- |
|---|---|---|
| कॉपर | 8,913 | -200 |
| टिन | 29850 | -75 |
| लीड | 1933 | -850 |
| जिंक | 2737 | -2300 |
| एल्युमिनियम | 2614 | -2500 |
| निकल | 15280 | -798 |

# व्यापार जगत

# आईटीडी सीमेंटेशन में बहुलांश हिस्सेदारी हासिल

## ▶▶ अदाणी समूह को सीसीआई की मंजूरी



**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने मंगलवार को अदाणी समूह की इकाई रिन्यू एक्जिम डीएमसीसी के आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया में करीब 5,757 करोड़ रुपए में बहुलांश हिस्सेदारी खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया लिमिटेड एक इंजीनियरिंग और निर्माण कंपनी है जो भारी सिविल, बुनियादी ढांचे और इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) व्यवसाय करती है। भारत और विदेशों में परिचालन करती है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने एक विज्ञप्ति में कहा, "प्रस्तावित सौदे में रिन्यू एक्जिम डीएमसीसी (अधिग्रहणकर्ता) की ओर से आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया लिमिटेड की कुल जारी और वोटिंग इक्विटी शेयर पूंजी के लगभग 46.64 प्रतिशत (8,01,13,180 शेयरों के बराबर) का अधिग्रहण शामिल है।" रिन्यू एक्जिम डीएमसीसी दुबई, संयुक्त अरब अमीरात में रजिस्टर्ड है, और अदाणी समूह से जुड़ी है। यह एक होल्डिंग कंपनी है जो वाणिज्यिक उद्यमों और निवेश प्रबंधन के व्यवसाय में लगी हुई है और भारत में इसका कोई संचालन नहीं है। नियामक ने कहा कि सेबी के एसएएसटी (शेयरों का पर्याप्त अधिग्रहण और अधिग्रहण) विनियमों के अनुसार, रिन्यू एक्जिम डीएमसीसी ने 4,46,64,772 पूर्ण चुकता इक्विटी शेयरों के अधिग्रहण के लिए एक खुली पेशकश शुरू की है, जिनका अंकित मूल्य एक रुपए प्रति है, जो आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया की वोटिंग शेयर पूंजी का लगभग 26 प्रतिशत है। कुल मिलाकर, रिन्यू एक्जिम डीएमसीसी आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया में 72.64 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। अक्तूबर 2024 में, रिन्यू एक्जिम डीएमसीसी ने घोषणा की है कि उसने आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया में अपने प्रमोटरों से 3,204 करोड़ रुपए में 46.64 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए एक समझौता किया है। इस अधिग्रहण के साथ रिन्यू एक्जिम की ओर से एक खुली पेशकश भी की गई है। इसके तहत कहा गया कि यदि पूर्ण अभिदान प्राप्त हो तो वह सार्वजनिक शेयरधारकों से 2,553 करोड़ रुपए में एक इंजीनियरिंग और निर्माण फर्म में अतिरिक्त 26 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीद सकती है। अदाणी समूह ने कई अधिग्रहणों के जरिए अपने सीमेंट कारोबार का तेजी से विस्तार किया है। 2022 में इसने होलसिम की भारतीय संपत्तियों का अधिग्रहण किया, जिससे यह समूह देश का दूसरा सबसे बड़ा सीमेंट उत्पादक बन गया। जून 2024 में, अदाणी समूह ने 10,422 करोड़ रुपए के उद्यम मूल्य पर हैदराबाद स्थित पेन्ना सीमेंट के अधिग्रहण की घोषणा की। इसके बाद, देश की दूसरी सबसे बड़ी सीमेंट निर्माता कंपनी ने अक्टूबर में एलान किया कि वह अपने विस्तार अभियान के तहत सीके बिड़ला समूह की कंपनी ओरिएंट सीमेंट का 8,100 करोड़ रुपए के मूल्यांकन पर अधिग्रहण करेगी। सीमेंट में उद्योग में अदाणी समूह की अरबपति कुमार मंगलम बिड़ला के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा हो गई है, जिनकी अल्ट्राटेक सीमेंट 150 मिलियन टन से अधिक की वार्षिक उत्पादन क्षमता के साथ बाजार में सबसे आगे आगे है।


# ओला-उबर के बाद अब रडार पर जेप्टो

## एंड्रॉइड और आईफोन पर एक ही चीज की अलग-अलग कीमत

**नई दिल्ली।** तेजी से मशहूर हो रहा क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म जेप्टो इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। दरअसल, एक यूजर ने फोन के ऑपरेटिंग सिस्टम के आधार पर एक ही चीज के लिए दो अलग-अलग कीमतें वसूलने का दावा किया है। मामला बेंगलुरु का है। यहां रहने वाली हार्स पावर की को-फाउंडर विनीता सिंह ने लिंक्डइन पर दो स्क्रीनशॉर्ट शेयर करते हुए लिखा कि एक ही चीज के लिए अलग-अलग कीमतें वसूली जा रही है।

### एंड्रॉइड और आईफोन पर अलग-अलग कीमत

एक में 500 ग्राम हरी शिमला मिर्च की कीमत एंड्रॉइड पर 21 रुपए, जबकि आईफोन पर उसी प्रोडक्ट के लिए 107 रुपए वसूले जा रहे थे। विनीता ने लिखा कि दोनों स्क्रीनशॉर्ट एक ही जगह पर एक साथ लिए गए। उन्होंने जेप्टो के फाउंडर्स को अपने पोस्ट में टैग करते हुए लिखा, 'जेप्टो, क्या इस पर कोई सफाई देगा? पहला स्क्रीनशॉटः एंड्रॉइड, दूसरा स्क्रीनशॉटः आईफोन।'




### तेजी से पोस्ट वायरल

यह पोस्ट देखते ही देखते लिंक्डइन के साथ एक्स पर भी वायरल हो गया। लोग इस पर तरह-तरह के कमेंट्स करने लगे। एक ने लिखा, 'क्या यह ऐप्पल टैक्स है? इसमें ऐप की खरीद पर वेंडर्स से 35 परसेंट तक चार्ज लिया जाता है, लेकिन यह केवल डिजिटल गुड्स पर अप्लाई होता है।' एक और यूजर ने सवाल पूछते हुए लिखा, 'क्या दोनों स्क्रीनशॉर्ट एक ही अकाउंट से लिए गए हैं?' कई लोगों ने बताया कि अलग-अलग अकाउंट्स पर डिस्काउंट अलग हो सकता है।

### ओला-उबर को लेकर भी ऐसा मामला

बता दें कि हाल ही में एक ऐसा मामला कैब सर्विस प्रोवाइडर ओला-ऊबर को लेकर भी सामने आया था। इन पर अलग-अलग मोबाइल मॉडल्स आईफोन और एंड्रॉइड के आधार पर अलग कीमतें वसूलने का आरोप लगा। मामला सामने आने के बाद भारत सरकार के उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने सीसीपीए के जरिए ओला ऊबर को नोटिस जारी किया।

कम होगी महंगाई की मार

# बजट में मिल सकता सस्ते गैस सिलेंडर का तोहफा!

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को लोकसभा में केंद्रीय बजट 2025 पेश करेंगी। यह उनका आठवां बजट होगा। सीतारमण के इस बजट पर करदाताओं से लेकर किसान, महिलाएं और उद्योग आदि की नजर टिकी हुई हैं। बजट में इनके लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की जा सकती हैं। जानकारी के अनुसार, 2025 में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों को लेकर महत्वपूर्ण घोषणाएं होने की उम्मीद है। तेल मंत्रालय ने सरकार से एलपीजी सब्सिडी के लिए 40,000 करोड़ रुपए के आवंटन की मांग की है। जानकारों का मानना है कि सरकार इस मांग को स्वीकार करती है तो इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन,



भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड जैसी तेल कंपनियों को होने वाले नुकसान की भरपाई की जा सकेगी। इससे घरेलू उपभोक्ताओं को एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में राहत मिलने की संभावना है। अभी घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत लगभग 800 रुपए से अधिक हैं। अगर बजट में सब्सिडी बढ़ाई जाती है तो आम जनता को महंगाई से थोड़ी राहत मिल सकती है। हालांकि इसका अंतिम फैसला बजट प्रस्तुत होने पर ही स्पष्ट होगा। हालांकि इससे पहले एक जनवरी को ऑयल एंड गैस मार्केटिंग कंपनियों ने एलपीजी सिलेंडर के दाम में कटौती की थी। गैस सिलेंडर के दाम दिल्ली से मुंबई तक 14-16 रुपए तक कम किए गए हैं। ये कटौती कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में की है, जबकि घरेलू रसोई गैस सिलेंडर (14 किलोग्राम वाले) की कीमतें नए साल की शुरुआत में भी स्थिर बनी हुई हैं।

## आपका राशिफल 30 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-6-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पारिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय का लाभ लें। शुभांक 4 7 9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक 4 6 8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यों में अड़चनें व परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-1-5-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-1-3-5

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। शुभांक-4-6-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): अपने काम पर नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक 4 6 8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। पारिवारिक विवाद टालें। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। यात्रा से लाभ। शुभांक 3 5 6

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। संतान स्त्री पक्ष से लाभ होगा। शुभांक 3 4 6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। आय के योग बनेंगे। यात्रा का योग है। शुभांक-3-5-6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-3-5-6

# भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका, भिवंडी.

**महाराष्ट्र शासन राजपत्र**
**भाग दोन-संकीर्ण सूचना व जाहिराती**

**प्राधिकृत प्रकाशन**
**संकीर्ण सूचना व जाहिराती**
**भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका**
**महानगरपालिका नविन प्रशासकिय इमारत, आनंद दिघे चौक, कापआळी, भिवंडी, 421302**

## अधिसूचना

क्रमांक

" महाराष्ट्र लोकसेवा हक्क अध्यादेश, 2015" चा महाराष्ट्र, अध्यादेश क्र.5 च्या कलम 3(1) अन्वये प्राप्त अधिकारानुसार मा.महानगरपालिका प्रशासक तथा आयुक्त, भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका याद्वारे उक्त अध्यादेशाच्या प्रयोजनार्थ महाराष्ट्र महानगरपालिका अधिनियम 1949 अन्वये नागरिकांना भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिकेकडुन पुरविण्यात येत असलेल्या विविध 70 लोकसेवा, नियत कालमर्यादा, पदनिर्देशित अधिकारी, प्रथम आणि द्वितीय प्राधिकारी याबाबी खालील परिशिष्टमामध्ये नमूद केल्याप्रमाणे अधिसूचित करीत आहे.

परिशिष्ट

| अ. क्र. | लोकसेवांची सूची | शासना कडील सेवा क्रमांक | आवश्यक कागदपत्र | शुल्क | नियत काल मर्यादा | पदनिर्देशित अधिकारी | प्रथम अपिलीय अधिकारी | द्वितीय अपिलीय अधिकारी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | जन्म प्रमाणपत्र देणे | 1--1 | विहिती नमुन्यातील अर्ज | 1) प्रति प्रत रु.20/-<br>2) जन्मनोंद लेट फि 21 ते 30 दिवस रु.12/-<br>3)जन्मनोंद लेट फि 30 दिवस ते 01 वर्ष रु.5/-<br>4) जन्मनोंद अनुपलब्धतेचा दाखला रु.20/- आणि शोधनावळ फी प्रती वर्ष रु.2/- प्रमाणे.<br>5) एक वर्षानंतर जन्म नोंद करणेस विलंब शुल्क रु . | 3 दिवस | जन्म व मृत्यु नोंदणी अधिनियम 1969 अन्वये प्राधिकृत अधिकारी (उपनिबंधक) | वैद्यकिय अधिकारी मुख्यालय | वैद्यकिय आरोग्य अधिकारी |
| 2 | मृत्यु प्रमाणपत्र देणे | 1--2 | विहिती नमुन्यातील अर्ज | 1) प्रति प्रत रु.20/-<br>2) मृत्यु नोंद लेट फि 21 ते 30 दिवस रु.12/-<br>3)मृत्यु नोंद लेट फि 30 दिवस ते 01 वर्ष रु.25/-<br>4)मृत्यु नोंद अनुपलब्धतेचा दाखला रु.20/- आणि शोधनावळ फी प्रती वर्ष रु.2/- प्रमाणे.<br>5) एक वर्षानंतर जन्म नोंद करणेस विलंब शुल्क रु. | 3 दिवस | जन्म व मृत्यु नोंदणी अधिनियम 1969 अन्वये प्राधिकृत अधिकारी (उपनिबंधक) | वैद्यकिय अधिकारी मुख्यालय | वैद्यकिय आरोग्य अधिकारी |
| 3 | विवाह नोंदणी प्रमाणपत्र देणे | 1--3 | 1.विहित नमुन्यातील अर्ज<br>2. वास्तव्याचा पुरावा<br>3.वयाचा पुरावा.<br>4.विवाहासाठी उपस्थित साक्षीदारांचे स्वंयघोषणापत्र<br>5.90 दिवसांनतर नोंदणी असल्यास | 1) पहिले 3 महिने रु.50/-<br>2)3 महिने ते 1 वर्ष रु.150/-<br>3)पुढील कालावधी करिता रु.250/- | 3 दिवस | अधिक्षक | विवाह उपनिबंधक / प्रभाग अधिकारी | उपआयुक्त |
| 4 | मालमत्ता कर उतारा देणे | 1--4 | 1.विहित नमुन्यातील अर्ज<br>2. थकबाकी नसल्याचा दाखला | प्रति उतारा रु.15/- | 3 दिवस | करनिरीक्षक | कर अधिक्षक | प्रभाग क्षेत्र अधिकारी |
| 5 | थकबाकी नसल्याचा दाखला देणे | 1--5 | 1.विहित नमुन्यातील अर्ज | प्रति उतारा रु.15/- | 3 दिवस | करनिरीक्षक | कर अधिक्षक | प्रभाग क्षेत्र अधिकारी |
| 6 | मालमत्ता हस्तांतरण नोंद प्रमाणपत्र देणे / इतर मार्गाने | 1—6 | 1.विहित नमुन्यातील अर्ज<br>2. थकबाकी नसल्याचा दाखला<br>3. मालकी हक्काची कागदपत्रे /नोंदणीकृत खरेदीखत. | महानगर स्तरावर निश्चित केलेले दर | 15 दिवस | करनिरीक्षक | कर अधिक्षक | प्रभाग क्षेत्र अधिकारी |
| 7 | झोन दाखला देणे | 1--7 | 1.विहित नमुन्यातील अर्ज.<br>2. 7/12 उतारा / सिटी सर्व्हे उतारा<br>3.मोजणी नकाशा / सिटी सर्व्हे नकाशा | रु.500/- प्रति सर्व्हे नंबर | 7 दिवस | उपअभियंता | नगररचनाकार | सहाय्यक संचालक नगररचना |
| 8 | भाग नकाशा देणे | 1--8 | 1.विहित नमुन्यातील अर्ज.<br>2. 12/7 उतारा / सिटीसर्व्हे उतारा<br>3.मोजणी नकाशा / सिटी सर्व्हे नकाशा | महानगरपालिका स्तरावर निश्चित केलेले दर 1 ते 4 सेक्टर 500/-रु. पुढील सेक्टर नं.साठी प्रति 20/-रु. | 3 दिवस | उपअभियंता | नगररचनाकार | सहाय्यक संचालक नगररचना |
| 9 | बांधकाम परवाना देणे | 1--9 | 1.विहित नमुन्यातील अर्ज<br>2.वास्तुविशारदाचा दाखला<br>3.मालकी हक्काची कागदपत्रे<br>4.बांधकाम आराखडा नकाशा 5 प्रती.<br>5. मोजणी नकाशा<br>6.मंजुर रेखांकनाची प्रत<br>Application from, Form for Supervision, Affidavit form owner Regard To Area on Plan, Certified Copy of TILR Measurement Plan of Plot/City Survey sketch development plan or regional plan, Tax Receipt Sale Deed /Lease Deed/Power of Attorney /enabling ownership document V.F No.७ /१२extract or CTS Card] B Form show of area holding Development Plan Remarks, A certified copy of approved sub-division / amalgamation/layout of land from the concerned authority, Draft Development plan or Regional plan is published, statement of area of holding, Third party interest created by way of agreement of sale of mortgage etc. Inquiry Register Extract for city Survey, Fire Department NOC for commencement Certificate in case of speclal Building having plinth above 500Sq.M and for high rise building Earthquake safety certificate, Undertaking common use of structure on recreational open space, Undertaking in respect of recreational open space, Undertaking from the Application for Non -Enclosure of Architectual Proctios. | महानगरपालिका स्तरावर निश्चित केलेले दर नाही | 60 दिवस | उप अभियंता | नगररचनाकार | सहा.संचालक नगररचनाकार |
| 10 | जोते प्रमाणपत्र देणे | 1--10 | 1.विहिती नमुन्यातील अर्ज<br>2.बांधकाम प्रारंभ प्रमाणपत्र | महानगरपालिका स्तरावर निश्चित केलेले दर | 15 दिवस | उप अभियंता | नगररचनाकार | सहा.संचालक नगररचनाकार |
| 11 | भोगवटा प्रमाणपत्र देणे | 1--11 | 1.विहित नमुन्यातील अर्ज<br>2.बांधकाम प्रारंभ प्रमाणपत्र<br>3.जोते प्रमाणपत्र<br>4.घरमालक / वास्तुविशारद यांचे पूर्णत्वाचे स्वयंघोषणापत्र | महानगरपालिका स्तरावर निश्चित केलेले दर 1/- रु प्रति चौ.मी | 30 दिवस | उप अभियंता | नगररचनाकार | सहा.संचालक नगररचनाकार |
| 12 | नळ जोडणी देणे | 1--12 | 1) विहित नमुन्यातील अर्ज<br>2) जागा मालकी कागदपत्रे<br>3) थकबाकी नसल्याचा दाखला. | महानगरपालिका स्तरावर निश्चित केलेले दर | 15 दिवस | कनिष्ठ अभियंता (पाणीपुरवठा) | उपअभियंता (पाणीपुरवठा) | कार्यकारी अभियंता (पाणीपुरवठा) |

क्रमशः...

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | जलनिःसारण जोडणी देणे | 1--13 | 1) विहिती नमुन्यातील अर्ज<br>2) जागा मालकी कागदपत्रे<br>3) थकबाकी नसल्याचा दाखला. | रु.4000/- प्रती सदनिका | 15 दिवस | कनिष्ठ अभियंता (पाणीपुरवठा) | उपअभियंता (पाणीपुरवठा) | कार्यकारी अभियंता (पाणीपुरवठा) |
| 14 | अग्निशमन नाहरकत दाखला देणे. | 1--14 | 1.विहित नमुन्यातील अर्ज<br>2.थकबाकी नसल्याचा दाखला<br>3.वास्तुशिल्पकार यांच्या अर्ज.<br>4.आग प्रतिबंधd उपाय योजनांबाबतची रुपरेषा<br>5.कॅपिटेशन फी | महानगरपालिका स्तरावर निश्चित केलेले दर | 7 दिवस | सहा अग्निशमन अधिकारी | मुख्य अग्निशमन अधिकारी | उपआयुक्त अग्निशमन |
| 15 | अग्निशमन अंतिम नाहरकत दाखला देणे | 1--15 | 1.विहित नमुन्यातील अर्ज<br>2.थकबाकी नसल्याचा दाखला<br>3.वास्तुशिल्पकार यांच्या अर्ज.<br>4.अग्निशमन यंत्रणा उभारणी केल्याचे प्रमाणपत्र<br>5. लायसन्स एजन्सी यांचे नमुना –अ प्रमाणपत्र<br>6.विकासक/सोसायटी यांचे अग्निशमन यंत्रणा सुस्थितीत ठेवण्याचे हमीपत्र. | महानगरपालिका स्तरावर निश्चित केलेले दर | 15 दिवस | सहा अग्निशमन अधिकारी | मुख्य अग्निशमन अधिकारी | उपआयुक्त अग्निशमन |
| 16 | नव्याने कर आकारणी | 2--1 | 1.विहित नमुन्यातील अर्ज<br>2. भोगवटा प्रमाणपत्र | महानगर स्तरावर निश्चित केलेले दर | 15 दिवस | करनिरीक्षक | कर अधिक्षक | प्रभाग क्षेत्र अधिकारी |
| 17 | पुनःकर आकारणी | 2--2 | 1.विहित नमुन्यातील अर्ज | महानगर स्तरावर निश्चित केलेले दर | 15 दिवस | करनिरीक्षक | कर अधिक्षक | प्रभाग क्षेत्र अधिकारी |
| 18 | कराची मागणीपत्र तयार करणे | 2--3 | 1.विहित नमुन्यातील अर्ज | महानगर स्तरावर निश्चित केलेले दर | 3 दिवस | करनिरीक्षक | कर अधिक्षक | प्रभाग क्षेत्र अधिकारी |
| 19 | करमाफी मिळणे | 2--4 | 1.विहित नमुन्यातील अर्ज<br>2. थकबाकी नसल्याचा दाखला | महानगर स्तरावर निश्चित केलेले दर | 7 दिवस | करनिरीक्षक | कर अधिक्षक | प्रभाग क्षेत्र अधिकारी |
| 20 | रहिवास नसलेल्या मालमत्तांना करात सुट मिळणे | 2--7 | 1.विहित नमुन्यातील अर्ज<br>2. थकबाकी नसल्याचा दाखला | महानगर स्तरावर निश्चित केलेले दर | 15 दिवस | करनिरीक्षक | कर अधिक्षक | प्रभाग क्षेत्र अधिकारी |
| 21 | स्वयंमुल्यांकन | 2--9 | 1.विहित नमुन्यातील अर्ज | महानगर स्तरावर निश्चित केलेले दर | 15 दिवस | करनिरीक्षक | कर अधिक्षक | प्रभाग क्षेत्र अधिकारी |
| 22 | आक्षेप नोंदविणे | 2--10 | 1.विहित नमुन्यातील अर्ज<br>2. थकबाकी नसल्याचा दाखला | महानगर स्तरावर निश्चित केलेले दर | 15 दिवस | करनिरीक्षक | कर अधिक्षक | प्रभाग क्षेत्र अधिकारी |
| 23 | उपविभागामध्ये मालमत्ता विभाजन | 2--11 | 1.विहित नमुन्यातील अर्ज<br>2. थकबाकी नसल्याचा दाखला<br>3.मालकी हक्काची कागदपत्रे<br>(खरेदीखत, वाटणीपत्र, बक्षीसपत्रे इ.) | महानगर स्तरावर निश्चित केलेले दर | 15 दिवस | करनिरीक्षक | कर अधिक्षक | प्रभाग क्षेत्र अधिकारी |
| 24 | मालमत्ता पाडणे व पुनःबांधणी आकारणी | 2--12 | 1.विहित नमुन्यातील अर्ज<br>2. थकबाकी नसल्याचा दाखला | महानगर स्तरावर निश्चित केलेले दर | 15 दिवस | करनिरीक्षक | कर अधिक्षक | प्रभाग क्षेत्र अधिकारी |
| 25 | मालकी हक्कात बदल करणे | 2--14 | 1.विहित नमुन्यातील अर्ज<br>2.मालकी हक्क कागदपत्रे<br>3. थकबाकी नसल्याचा दाखला | महानगर स्तरावर निश्चित केलेले दर | 7 दिवस | कनिष्ठ अभियंता | उपअभियंता | कार्यकारी अभियंता |
| 26 | नळ जोडणी आकारामध्ये बदल करणे | 2--15 | 1) विहित नमुन्यातील अर्ज<br>2) थकबाकी नसल्याचा दाखला. | महानगरपालिका स्तरावर निश्चित केलेले दर | 15 दिवस | कनिष्ठ अभियंता | उपअभियंता | कार्यकारी अभियंता |
| 27 | तात्पुरते /कायमस्वरुपी नळजोडणी खंडीत करणे. | 2--16 | 1) विहित नमुन्यातील अर्ज<br>2) थकबाकी नसल्याचा दाखला. | महानगरपालिका स्तरावर निश्चित केलेले दर | 7 दिवस | कनिष्ठ अभियंता | उपअभियंता | कार्यकारी अभियंता |
| 28 | पुनःजोडणी करणे | 2--17 | 1) विहित नमुन्यातील अर्ज<br>2) थकबाकी नसल्याचा दाखला. | महानगरपालिका स्तरावर निश्चित केलेले दर | 15 दिवस | कनिष्ठ अभियंता | उपअभियंता | कार्यकारी अभियंता |
| 29 | वापरामध्ये बदल करणे. | 2--18 | 1) विहित नमुन्यातील अर्ज<br>2) थकबाकी नसल्याचा दाखला. | महानगरपालिका स्तरावर निश्चित केलेले दर | 15 दिवस | कनिष्ठ अभियंता | उपअभियंता | कार्यकारी अभियंता |
| 30 | पाणी देयके तयार करणे | 2--19 | विहित नमुन्यातील अर्ज | महानगरपालिका स्तरावर निश्चित केलेले दर | 3 दिवस | कनिष्ठ अभियंता | उपअभियंता | कार्यकारी अभियंता |
| 31 | प्लंबर परवाना | 2--20 | 1) विहित नमुन्यातील अर्ज<br>2) थकबाकी नसल्याचा दाखला. | महानगरपालिका स्तरावर निश्चित केलेले दर | 15 दिवस | कनिष्ठ अभियंता | उपअभियंता | कार्यकारी अभियंता |
| 32 | प्लंबर परवाना नुतनीकरण करणे | 2--21 | 1) विहित नमुन्यातील अर्ज<br>2) शैक्षणिक अर्हतेबाबतचे प्रमाणपत्र.<br>3) थकबाकी नसल्याचा दाखला. | महानगरपालिका स्तरावर निश्चित केलेले दर | 15 दिवस | कनिष्ठ अभियंता | उपअभियंता | कार्यकारी अभियंता |
| 33 | थकबाकी नसल्याचा दाखला | 2--22 | विहित नमुन्यातील अर्ज | महानगरपालिका स्तरावर निश्चित केलेले दर | 3 दिवस | कनिष्ठ अभियंता | उपअभियंता | कार्यकारी अभियंता |
| 34 | नादुरुस्त मिटर तक्रार करणे. | 2--23 | विहित नमुन्यातील अर्ज | महानगरपालिका स्तरावर निश्चित केलेले दर | 7 दिवस | कनिष्ठ अभियंता | उपअभियंता | कार्यकारी अभियंता |
| 35 | अनधिकृत नळ जोडणी तक्रार करणे | 2--24 | विहित नमुन्यातील अर्ज | महानगरपालिका स्तरावर निश्चित केलेले दर | 7 दिवस | कनिष्ठ अभियंता | उपअभियंता | कार्यकारी अभियंता |
| 36 | पाण्याची दबाव क्षमता तक्रार | 2--25 | विहित नमुन्यातील अर्ज | महानगरपालिका स्तरावर निश्चित केलेले दर | 3 दिवस | कनिष्ठ अभियंता | उपअभियंता | कार्यकारी अभियंता |
| 37 | पाण्याची गुणवत्ता तक्रार. | 2--26 | विहित नमुन्यातील अर्ज | महानगरपालिका स्तरावर निश्चित केलेले दर | 3 दिवस | कनिष्ठ अभियंता | उपअभियंता | कार्यकारी अभियंता |
| 38 | व्यापार व्यवसाय साठा करणेसाठी नाहरकत प्रमाणपत्र मिळणे | 2--27 | योग्य भरलेले अर्ज | महानगरपालिका स्तरावर निश्चित केलेले दर | 07 दिवस | प्रभाग क्षेत्र अधिकारी | उपआयुक्त | अतिरिक्त आयुक्त |
| 39 | मंडपासाठी नाहरकत प्रमाणपत्र देणे | 2--28 | 1.योग्य प्रकारे भरलेले अर्ज<br>2.रस्ता पुर्नस्थापन करार<br>3.मंडप ठिकाणाचा नकाशा<br>4.अग्निशमन उपाययोजना प्रमाणपत्र<br>5.म.न.पा.ठरावानुसार फि भरल्याची पावती | शासन सुचनांनुसार स्थानिक स्तरावर निश्चित केलेले शुल्क | 7 दिवस | प्रभाग क्षेत्र अधिकारी | उपआयुक्त | अतिरिक्त आयुक्त |
| 40 | नवीन परवाना मिळणे | 2--29 | 1.योग्य प्रकारे भरलेले अर्ज<br>2.कोणतीही थकबाकी नसल्याचे प्रमाणपत्र..<br>3.व्यवसाय धारक भाडेकरु असल्यास मालकाचा ना हरकत दाखला<br>4.जागेचा नकाशा<br>5.अग्निशमन विभागाचा ना हरकत दाखला (आवश्यक असल्यास) | महानगरपालिका स्तरावर निश्चित केलेल दर | 15 दिवस | सहा.आयुक्त (परवाना) | उपआयुक्त (परवाना) | अतिरिक्त आयुक्त |
| 41 | परवान्याचे नुतनीकरण | 2--30 | 1.योग्य प्रकारे भरलेले अर्ज<br>2.कोणतीही थकबाकी नसल्याचे प्रमाणपत्र. | महानगरपालिका स्तरावर निश्चित केलेल दर | 15 दिवस | सहा.आयुक्त (परवाना) | उपआयुक्त (परवाना) | अतिरिक्त आयुक्त |
| 42 | परवाना हस्तांतरण | 2--31 | 1. योग्य प्रकारे भरलेले अर्ज<br>2.कोणतीही थकबाकी नसल्याचे प्रमाणपत्र | महानगरपालिका स्तरावर निश्चित केलेल दर | 15 दिवस | सहा.आयुक्त (परवाना) | उपआयुक्त (परवाना) | अतिरिक्त आयुक्त |
| 43 | परवाना दुय्यम प्रत | 2--32 | 1. योग्य प्रकारे भरलेले अर्ज<br>2.कोणतीही थकबाकी नसल्याचे प्रमाणपत्र | महानगरपालिका स्तरावर निश्चित केलेल दर | 15 दिवस | सहा.आयुक्त (परवाना) | उपआयुक्त (परवाना) | अतिरिक्त आयुक्त |
| 44 | व्यवसायाचे नाव बदलणे | 2--33 | 1. योग्य प्रकारे भरलेले अर्ज<br>2.कोणतीही थकबाकी नसल्याचे प्रमाणपत्र | महानगरपालिका स्तरावर निश्चित केलेल दर | 15 दिवस | सहा.आयुक्त (परवाना) | उपआयुक्त (परवाना) | अतिरिक्त आयुक्त |
| 45 | व्यवसाय बदलणे | 2--34 | 1. योग्य प्रकारे भरलेले अर्ज<br>2.कोणतीही थकबाकी नसल्याचे प्रमाणपत्र | महानगरपालिका स्तरावर निश्चित केलेल दर | 15 दिवस | सहा.आयुक्त (परवाना) | उपआयुक्त (परवाना) | अतिरिक्त आयुक्त |
| 46 | परवाना/भागिदाराचे नाव बदलणे | 2--35 | 1. योग्य प्रकारे भरलेले अर्ज<br>2.कोणतीही थकबाकी नसल्याचे प्रमाणपत्र | महानगरपालिका स्तरावर निश्चित केलेल दर | 15 दिवस | सहा.आयुक्त (परवाना) | उपआयुक्त (परवाना) | अतिरिक्त आयुक्त |
| 47 | भागिदाराच्या संख्येत बदल (वाढ/कमी) | 2--36 | योग्य प्रकारे भरलेले अर्ज | महानगरपालिका स्तरावर निश्चित केलेल दर | 15 दिवस | सहा.आयुक्त (परवाना) | उपआयुक्त (परवाना) | अतिरिक्त आयुक्त |
| 48 | परवाना रद्द करणे | 2--37 | योग्य प्रकारे भरलेले अर्ज | महानगरपालिका स्तरावर निश्चित केलेल दर | 15 दिवस | सहा.आयुक्त (परवाना) | उपआयुक्त (परवाना) | अतिरिक्त आयुक्त |
| 49 | कालबाह्य परवानासाठी नुतनीकरण सुचना | 2--38 | 1. योग्य प्रकारे भरलेले अर्ज<br>2.कोणतीही थकबाकी नसल्याचे प्रमाणपत्र | महानगरपालिका स्तरावर निश्चित केलेल दर | 15 दिवस | सहा.आयुक्त (परवाना) | उपआयुक्त (परवाना) | अतिरिक्त आयुक्त |

क्रमशः...

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | जाहिरात परवाना / आकाशचिन्ह परवाना (Signange License) नुतनीकरण | 3--1 | 1. विहित नमुन्यातील अर्ज<br>2.संबंधित म.न.पा.ची कोणतीही थकबाकी नसल्याचे प्रमाणपत्र.<br>3.जागा मालकीचे कागदपत्र.(भाड्याने असल्यास ना हरकत)<br>4.रचना नकाशा<br>5.वाहतुक ना हरकत | प्रति चौ.फूट रु.25/- | 15 दिवस | सहा.आयुक्त (परवाना) | उपआयुक्त (परवाना) | अतिरिक्त आयुक्त |
| 51 | सिनेमा चित्रीकरण परवाना (Movie Shooting License) नविन परवाना व नुतनीकरण | 3--1 | 1. विहित नमुन्यातील अर्ज<br>2.कोणतीही थकबाकी नसल्याचे प्रमाणपत्र.<br>3.जागा मालकीचे कागदपत्र.(भाड्याने असल्यास ना हरकत)<br>4.रचना नकाशा<br>5..वाहतुक ना हरकत | प्रति चौ.फूट रु.25/- | 15 दिवस | सहा.आयुक्त (परवाना) | उपआयुक्त (परवाना) | अतिरिक्त आयुक्त |
| 52 | व्यवसाय परवाना स्वयं-नुतनीकरण (ऑटो रिन्युअल) Auto -renewal of Trade License | 3--2 | 1.योग्य प्रकारे भरलेले अर्ज<br>2.कोणतीही थकबाकी नसल्याचे प्रमाणपत्र.<br>3.जागा मालकीचे कागदपत्र.<br>4.रचना नकाशा<br>5.वाहतुक ना हरकत | प्रति चौ.फूट रु.25/- | 15 दिवस | सहा.आयुक्त (परवाना) | उपआयुक्त (परवाना) | अतिरिक्त आयुक्त |
| 53 | मोबाईल टॉवर परवाना | 4--1 | 1.विहित नमुन्यातील अर्ज.<br>(Mobile Tower Approval ) (Ground Base Tower & Roof Top Tower)<br>2.माहिती तंत्रज्ञान विभाग यांनी दिलेला परवाना.<br>3.संबधीत इमारतीच्या मालकी हक्काचा पुरावा.<br>4.वैध भाडेकरारनामा<br>5.स्थ्ळाचा नकाशा (1.1000)<br>6. ज्या इमारतीवर टॉवर उभारायचा आहे त्याचे वैध भोगवटा प्रमाणपत्र.<br>7.संबधीत इमारतीच्या / जमिनीच्या मालकाचे ना-हरकत प्रमाणपत्र.<br>8.सक्षम प्राधिका यांचा अग्निशमन ना-हरकत दाखला.<br>9.सक्षम प्राधिका यांचे संरचनात्मक स्थिरता प्रमाणपत्र.<br>10.पर्यावरण विभागाची ना-हरकत<br>11.संबधित नागरी स्थानिक स्वराज्य संस्थेचे ना-देय प्रमाणपत्र.<br>12.शासन वेळोवेळी निश्चित करेल असे इतर आवश्यक परवाने / दस्तऐवज | शासनाने विहित केलेल व महानगरपालिका स्तरावर निश्चित केलेले दर | 60 दिवस | कनिष्ठ अभियंता / उपअभियंता | नगररचनाकार | सहायक संचालक नगररचनाकार |
| 54 | रस्ता खोदाई परवाना देणे (To grant road cutting permission) नविन परवाना नुतनीकरण | 5--1 | 1.विहित नमुन्यातील अर्ज.<br>2.संबंधित म.न.पा.ची कोणतीही थकबाकी नसल्याचे प्रमाणपत्र.<br>3.शासनाने वेळोवेळी विहित केली जातील अशी इतर आवश्यक कागदपत्रे. | महानगरपालिका स्तरावर निश्चित केलेले दर | 30दिवस | कनिष्ठ अभियंता / उपअभियंता | शहर अभियंता | आयुक्त |
| 55 | राज्य खाद्य परवान्याकरीता नागरी स्थानिक स्वराज संस्थांचे नाहरकत प्रमाणपत्र देणे.(To issuw NOC from Municipality or other Local Body for State License for Food Business) | 5--2 | 1.विहिती नमुन्यातील अर्ज.<br>2.संबंधित म.न.पा.ची कोणतीही थकबाकी नसल्याचे प्रमाणपत्र.<br>3. ज्या इमारतीत सदर आस्थापना / कारखाना होणार आहे त्या इमारतीचे भोगवटा प्रमाणपत्र आणि सदरच्या मालकी हक्काबाबतची कागदपत्रे.<br>4.स्थळ दर्शक नकाशा. 5. शासनाद्वारे वेळोवेळी विहित केली जातील अशी इतर आवश्यक कागदपत्रे. | महानगरपालिका स्तरावर निश्चित केलेले दर | 30 दिवस | स्वच्छता आरोग्य निरिक्षक | उप आयुक्त (आरोग्य) | आयुक्त |
| 56 | खाद्य नोंदणी प्रमाणपत्राकरीता नागरी स्थानिक स्वराज्य संस्थांचा आरोग्य विषयक नाहरकत प्रमाणपत्र देणे (To issue Health NOC by Municipality / Panchayat for Food Registration Certificate) | 5--3 | 1.विहिती नमुन्यातील अर्ज.<br>2.संबंधित म.न.पा.ची कोणतीही थकबाकी नसल्याचे प्रमाणपत्र.<br>3. ज्या इमारतीत सदर आस्थापना / कारखाना होणार आहे त्या इमारतीचे भोगवटा प्रमाणपत्र आणि सदरच्या मालकी हक्काबाबतची कागदपत्रे.<br>4.स्थळ दर्शक नकाशा.<br>5. शासनाद्वारे वेळोवेळी विहित केली जातील अशी इतर आवश्यक कागदपत्रे. | महानगरपालिका स्तरावर निश्चित केलेले दर | 30दिवस | स्वच्छता आरोग्य निरिक्षक | उप आयुक्त (आरोग्य) | आयुक्त |
| 57 | पाणी उपसा करणेसाठी केंद्रीय भूजल सर्वेक्षण विभाग (अथवा इतर संबधीत विभाग) यांचे ना-हरकत प्रमाणपत्राकरीता नागरी स्थानिक स्वराज्य संस्थेचे पाणी अनुपलब्धता प्रमाणपत्र देणे (To issue Certificate of non-availability of water from water suppyly agency reqired for Noc for Water abstraction from Central Ground Water Authority / Relevant Authority.) | 5--4 | 1. विहित नमुन्यातील अर्ज.<br>2. संबंधित म.न.पा.ची कोणतीही थकबाकी नसल्याचे प्रमाणपत्र.<br>3. ना-हरकत प्रमाणपत्र दिल्यानंतर भोगवटा प्रमाणपत्र घेणेबाबतचे व पर्जन्य जल पुनर्भरण करणेबाबतचे प्रतिज्ञापत्र<br>4.शासन वेळोवेळी विहीत करील अशी आवश्यक कागदपत्र | महानगरपालिका स्तरावर निश्चित केलेले दर | 30दिवस | कनिष्ठ अभियंता (पाणीपुरवठा | उपअभियंता पाणीपुरवठा | कार्यकारी अभियंता पाणीपुरवठा |
| 58 | महाराष्ट्र शुश्रुषा गृह नोंदणी अधिनियम 1949 अंतर्गत शुश्रुषा- गृह परवाना देणे. | 5--10-1 | 1. विहिती नमुन्यातील अर्ज. 2.शासन वेळोवेळी विहीत करील अशी आवश्यक कागदपत्र | शासनाचे सुचनांनुसार स्थानिक स्तरावर निश्चित केलेले शुल्क | 30 दिवस | वैद्यकिय आरोग्य अधिकारी | अतिरिक्त आयुक्त | आयुक्त |
| 59 | महाराष्ट्र शुश्रुषा गृह नोंदणी अधिनियम 1949 अंतर्गत शुश्रुषा- गृह परवान्याचे नुतनीकरण करणे. | 5--10-2 | 1. विहिती नमुन्यातील अर्ज. 2.शासन वेळोवेळी विहीत करील अशी आवश्यक कागदपत्र | शासनाचे सुचनांनुसार स्थानिक स्तरावर निश्चित केलेले शुल्क | 30 दिवस | वैद्यकिय आरोग्य अधिकारी | अतिरिक्त आयुक्त | आयुक्त |
| 60 | महाराष्ट्र शुश्रुषा गृह नोंदणी अधिनियम 1949 अंतर्गत परवान्यावर परवानाधारक/ भागीदाराचे नाव बदलणे. | 5--10-3 | 1. विहिती नमुन्यातील अर्ज. 2.शासन वेळोवेळी विहीत करील अशी आवश्यक कागदपत्र | शासनाचे सुचनांनुसार स्थानिक स्तरावर निश्चित केलेले शुल्क | 30 दिवस | वैद्यकिय आरोग्य अधिकारी | अतिरिक्त आयुक्त | आयुक्त |
| 61 | लॉजिंग हाउस परवाना देणे | 5-10-4 | 1.विहित नमुन्यातील अर्ज<br>2.शासन वेळोवेळी विहित करील अशी आवश्यक कागदपत्रे | शासन सुचनांनुसार स्थानिक स्तरावर निश्चित केलेले शुल्क | 30 दिवस | उपआयुक्त (परवाना) | अतिरिक्त आयुक्त | आयुक्त |
| 62 | लॉजिंग हाऊस परवान्याचे नुतनीकरण करणे. | 5-10-5 | 1.विहित नमुन्यातील अर्ज<br>2.शासन वेळोवेळी विहित करील अशी आवश्यक कागदपत्रे | शासन सुचनांनुसार स्थानिक स्तरावर निश्चित केलेले शुल्क | 30 दिवस | उपआयुक्त (परवाना) | अतिरिक्त आयुक्त | आयुक्त |
| 63 | मंगल कार्यालय/ सभागृह वैगरे परवाना देणे. | 5-10-6 | 1.विहित नमुन्यातील अर्ज<br>2.शासन वेळोवेळी विहित करील अशी आवश्यक कागदपत्रे | शासन सुचनांनुसार स्थानिक स्तरावर निश्चित केलेले शुल्क | 30 दिवस | उपआयुक्त (परवाना) | अतिरिक्त आयुक्त | आयुक्त |
| 64 | मंगल कार्यालय/ सभागृह वैगरे नुतनीकरण करणे | 5-10-7 | 1.विहित नमुन्यातील अर्ज<br>2.शासन वेळोवेळी विहित करील अशी आवश्यक कागदपत्रे | शासन सुचनांनुसार स्थानिक स्तरावर निश्चित केलेले शुल्क | 30 दिवस | उपआयुक्त (परवाना) | अतिरिक्त आयुक्त | आयुक्त |
| 65 | फेरीवाले नोंदणी प्रमाणपत्र देणे | 5-10-8 | 1.विहिती नमुन्यातील अर्ज. 2.शासन वेळोवेळी विहित करील अशी आवश्यक कागदपत्रे. | शासन सुचनांनुसार स्थानिक स्तरावर निश्चित केलेले शुल्क | 15 | उपआयुक्त (समाज कल्याण) | अतिरिक्त आयुक्त | आयुक्त |
| 66 | भुमीगत दूरसंचार वाहिनी (ऑप्टीकल फायबर केबल) टाकण्याकरीता परवानगी देणे.( Permission for establishment of under –ground Cable Infrastructure (Optical Fibre Cable) | 5--10--9 | 1.विहित नमुन्यातील अर्ज<br>2.नगरविकास विभाग शासन निर्णय क्रमांक संकीर्ण-2021/C.R.242/UD-20 दि.19/12/2022 मधील schedule III नुसार आवश्यक कागदपत्रे.<br>3.शासन वेळोवेळी विहित करीत अशी इतर आवश्यक कादगपत्रे. | नगरविकास विभाग शासन निर्णय क्रमांक संकीर्ण-2021/C.R. 242/ UD-20 दिनांक 19/12/2022 मधील schedule IV नुसार स्थानिक स्तरावर निश्चित केलेले शुल्क | नगरविकास विभाग शासन निर्णय क्रमांक संकीर्ण-2021/ C.R. 242/ UD-20 दिनांक 19/12/2022 मधील तरतुदी नुसार 60 दिवस | शहर अभियंता | अतिरिक्त आयुक्त | आयुक्त |
| 67 | महाराष्ट्र (नागरी क्षेत्रे) वृक्ष संरक्षण आणि संवर्धन अधिनियम,1975 मधील कलम 8 मधील तरतुदीनुसार वृक्ष तोड परवानगी देणे. | 5-10-10 | 1.विहिती नमुन्यातील अर्ज. 2. शासन वेळोवेळी विहित करील अशी आवश्यक कागदपत्रे | स्थानिक स्तरावर विहित पध्दतीने मंजुर केलेले शुल्क. | 45 दिवस | वृक्ष अधिकारी | शहर अभियंता | आयुक्त |
| 68 | रस्तयांवरील खड्डे बुजविणे | | पुराव्यासह अर्ज उदा.जीओ टॅग केलेले फोटो इत्यादी | स्थानिक स्तरावर निश्चित केलेले दर | 5 दिवस | संबधीत कनिष्ठ अभियंता | संबधित उप अभियंता | शहर अभियंता |
| 69 | गटारावरील झाकणे सुस्थितीत ठेवणे. | | पुराव्यासह अर्ज उदा.जीओ टॅग केलेले फोटो इत्यादी | स्थानिक स्तरावर निश्चित केलेले दर | 5 दिवस | संबधीत कनिष्ठ अभियंता | संबधित उप अभियंता | शहर अभियंता |
| 70 | शहरात स्वच्छता ठेवणे | | पुराव्यासह अर्ज उदा.जीओ टॅग केलेले फोटो इत्यादी | स्थानिक स्तरावर निश्चित केलेले दर | 1 दिवस | सहायक आयुक्त (आरोग्य) | उपआयुक्त (आरोग्य) | महानगरपालिका आयुक्त |

**जनसंपर्क/ /24-25**
**दिनांक**

**(अजय वैद्य)**
**प्रशासक तथा आयुक्त**
**भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका**

जा.क्र./ज. सं. वि./111
दि. 29.01.2025

## सुविचार

पत्थर अगर कीचड़ में मरोगे तो
कीचड़ आपको ही लगेगा।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## शेख हसीना को संजीवनी

अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता में आने का असर अब बांग्लादेश में भी दिखने लगा है। ट्रंप ने सत्ता संभालने के साथ ऐसी चाबुक चलाई है, जिससे बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस हांफने लगे हैं। दरअसल, ट्रंप ने अमेरिकी फंड पर ताला लगाने का आदेश दिया है। इसका सीधा असर बांग्लादेश पर पड़ने वाला है। वहां अमेरिका की सहायता से चल रहे कई प्रोजक्ट्स पर ताला लगने वाले हैं। इससे मोहम्म यूनुस काफी परेशान हैं। उधर, ट्रंप के इस कदम से शेख हसीना को संजीवनी मिल गई है। अमेरिकी सहायता बंद होने से उन संगठनों की वित्तीय और ऑपरेशनल स्थिति सबसे अधिक प्रभावित होंगी, जो पहले मोहम्मद यूनुस का समर्थन करते थे। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की ओर से बांग्लादेश को अमेरिकी सहायता रोकने के फैसले के बाद पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को अब लगने लगा है कि वह सही थीं। अमेरिका को लेकर वह जो बात कह रही थी, वह अब सही साबित हो रही है। अवामी लीग के एक वरिष्ठ नेता और सांसद ने अपना नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर कहा कि अंतरिम सरकार को अब सच का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता सब एकजुट हैं और जैसे ही चुनाव होंगे, हम उनका मुकाबला करेंगे। शेख हसीना हमारी मार्गदर्शक हैं। हम उन्हें नहीं छोड़ेंगे। हम अपने देश को उनके (अंतरिम सरकार) हाथों में नहीं छोड़ेंगे। हमारे लोग जानते हैं कि उन्होंने देश के लिए क्या किया। उन्हें अभी भी जनता पसंद करती है। बीते करीब आठ महीने से शेख हसीना भारत में हैं। वह निर्वासन की जिंदगी जी रही हैं। उनकी पार्टी के नेता कह रहे हैं कि वह स्वदेश लौटने के लिए तैयार हैं। उन्होंने अपनी पार्टी के मूल नेटवर्क को फिर से मजबूत करने के लिए रणनीतियां बनाई हैं। सूत्रों का कहना है कि भारत के विभिन्न शहरों जैसे दिल्ली, कोलकाता और बेंगलुरु और कुछ अन्य देशों में शेख हसीना की पार्टी के प्रमुख सदस्य अभी भी उनसे संपर्क में हैं। वे जब जरूरत होती, वर्चुअल बैठकें भी करते हैं। पिछले अगस्त में बांग्लादेश में मचे राजनीतिक उथल-पुथल के बाद शेख हसीना ने सहयोगियों के साथ बातचीत कम कर दिया था, लेकिन अपने कुछ भरोसेमंद अवामी लीग नेताओं के साथ वह लगातार संपर्क में हैं। उनके करीबी सूत्रों के अनुसार शेख हसीना ने एक मजबूत कमांड चेन तैयार की है। इसमें कुछ पार्टी सदस्य और वरिष्ठ ब्यूरोक्रेट्स हैं। ये विदेश में स्वास्थ्य और शिक्षा वीजा पर हैं और रणनीतिक सहयोग के लिए काम कर रहे हैं। कई गुप्त और एन्क्रिप्टेड ग्रुप्स के माध्यम से वे महत्वपूर्ण चर्चाएं और पार्टी के निर्देश साझा करते हैं, जिससे उनके नेतृत्व की ताकत बनी रहती है और कार्यकर्ताओं में जोश बना रहता है।

### बेजोड़ कुंभ पर अंततः

# वीआईपीवाद ने कालिख पोत दिया..!!



लोकमित्र गौतम

जिसकी आशंका में कई दिनों से धुकपुक हो रही थी, अंततः वही हुआ। पहले से अंदाजा था कि इस बार मौनी अमावस्या यानी 29 जनवरी 2025 को अमृत स्नान के तहत महाकुंभ में ऐसा जन सैलाब उमड़ने वाला है, जिसकी अब के पहले कभी कल्पना भी नहीं की गई थी। ऐसा स्वाभाविक ही था। मौनी अमावस्या प्रयाग कुंभ का सबसे महत्वपूर्ण अनुष्ठान होता है। हर कुंभ में इस अवसर पर बहुत भीड़ होती है। ऐसे में इस बार तो भीड़ के सारे रिकॉर्ड टूटने ही थे। क्योंकि इस साल 144 वर्षों के बाद 'त्रिवेणी योग' नामक एक दुर्लभ खगोलीय संयोग बन रहा था।

इमेज

अनुमान था कि मौनी अमावस्या के 24 से 48 घंटे के भीतर कोई 8 से 10 करोड़ लोग इस बार स्नान करेंगे। इसलिए भले देश-विदेश में इस साल के कुंभ की चाक चौबंद व्यवस्था की तारीफ हो रही थी। लेकिन इस तारीफ में ढीले पड़ने की जरूरत नहीं थी बल्कि भीड़ को नियंत्रित करने के मामले में मौनी अमावस्या सबसे बड़ी परिक्षा थी और कहना नहीं होगा कि एक दिन पहले वीआईपी लोगों को लेकर बरती गयी ढील के कारण इस बेजोड़ कुंभ पर कालिख पुत गई। मौनी अमावस्या यानी 29 जनवरी को तड़के उस समय भगदड़ मच गई, जब श्रद्धालु गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम पर स्नान करने के लिए आगे बढ़ रहे थे। मौजूद सुरक्षाकर्मी भारी भीड़ को नियंत्रित करने में असमर्थ रहे और इन पंक्तियों के लिखे जाने तक अलग-अलग स्रोतों के मुताबिक 15 से 38 लोगों की मृत्यु हो गई थी। जबकि 150 से 200 से ज्यादा लोगों के घायल होने की सूचना है। खबरों के मुताबिक करीब 15 श्रद्धालुओं की लाशें देखी गईं। जबकि द गार्जियन डॉट कॉम के मुताबिक मरने वाले श्रद्धालुओं की संख्या कम से कम 38 थी। यूं तो इस दुर्घटना का अंतिम रूप से क्या कारण रहा, इसका जांच के बाद ही पता चलेगा लेकिन कुंभ में मौजूद और गुस्से में भरे श्रद्धालुओं की मानें तो इसकी सबसे बड़ी वजह एक दिन पहले का वीआईपी मूवमेंट रहा। कई किलोमीटर का चक्कर लगाकर संगम नोज तक रात में 1 से 2 बजे तक इतने लोग पहुंच गए, जिनको संभाल पाना संभव ही नहीं था। प्रशासन को इस पर ध्यान देना चाहिए था; लेकिन वह तो पिछले 24 घंटों से वीआईपी लोगों के प्रबंध में जुटा था। महाकुंभ मेले के लिए विशेष कार्य अधिकारी आकांक्षा राणा के मुताबिक जहां संगम में बैरियर्स टूटने के बाद यह हादसा हुआ तो प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक यह भगदड़ एक खंभा टूटने के बाद मची। लेकिन ज्यादातर लोगों का मानना था कि वीआईपी लोगों की सुविधा के लिए अलग-अलग जगहों से डायवर्ट किए गए लोगों के कारण संगम नोज में 28 जनवरी की देर रात और 29 जनवरी के तड़के बहुत ज्यादा भीड़ बढ़ गई थी। इसकी वजह से एक खंभा टूटकर गिर गया, जिसमें कुछ लोग जख्मी हुए और इसी के साथ भगदड़ मच गई। हालांकि हादसे के तुरंत बाद प्रशासन ने स्थिति को मुस्तैदी से संभाला और एंबुलेंस भी मौके पर पहुंचीं, जिन्होंने घायलों को महाकुंभ में मौजूद केंद्रीय अस्पताल ले जाना शुरू कर दिया ताकि उनका समय रहते इलाज हो सके। लेकिन भीड़ इतनी ज्यादा थी कि हादसे के बाद हताहतों तक 70 से ज्यादा एंबुलेंस पहुंचाने के लिए पुलिस को बहुत मशक्कत करनी पड़ी, तब कहीं जाकर उन्हें लेकर अस्पताल जाया जा सका। भगदड़ के बाद प्रशासन के अनुरोध पर सभी 13 अखाड़ों ने मौनी अमावस्या का अमृत स्नान रद्द कर दिया। लेकिन जल्द ही स्थिति पर काबू पाने के बाद अखाड़ों की दोबारा बैठक हुई जिसमें दिन में 10 बजे के बाद अमृत स्नान होना तय हुआ। हादसे के बाद प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने यूपी के सीएम योगी से फोन पर लगातार घटना की जानकारी ली, आनन-फानन में हेलीकॉप्टर महाकुंभ की व्यवस्था निगरानी पर लगा दिए गए। हादसे के बाद संगम तट पर एनएसजी कमांडो ने भी मोर्चा संभाल लिया। संगम नोज इलाके में आम लोगों की एंट्री बंद कर दी गई। भीड़ और न बढ़े, इसलिए प्रयागराज शहर में भी श्रद्धालुओं के आने पर रोक लगा दी गई है। इसके लिए शहर की सीमा से सटे जिलों में प्रशासन को मुस्तैद कर दिया गया। लेकिन इस सबकी पहले से ही तैयारी करने की जरूरत थी। क्योंकि प्रशासन को पता था कि मौनी अमावस्या में स्नान के लिए करीब 5 करोड़ श्रद्धालु शहर में मौजूद हैं, जबकि करोड़ों और आने वाले थे। जाहिर है प्रशासन को यह भी समझना चाहिए था कि संगम समेत कुंभ क्षेत्र में मौजूद 44 घाटों पर ही इन सबको डुबकी लगानी थी। इससे एक दिन पहले यानी मंगलवार को भी तीन से साढ़े तीन करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम क्षेत्र में डुबकी लगाई थी। पूरे शहर में सुरक्षा के लिए 60 हजार से ज्यादा जवान तैनात थे। फिर भी व्यवस्था संभल नहीं रही थी, इसलिए 29 जनवरी की सुरक्षा और चाक चौबंद होनी चाहिए थी। दुर्घटना के बाद सीएम योगी ने लखनऊ में अपने आवास में जो इमरजेंसी बैठक बुलाई, उसकी जरूरत नहीं पड़ती अगर वीआईपी लोगों को एक दिन पहले कंट्रोल में रखा जाता। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी ने सुबह स्थिति नियंत्रण में आने के बाद सही निर्णय लिया कि विभिन्न अखाड़े अमृत स्नान के समय जुलूस छोटा रखेंगे, किसी प्रकार का कोई लाव लश्कर नहीं रखेंगे और शोभा यात्रा भी नहीं निकाली जाएगी। बाद में सीएम योगी ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे लोग मां गंगा में वहीं स्नान करें, जिस घाट के वो नजदीक हों, संगम नोज की ओर जाने का प्रयास न करें। यह दिशा-निर्देश भीड़ को देखते हुए पहले से होनी चाहिए थी। यह जरूरी थी; क्योंकि मौनी अमावस्या का स्नान हमेशा से बहुत भीड़ वाला होता है। हमें यह भी समझना चाहिए कि समूचे संगम में इस पुण्यतिथि को 'अमृत' बहता है। अगर आप कहीं भी गंगा या यमुना में स्नान करेंगे तो 'अमृत' आपको प्राप्त होगा। ये आवश्यक नहीं है कि संगम में ही डुबकी लगाई जाए। ऐसी बातें श्रद्धालुओं को पहले से बताई गई होतीं तो जो दुखद घटना घटी वह नहीं घटती। वास्तव में यह घटना इसलिए हुई क्योंकि सभी श्रद्धालु संगम घाट पर ही पहुंचना चाहते थे, जबकि उन्हें जहां भी पवित्र गंगा दिखे, वहीं डुबकी लगानी थी। कुंभ मेला की ओएसडी अकांक्षा राणा ने भी यह बात मानी है कि संगम नोज पर बैरियर टूटने के बाद भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हुई। लेकिन दुर्घटना के घंटों बाद भी अफसर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं दिखे। इसी वजह से सुबह यही नहीं पता चल रहा था कि दुर्घटना हुई कब? कोई 2 बजे रात बता रहा था, कोई 2:30 कह रहा था, जबकि एक महिला के मुताबिक घटना रात करीब एक बजे ही घट गयी थी। इसका मतलब हुआ कि घंटों भगदड़ वाली स्थिति रही। पता चला है कई लोग जान बचाने के लिए बिजली के खंभे तक पर चढ़ गए। पूरे संगम क्षेत्र में ही अफरातफरी का माहौल बन गया। ये तो शुक्र था कि प्रयाग में अस्पताल एलर्ट मोड पर थे। नर्स और डॉक्टर एक्टिव थे, जिन्हें फर्स्ट एड की जरूरत थी, उनका भी प्राथमिक इलाज किया गया। कुछ लोगों को इमरजेंसी में ले जाने की जरूरत पड़ी।

## पंचांग

30 जनवरी 2025

| | | |
|---|---|---|
| ● विक्रम संवत् | - | 2081 |
| ● शक संवत् | - | 1946 |
| ● ऋतु | - | शिशिर |
| ● माह | - | माघ |
| ● पक्ष | - | शुक्ल |
| ● तिथि | - | प्रतिपदा 16.12 तक |
| ● वार | - | गुरुवार |
| ● नक्षत्र | - | श्रवण 07.16 तक |
| ● योग | - | व्यतिपात 18.34 तक |
| ● करण | - | बालव 27.08 तक |
| ● सूर्योदय | - | 07.14 (मुंबई) |
| ● सूर्यास्त | - | 06.29 (मुंबई) |
| ● सूर्योदय | - | 07.24 (भीनमाल) |
| ● सूर्यास्त | - | 06.23 (भीनमाल) |
| ● चंद्र राशि | - | मकर 18.36 तक |
| ● अभिजित् मुहूर्त | - | 12.29 से 13.14 |
| ● राहु काल | - | 14.16 से 15.41 |
| ● व्रत, त्यौहार | - | गुप्त नवरात्रि प्रारंभ, चंद्रदर्शन, गांधी निर्वाण दिन, पंचक 18.36 प्रारंभ, हर्षल मार्गी 21.54, |
| ● दिशा शूल | - | दक्षिण |

● शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

## टीका माथे पर क्यों लगाया जाता है? इसका कोई वैज्ञानिक आधार है

हिंदुओं के ज्यादातर धार्मिक संस्कारों में माथे पर तिलक या टीका लगाने की परंपरा है। पूजा-पाठ, विवाह, जनेऊ, तिलकोत्सव या अन्य किसी भी आयोजन में माथे पर तिलक लगाया जाता है। तिलक लगाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। लेकिन आप नहीं जानते होंगे कि माथे पर तिलक लगाने का धार्मिक के अलावा सांस्कृतिक और वैज्ञानिक महत्व भी है। साथ ही तिलक लगाने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और मन शांत रहता है।

**धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व**

माथे पर तिलक ईश्वर के प्रति श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक है। इसे माथे पर लगाकर व्यक्ति यह दिखाता है कि वह ईश्वर को अपने जीवन में सर्वोच्च स्थान देता है। तिलक को शुभता का प्रतीक भी माना जाता है। किसी भी शुभ कार्य को करने से पहले माथे पर तिलक लगाया जाता है। तिलक विभिन्न समुदायों और संप्रदायों की पहचान का प्रतीक भी होता है।

**क्यों माथे पर लगाया जाता तिलक**

तिलक हमेशा मस्तिष्क के केंद्र पर लगाया जाता है। तिलक को मस्तिक के केंद्र पर लगाने पीछे वजह ये है कि हमारे शरीर में सात छोटे ऊर्जा केंद्र होते हैं। तिलक को मस्तिष्क के केंद्र में इसीलिए लगाया जाता है क्योंकि हमारे मस्तिष्क के बीच में आज्ञाचक्र होता है। जिसे गुरुचक्र भी कहते हैं। ये जगह मानव शरीर का केंद्र स्थान है। यह स्थान एकाग्रता और ज्ञान से परिपूर्ण है। गुरुचक्र को बृहस्पति ग्रह का केंद्र माना जाता है। बृहस्पति सभी देवों के गुरू हैं। इसीलिए इसे गुरुचक्र कहा जाता है।

**क्या है इसका वैज्ञानिक महत्व**

माथे के बीच में तिलक लगाने से एकाग्रता बढ़ती है। यह स्थान आज्ञा चक्र का केंद्र होता है, जो एकाग्रता और ध्यान के लिए महत्वपूर्ण है।तिलक लगाने से शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। तिलक लगाने से तनाव कम होता है और मन शांत रहता है।

**आज्ञा चक्र:** माथे के बीच में जहां तिलक लगाया जाता है, वहां आज्ञा चक्र होता है। यह चक्र एकाग्रता और स्मरण शक्ति से जुड़ा होता है। तिलक लगाने से इस चक्र को उत्तेजना मिलती है, जिससे एकाग्रता और स्मरण शक्ति में सुधार होता है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि तिलक लगाने के वैज्ञानिक लाभों पर अभी भी शोध चल रहा है।


**पीनियल ग्रंथि**

आज्ञा चक्र पीनियल ग्रंथि से भी जुड़ा होता है। यह ग्रंथि मेलाटोनिन नामक हार्मोन का उत्पादन करती है, जो नींद और तनाव को नियंत्रित करने में मदद करता है। तिलक लगाने से पीनियल ग्रंथि को उत्तेजना मिलती है, जिससे मेलाटोनिन का उत्पादन बढ़ता है।

## तारीख विशेष

### महात्मा गांधी की पुण्यतिथि

30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि है, जिनकी हत्या 1948 में नाथूराम गोडसे ने इसी दिन की थी। महात्मा गांधी, जिन्हें भारत में प्यार से 'बापू' कहा जाता है, ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने विभिन्न शांतिपूर्ण आंदोलनों के माध्यम से अहिंसा या अहिंसा की शक्ति का प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने मूल्यों और सिद्धांतों से दुनिया भर के नेताओं को प्रेरित किया। 30 जनवरी को मुख्य रूप से महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई जाती है। लेकिन यह दिन शहीद दिवस या शहीद दिवस भी है। यह उन सभी शहीदों को याद करने और उन्हें सम्मान देने का दिन है, जिन्होंने अपने देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। 30 जनवरी, 1948 को जब महात्मा गांधी अपनी पोतियों के साथ दिल्ली के बिड़ला भवन में शाम की प्रार्थना सभा को संबोधित करने जा रहे थे, तो हिंदू राष्ट्रवादी नाथूराम गोडसे ने उनके सीने में तीन गोलियां दाग दीं। रिकॉर्ड के अनुसार उनकी तत्काल मृत्यु हो गई। हर साल महात्मा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर याद किया जाता है क्योंकि देश के लोग महात्मा गांधी पुण्यतिथि मनाते हैं। महात्मा गांधी को पूरे देश में शांति और अहिंसा का अभ्यास करने के लिए लोगों को प्रभावित करने के लिए जाना जाता है। उन्होंने भारत में कई स्वतंत्रता आंदोलनों का नेतृत्व किया और उनमें योगदान दिया, जिसमें असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा आंदोलन, खिलाफत आंदोलन, भारत छोड़ो आंदोलन और चंपारण सत्याग्रह शामिल हैं। 1930 में उन्होंने नमक सत्याग्रह भी शुरू किया और गुजरात में साबरमती आश्रम से दांडी तक एक मार्च निकाला। महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर पूरे देश में प्रार्थनाएं की जाती हैं। सरकारी अधिकारी, नेता और नागरिक देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के स्मारकों और प्रतिमाओं पर इकट्ठा होकर उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं। शहीद दिवस के एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान में शहीदों द्वारा किए गए सर्वोच्च बलिदान को याद करने और उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए दो मिनट का मौन रखना भी शामिल है।



### पर्यटन

# मात्र तीस हजार में वियतनाम में सात दिन

समीर चौधरी

**यतनाम की पर्यटन अर्थव्यवस्था अकारण ही महिलाओं पर निर्भर नहीं है। वह खुशमिजाज, हाज़िर जवाब, स्मार्ट-सेल्सगर्ल और दोस्ताना स्वभाव की हैं। साथ ही वह महान क़िस्सागो (कहानी सुनाने वाली) भी हैं और उन सीक्रेट्स को शेयर करती हैं, जो गाइड बुक्स में नहीं हैं। इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि वे कड़ी मेहनत करने वाली हैं और उन्होंने उस देश में समता हासिल की है, जिसने अलग दिशा में ले जाने वाले दृष्टिकोणों से मुक्त होकर नया जन्म लिया है।**

- इमेज

मुझे अभी तक यकीन नहीं हो रहा है कि मैंने इस नए साल 2025 की अपनी पहली विदेश यात्रा मामूली बजट में मुकम्मल कर ली। मैं पूरे एक सप्ताह तक वियतनाम में रहा और आप विश्वास कीजिए मात्र 30,000 रुपए में। हां, इसमें फ्लाइट का खर्चा शामिल नहीं है, लेकिन वह भी इतना नहीं था कि जेब पर बोझ महसूस होता। बजट पर यात्रा करने का हमेशा यह अर्थ नहीं होता है कि आप आराम या स्वादिष्ट भोजन का त्याग कर दो। मेरी यात्रा बहुत आरामदायक रही और मैंने वियतनाम के स्थानीय फूड का भरपूर आनंद लिया। दरअसल, स्ट्रेटेजिक योजना और संयम के कारण मैं एक यादगार यात्रा का मजा ले सका, अपनी जरूरतों को पूरा कर सका और सब काम बहुत सस्ते में भी हो गया। दक्षिण-पूर्व एशिया के इस देश में मैंने अति सुंदर जगहों को देखा और लैंटर्न से जगमगाती सड़कों पर घूमने से लेकर स्वादिष्ट परम्परागत वियतनामी फ़ूड का सेवन किया। वियतनाम में अपनी सात दिन की दिनचर्या को बताने से पहले इस देश की कुछ खास बातों का स्मरण कराना मैं जरूरी समझता हूं। वियतनाम की संस्कृति व पर्यटन पूर्णतः महिलाओं पर निर्भर है। भले ही फ्रेंच शासकों ने वियतनाम से कॉफी का परिचय कराया हो, लेकिन आज वियतनाम कॉफी बीन्स का दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक है, महिलाओं ने उसे देशज बना लिया है और वह दही, नारियल दूध, अंडों और हद तो यह है कि फलों के साथ उसे सर्व करती हैं। इससे किक इस लिहाज से मिलती है क्योंकि महिलाएं कॉफी को राइस वाइन, नमक व मक्खन के साथ रोस्ट करती हैं। गाढ़ा दूध का चलन मजबूरी में हुआ; क्योंकि 20वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में युद्धों (पहले फ्रेंच साम्राज्यवाद से और फिर अमेरिका से) के दौरान ताज़े दूध की कमी पड़ गई थी। वियतनाम में स्ट्रीट फूड्स के खोखों पर छोटे-साइज की कुर्सियों रखी रहती हैं, जिन पर पलौथी मारकर भोजन करना हाजमे के लिए बहुत अच्छा रहता है। वियतनाम की पर्यटन अर्थव्यवस्था अकारण ही महिलाओं पर निर्भर नहीं है। वह खुशमिजाज, हाज़िर जवाब, स्मार्ट-सेल्सगर्ल और दोस्ताना स्वभाव की हैं। साथ ही वह महान क़िस्सागो (कहानी सुनाने वाली) भी हैं और उन सीक्रेट्स को शेयर करती हैं, जो गाइड बुक्स में नहीं हैं। इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि वे कड़ी मेहनत करने वाली हैं और उन्होंने उस देश में समता हासिल की है, जिसने अलग दिशा में ले जाने वाले दृष्टिकोणों से मुक्त होकर नया जन्म लिया है। लेकिन उनका विशिष्ट गुण आत्मविश्वास और गर्व है। यहां हर महिला के पास बाइक है, परिवार की आय में आधा योगदान करती है और कोई छोटा व्यापार चलाती है। 18 से 80 साल तक की महिलाएं फूड खोखा, कार्ट, कैफ़े, शॉप और बुटीक चलाती हैं। हां, अस्सी साल की महिलाएं! हनोई के पर्यटन ज़िले में होअन कीम झील के पास आधी रात में चहलकदमी करते हुए मुझे यह दांत रहित दादियां रसभरे फल, हाथ से बनी आइसक्रीम अपनी साइकिल कार्ट्स पर बेचती हुई मिलीं। उनकी दिल जीतने वाली मुस्कान मुफ़्त में मिली, जबकि मैंने उनकी कार्ट पर से कुछ खरीदा भी नहीं था। सैलून मालिक सुबह 2 बजे तक सेवाएं प्रदान करती हैं और स्वयं फुट मसाज करती हैं। बहरहाल, वियतनाम में मैं क्यूट होटलों और बुटीक होटलों के मिश्रण में ठहरा। उनमें रहते हुए मुझे अपने पैसे का मूल्य मिला। मुझे एक बार भी ऐसा महसूस नहीं हुआ कि मैंने स्टाइल या आराम से कोई समझौता किया है। मैं हो ची मिंह सिटी में मेंडर, होई अन में आइवी होटल में और डा नंग में सोफिअना माय खे में ठहरा। मैं इन्हीं होटलों में ठहरने का सुझाव दूंगा। यह सस्ते भी हैं और आरामदायक भी। वियतनाम में रेस्तरां सिर्फ सस्ते ही नहीं हैं बल्कि सुंदर, ट्रेंडी और शानदार हैं। आप कल्पना कीजिये कि होई अन की नौरिश ईट्री में मैंने अण्डों व ताज़ा नारियल के साथ अवोकेडो टोस्ट का एक बड़ा सा टुकड़ा मात्र 480 रुपए में खाया। जब स्थानीय फूड खाया तो वह इससे भी सस्ता पड़ा। वियतनाम में टैक्सी भी सस्ते में और आसानी से मिल जाती है। मसलन हो ची मिंह में एयरपोर्ट से अपने होटल तक मैं मात्र 300 रूपये में पहुंच गया और इस शहर के अधिकतर पर्यटक स्थलों तक हर बार जाने में मुझे कभी भी 100 रूपये से अधिक नहीं देने पड़े। अपनी यात्रा के पहले दिन मैं हो ची मिंह सिटी में उतरने के बाद मैं न्गुयेन ह्यू स्ट्रीट और द कैफ़े अपार्टमेंट गया था। दूसरे दिन भी मैं हो ची मिंह में ही रहा और साइगॉन सेंट्रल पोस्ट ऑफिस, तान दिन्ह पिंक चर्च और बुक स्ट्रीट गया। तीसरे दिन मैंने डा नंग के लिए फ्लाइट ली और फिर टैक्सी से होई अन गया। यह प्राचीन शहर है। यहां की दर्जी की दुकानों पर आपको कस्टम कपड़े मिल जायेंगे। मोमेंट्स होई अन में मैंने नारियल कॉफ़ी का आनंद लिया और फिर जब शाम को सूरज डूब रहा था तो लैंटर्न बोट में सफर किया; आनंद आ गया, ग़ज़ब का समा था। चौथे दिन मैं टैक्सी से वापस डा नंग आया और माय खे बीच क्षेत्र में ठहरा।



## गीता सार

**यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।**
**अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं**
**सृजाम्यहम्॥४-७॥**

**-: हिंदी भावार्थ :-**

हे भारत! जब-जब धर्म की हानि और अधर्म की वृद्धि होती है, तब-तब मैं अपने (साकार) रूप को रचता हूं॥7॥

## बोले तो...



महाकुंभ में हुआ हादसा अत्यंत दुखद है। जिन श्रद्धालुओं ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा हुआ है। मैं लगातार राज्य सरकार के संपर्क में हूं।

**- नरेन्द्र मोदी**



जब मैं कप्तान था तो मेरे लिए शांत रहना आसान था, लेकिन एक प्रशंसक के तौर पर चैंपियंस ट्रॉफी देखना आसान नहीं होगा। हमारी टीम काफी मजबूत है, लेकिन अगर हम एक भी मैच हारे तो टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर पहुंच जाएंगे। लगातार चिंता से तापमान बढ़ रहा है।

**- महेन्द्र सिंह धोनी**



महाकुंभ में अव्यवस्थाजन्य हादसे में श्रद्धालुओं के हताहत होने का समाचार बेहद दुखद है। सरकार से अपील है कि गंभीर घायलों को एयर एंबुलेंस की मदद से निकटतम सर्वश्रेष्ठ हॉस्पीटलों तक पहुंचाकर तुरंत चिकित्सा व्यवस्था की जाए। शवों को उनके निवास स्थान तक भेजने का प्रबंध हो।

**- अखिलेश याादव**

## कुछ अलग | अजब गजब

# आंख से गिर रहे थे आंसू, सीटी स्कैन से देखा तो अंदर मिली तीन इंच लंबी चॉपस्टिक

अगर हमारे शरीर के सबसे सेंसिटिव पार्ट की बात की जाए तो वो आंख ही होती है। अक्सर आपने देखा होगा कि अगर आपकी आंख में छोटा सा तिनका भी चला गया तो उसमें जलन, खुजली जैसी तकलीफ होने लगती है। ये तकलीफ इंसानों की आंखों में उस समय तक होती है, जब आंख के अंदर धंसी चीज बाहर ना निकल जाए। हालांकि कई बार हमारी बॉडी उतनी जल्दी रिएक्ट नहीं करती है, लेकिन इन दिनों इसी आंख को लेकर एक ऐसी कहानी सामने आई है। जहां आंख में एक तीन इंच की चीज घुस गई थी। जिसे देख डाक्टर भी काफी ज्यादा हैरान नजर आ रहे थे। ऑडिटी सेंट्रल में आई रिपोर्ट के माने तो वियतनाम की Can Tho University of Medicine and Pharmacy में एक 24 साल का लड़का अपनी आंख में दर्द की शिकायत लेकर पहुंचा। जब डाक्टरों ने उसकी आंखों की जांच की तो उन्हें उसकी आंख में अलग ही लेवल की चीज नजर आई। जिसको लेकर डाक्टर ने जब उससे सवाल-जवाब किया तो उसने बताया कि उसे हल्का-हल्का दर्द है। लेकिन उसको दिखने में कोई दिक्कत नहीं हो रही है।

**मवाद निकलने के कारण गहरा शक**

प्रोविंस का रहने वाला ये लड़का अपनी सूजी आंख लेकर डाक्टर के पास पहुंचा और अपनी बाईं आंख



दिखाते हुए बोला कि इसके पास उसे काफी ज्यादा दर्द और सूजन था। पहले तो डाक्टर चीजें सामान्य लगी क्योंकि लड़के का विजन भी एकदम सामान्य था। हालांकि डाक्टर को आंखों से मवाद निकलने के कारण शक गया। जब इसकी जांच की गई तो दिखा कि लड़के के चॉपस्टिक का तीन इंच का टुकड़ा आंख के पीछे गड़ा हुआ मिला। डाक्टरों ने बताया कि ये साइनस वॉल से होते हुए आंख के सॉफ्ट टिश्यूज में जाकर धंस गया था। लड़के को इस बात की कोई जानकारी ही नहीं थी कि वो उसकी आंख में कैसे घुसा है। हालांकि दिमाग पर जोर डालने के बाद उसने बताया कि उसे इसके बारे में ज्यादा याद तो नहीं लेकिन एक पार्टी में मेरी झड़प हो गई थी और सामने वाले ने मुझ पर शायद उस समय चॉपस्टिक से हमला कर दिया था। डाक्टरों ने बहुत ही सावधानी से उसे टुकड़े को आंख से बाहर निकाला और घाव को साफ कर दिया। इस पूरे केस में गनीमत की बात तो ये रही कि लड़के की आंख बच गई।

## पाठक पाती

### चुनाव की वैकल्पिक प्रणाली

अपने देश में बहुदलीय चुनाव प्रणाली है। इसके चलते करीब 35% वोट पानेवाला दल भी अक्सर बहुमत पा लेता है। प्रायः 60-65% मतदाता ही मतदान में हिस्सा लेते हैं। इस तरह कुल मतदाताओं के करीब 20-25% हिस्से का मत पाकर ही सत्ता में आया जा सकता है। इस विसंगति के लिए बहुदलीय प्रणाली को दोष दिया जाता है, लेकिन क्या दो-दलीय प्रणाली इस समस्या का हल हो सकती है? मान लीजिए कि एक देश में दो ही दल हैं , जिनका नाम क्रमशः 'अ' और 'ब' है। इस देश में 100 सीटें हैं। शत-प्रतिशत मतदान होता है, कोई भी मत अवैध नहीं होता है। मान लीजिए कि दल 'अ' को 51 सीटों पर 51% वोट प्राप्त होता है और बाकी सीटों पर शून्य वोट प्राप्त हुआ। इस तरह 'अ' को 51 सीटें मिल जाएगी। यानी महज 26-27% मत पाकर ही 'अ' दल चुनाव जीत जाएगा, जबकि 'ब' 73-74% वोट पाकर भी चुनाव हार जाएगा। इस पद्धति में अगर पार्टी 'अ' को 40% वोट मिलता है तो उसे 40 सीटें मिलेंगी तथा पार्टी 'ब' को बाकी 60% वोट मिलता है तो उसे 60 सीटें मिलेगी।

**- संदीप कुमार, मधुपुर (झारखंड)**

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

**नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि.** के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# बाली से बिलाड़ा धाम जाएगा श्री आईमाताजी का धर्म वेल रथ

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



▶▶ सीरवी समाज ने ढोल-बाजों और जयकारों के साथ की विदाई, बड़ी बीज को पहुंचेगा मुख्य धाम

**बाली।** बाली गौड़वाड़ में भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जहां श्री आईमाताजी के धर्म वेल रथ को बिलाड़ा धाम के लिए विदाई दी गई। बाली किलै चौक से शुरू हुए इस विदाई समारोह में सीरवी समाज की परंपरा के अनुसार ढोल-बाजों और जयकारों के साथ रथ को रवाना किया गया। समारोह में समाज के कोटवाल नथाराम सोलंकी और जमादारी कानाराम काग की विशेष उपस्थिति रही।

समाज के वरिष्ठ सदस्यों, महिलाओं और युवाओं ने मंगल गीतों के साथ पुष्प मालाएं अर्पित कर रथ की विदाई की। रथ बड़ी बीज के दिन बिलाड़ा स्थित मुख्य धाम पहुंचेगा। कार्यक्रम में नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन जगाराम चौधरी, पुखराज परमार, तेजाराम गहलोत, पार्षद गोमाराम लचेटा, जोधाराम लचेटा, चेनाराम हाम्बड और कृषि अधिकारी राजाराम चौधरी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

इसके अलावा रामलाल, मांगीलाल गहलोत, हेमाराम परमार, भंवरलाल देवडा, जसाराम चौधरी, नेनाराम सीरवी, दोलाराम मुलेवा, भोलाराम राठौड़ और चेनाराम सीरवी भी उपस्थित रहे।

सीरवी समाज के मीडिया प्रभारी खेताराम महाराज ने यह जानकारी साझा की।

# उपखंड स्तर पर झांकी में विवेकानंद स्कूल प्रथम

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** स्थानीय स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने गणतंत्र दिवस समारोह में झांकी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रिंसीपल शैतानसिंह सांदू ने बताया कि उपखंड स्तर पर शिक्षा क्रांति रंगमंच मैदान पर आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में इस बार विद्यालय के बालक-बालिकाओं की झांकी को उपखंड प्रशासन ने प्रथम स्थान देकर गौरान्वित किया हैं। इस बार की झांकी पौराणिक युग, मध्यकालीन युग एवं आधुनिक युग पर आधारित थी, जिसमें तीनों युगों की जानकारियों के साथ विद्यालय के बालक-बालिकाओं ने उसी काल की वेशभूषाओं में प्रदर्शन कर दर्शकों को दांतो तले अंगुलियां दबाने पर मजबूर कर दिया। बालक-बालिकाओं ने युगों से संबंधित होर्डिंग से जनजागरण भी किया। झांकी की साज-सज्जा एवं थीम को बनाने में प्रभारी तेजराज टेलर, सुमन दाधीच, पुष्पा छीपा, मधुबाला समेत विद्यालय स्टाफ ने सहयोग किया।




# अवैध बजरी परिवहन पकड़े जाने के भय से डंपर सड़क पर खाली किए

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** बजरी माफियाओं द्वारा अवैध बजरी खनन कर ऊंचे दामों में अवैध बजरी भर डंपरों को रात में सड़क मार्गों पर दौड़ाया जा रहा है। बजरी पर रोक के बावजूद माफिया डंपरों के माध्यम से अवैध बजरी परिवहन कर रहे है, मगर इस बार पिछले दो दिनों में पुलिस की सक्रियता व सघन नाकाबंदी होने से बजरी माफियाओं के डंपर बेरंग लौटने को मजबूर हो गए।

पुलिस की पकड़ व कानूनी कार्यवाही व वसूली को लेकर अवैध बजरी से भरे डंपरों को सड़क पर ही खाली कर रफ्फूचक्कर हो रहे है। देसूरी नाल घाट के नाग देवता मंदिर के नीचे पूल के एक दीवार के निकट अवैध बजरी को खाली किया गया। वहीं मंगलवार की रात में अवैध





बजरी से भरे डंपर को देसूरी के डाक्टर भीमराव अंबेडकर छात्रावास के निकट सड़क मार्ग पर खाली किया गया है। सूत्रों ने बताया कि बजरी माफिया रात में सक्रिय हो कर डंपरों के आगे वाहन से पुलिस की रेकी करते है, ऐसे में पुलिस के होने पर वे तुरंत डंपर चालकों को आगे नहीं आने देते व सड़क मार्ग पर ही अवैध बजरी को खाली कर निकल जाने को कहते है। ऐसे में पुलिस की पकड़ से दूर हो जाते है।

# जीव दया का अनूठा उदाहरण पेश





■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिंवाड़ा।** स्थानीय कस्बें के गौ प्रेमी ने अपने बेरे पर चार एकड़ में 108 किलो की लहलहाती मेथीं की फसल को कस्बे में स्थित बालाजी महाराज आदर्श गौशाला को भेंट कर दी गई। बालाजी गौशाला के उप कोषाध्यक्ष नारायणलाल देवासी ने बताया कि कस्बे के गौ प्रेमी महावीर घेवरचंद डागा परिवार ने अपने बेरे पर चार एकड़ में खडी मेथीं की फसल को गौशाला में गोवंश के लिए भेंट कर दी गई।

जो पिछले एक सप्ताह तक से लगातार तीन-तीन टेक्टर ट्रॉली गौशाला में गोवंश के लिए पहुंच रही है।

# खिंवाड़ा : साइकिल पाकर हर्षित बालिकाएं

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिंवाड़ा।** समीपवर्ती पिलोवनी ग्राम पंचायत के घेनड़ी गांव स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को सरपंच किशोरसिंह राजपुरोहित के मुख्य अतिथि, समाजसेवी लादूसिंह राजपुरोहित के विशिष्ट अतिथि व संस्था प्रधान विनोद कुमार स्वामी की अध्यक्षता में आयोजित एक समारोह में कक्षा नवम की 15 बालिकाओं को साईकिल वितरण की गई। साईकिल पाकर बालिकाओं के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर सरपंच किशोर सिंह राजपुरोहित ने विद्यार्थियों के सम्मुख आधुनिक समय में शिक्षा के महत्व को बताते हुए पूर्ण मनोयोग से अध्ययन करने का आह्वान किया गया।




# साइकिल पाकर छात्र-छात्राएं उल्लासित



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय आना में कक्षा नवम में अध्यनरत 35 छात्राओं को राज्य सरकार की निःशुल्क साइकिल योजना के अंतर्गत बुधवार को सरपंच प्रतिनिधि रमेश कुमार जनवा, सोहनलाल गर्ग, प्रधानाचार्य चंपालाल सुथार, व्याख्याता अर्जुन सिंह और प्रकाश वैष्णव की उपस्थिति में वितरित की गई यात्राएं साइकलिंग प्राप्त कर बहुत प्रसन्न हुई। इस अवसर पर विद्यालय की निशक्त छात्रा को ट्राई साइकिल भी दी गई। इस अवसर पर अनामिका त्रिपाठी मांगीलाल आदरा भूराराम मेघवाल शारीरिक शिक्षक महेश शर्मा व कनिष्ठ सहायक प्रदीप लुनिया भी उपस्थित रहे।

# प्रतिभावान सम्मान समारोह दो को

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** रावणा राजपूत समाज तहसील सुमेरपुर का प्रतिभावान सम्मान समारोह दो फरवरी को काला गोरा भेरुजी मंदिर तगतगढ़ में आयोजित होगा। समाज के प्रवक्ता सुखसिंह खंगारोत ने बताया कि



प्रतिभावान सम्मान समारोह में शिक्षा, खेल, कला, साहित्य, 2023 -24 में चयनित प्रतिभागी, पदोन्नति व सेवानिवृत्ति सरकारी कर्मचारी, समस्त विजेता पार्षद, योग्यता रखने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह को सफल बनाने में तहसील अध्यक्ष सुमेरपुर पूरण बाकली, हड़मत सिंह दुजाना, तेजपाल सिंह पोमावा, महेंद्र सिंह सोलंकी, विक्रम सिंह जाखानगर, विक्रम सिंह बिरोलिया एवं उनकी पूरी टीम लगी हुई है।

# बाली पेंशनर उप शाखा कार्यकारिणी व सदस्यों की मासिक बैठक संपन्न

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** बाली पेंशनर उप शाखा कार्यकारिणी व सदस्यों की मासिक बैठक अध्यक्ष वरदाराम चौधरी की अध्यक्षता मे संपन्न हुई। मिडिया प्रभारी सुरेंद्र सिंह सोनीगरा ने बताया कि बैठक मे पेंशनर्स की समस्याओं पर चर्चा के अलावा उपखंड, बाली परिसर में बने हुए पेंशनर भवन को खाली करवाने हेतु उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त वर्ष 2025 से सदस्यता शुल्क 250 रूपए से बढ़ाकर 500 रूपए प्रति वर्ष करने का निर्णय लिया गया। माह फरवरी में सभी सदस्यों हेतु स्नेह मिलन कार्यक्रम रखने के अलावा परिवार पेंशनर की समस्याओं को निपटाने हेतु मुख्य कस्बों में कैंप लगाने पर सहमति हुई। संरक्षक सुलेमान टांक के सुझाव पर वर्ष में एक बार सामूहिक भ्रमण व स्नेह भोज



का भी निर्णय लिया गया। बैठक में अध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त किया। बैठक के अंत में पेंशन भवन हेतु सामूहिक रूप से उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर संरक्षक जयनारायण वैष्णव, मोतीलाल गहलोत, उपाध्यक्ष हीरालाल रावलिया, मिश्रीमल सोनी, चुन्नीलाल, लखमाराम परमार, सुरेंद्र सिंह, अशोक कुमार वछैटा, रमेश कुमार, भगवान सिंह राणावत, भंवरलाल विश्वकर्मा, मूलाराम, कालूराम, गंगा राम, रतन सिंह बेडा, मोहब्बत सिंह, मूल सिंह राजपुरोहित, थानसिंह, अर्जुन सिंह सोलंकी, मूलचंद भाटी व उदयसिंह उपस्थित रहे। सदस्यों की मासिक बैठक प्रत्येक माह में पांच तारीख को रखने का निर्णय लिया गया।

## पाली में ट्रक पलटा ड्राइवर घायल

**पाली।** पाली में एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गया। हादसे में ड्राइवर गंभीर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए पाली के बांगड़ अस्पताल लाया गया। जहां उसका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार पाली जिले के सांडेराव थाना क्षेत्र के सिंदरू के निकट एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर बुधवार को पलट गया। हादसे में ट्रेलर ड्राइवर पंजाब के पटियाला क्षेत्र निवासी 30 साल का परमिंदर सिंह पुत्र मेजरसिंह गंभीर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए पाली के बांगड़ अस्पताल बुधवार सुबह लाया गया। जहां उसका उपचार जारी है। हादसे में ड्राइवर के सिर, हाथ-पांव में जगह-जगह चोटें आई।

# खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** युवा मामले विभाग के अधीन नेहरू युवा केंद्र पाली द्वारा स्थानीय युवा मंडलों के सहयोग से देसूरी पंचायत समिति के जोबा में दो दिवसीय ब्लॉक समूह स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व मंत्री अचलाराम मेघवाल ने शिरकत की उन्होंने युवाओं के जीवन में अनुशासन से ही सफलता के बारे में जागृत किया। शारीरिक शिक्षा उप जिला शिक्षा अधिकारी बलबीर सिंह राणावत ने युवाओं को खेल की भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। युवा पार्षद एवं जिला युवा सलाहकार समिति सदस्य नारायण देवासी ने युवाओं को खेल से स्वास्थ्य और फिटनेस के लिए प्रेरित किया। जिला युवा अधिकारी राजेंद्र जाखड़ ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। ब्लाक स्वयंसेवक हितेश सोनी ने बताया कि कबड्डी में आना ने जोबा को और मांडीगढ़ ने गुड़ा आखिराज को मात दी। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष भंवरलाल चौधरी, भगाराम दहिया के अलावा निर्णायक के तौर पर धनाराम मोबासरा, दुर्गाराम जाट, गोपाराम, पप्पू मेवाड़ा, कृष्णकांत, मदन पुरी आदि उपस्थित रहे। मंच संचालक प्रकाश मेवाड़ा ने किया।

# मेघवंशी ने दिवंगत दिव्याराज को दी श्रद्धांजलि

## परिजनों को दिलाया न्याय का भरोसा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** जयपुर के मालवीय नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमएनआईटी) में पढ़ने वाली छात्रा दिव्याराज मेघवाल की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। प्रदेश के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता एवं लेखक श्री भंवर मेघवंशी ने नारलाई पहुंचकर दिवंगत दिव्याराज के पिता पूर्व सरपंच खंगारराम मेघवाल सहित परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने दिव्याराज को श्रद्धांजलि अर्पित की और परिवार को सांत्वना दी।

**परिजनों से की विस्तृत चर्चा**

भंवर मेघवंशी ने दिव्याराज की मौत से जुड़े घटनाक्रम की पूरी जानकारी ली। परिजनों ने बताया कि जयपुर एमएनआईटी के गर्ल्स हॉस्टल की छठी मंजिल से गिरने के कारण मौत की बात सामने आई है, लेकिन इस घटना को लेकर प्रशासन की ओर से कोई ठोस जानकारी या सबूत नहीं दिया गया। परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच न होने की आशंका व्यक्त की और न्याय की मांग की। इस दौरान पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रमोदपाल सिंह मेघवाल व भीलवाड़ा के सामाजिक कार्यकर्ता हीरालाल मेघवंशी भी साथ मौजूद थे।

**निष्पक्ष जांच और न्याय का आश्वासन**

घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए भंवर मेघवंशी ने परिजनों को आश्वासन दिया कि वे इस मामले को संबंधित अधिकारियों और सरकार के समक्ष मजबूती से उठाएंगे। उन्होंने कहा कि दिव्याराज के परिवार को न्याय दिलाने के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे। इस दौरान नारलाई के नेनाराम मोबारसा, खरताराम मोबारसा, भानाराम मोबारसा,



पोकरराम मोबारसा, मोहनलाल सोलंकी, गंगा मेघवाल, प्रकाश मोबारसा, ललितेश मोबारसा, डा. आनंदपाल, किशोर ढेलडी सहित परिजन व ग्रामीण मौजूद थे।

**समाज की बढ़ती एकजुटता**

इस दुखद घटना के बाद नारलाई और आसपास के क्षेत्रों में समाज के लोगों का गुस्सा और आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इससे पहले भी सर्व समाज और मेघवाल समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में एकजुट होकर दिव्याराज की मौत की निष्पक्ष जांच की मांग की थी।

**न्याय की मांग पर दृढ़ संकल्प**

भंवर मेघवंशी ने कहा कि यह सिर्फ एक परिवार का मुद्दा नहीं है, बल्कि पूरे समाज की अस्मिता का प्रश्न है। उन्होंने प्रशासन और सरकार से इस मामले की गहन और निष्पक्ष जांच करने की मांग की ताकि दोषियों को सजा मिले और दिवंगत आत्मा को न्याय प्राप्त हो सके।

**समाज की अपील**

नारलाई और आसपास के ग्रामीणों ने भी सरकार से आग्रह किया है कि इस घटना की उच्चस्तरीय जांच करवाई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। यह घटना केवल नारलाई ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए चिंता का विषय बन गई है। समाज और परिजन न्याय की आस लगाए हुए हैं और आशा है कि सरकार शीघ्र कार्रवाई कर दिवंगत दिव्याराज मेघवाल को न्याय प्रदान करेगी।

# रानी में मंदिर में चोरी करने वाला गिरोह पकड़ा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

▶▶ पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार,

▶▶ गूगल मैप से खोजते थे निशाना

**रानी।** क्षेत्र के बिजोवा रेलवे फाटक के पास स्थित मामाजी मंदिर में हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जबकि गिरोह का सरगना अभी भी फरार है। रानी थानाधिकारी पन्नाराम प्रजापत के अनुसार, 11-12 जनवरी की रात को अपराधियों ने पुजारी नवाराम (65) पर धारदार हथियारों से हमला किया।

उनसे सोने के लुंग, चांदी के कड़े, बटुआ और मोबाइल फोन लूट लिए। साथ ही मंदिर की तिजोरी और दान पेटी से नकदी भी चुरा ली। गिरफ्तार आरोपियों में भरत (20), भरत (20), बदाराम (21), भारताराम (27) और कुसाराम (20) शामिल हैं। गिरोह का सरगना भेराराम (23) अभी फरार है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक ने 15,000 रुपये का इनाम घोषित



किया था। जांच में सामने आया कि गिरोह मंदिरों को निशाना बनाने के लिए गूगल मैप का इस्तेमाल करता था। पहले मंदिर की रेकी कर वहां रखी कीमती सामग्री और नकदी की जानकारी जुटाते थे। वारदात के दौरान विरोध की स्थिति में हमला करने के लिए तलवार, गंडासा और लोहे के सरिए जैसे हथियार साथ रखते थे।

**पाली, जालोर, सिरोही में वारदातें की**

इस संगठित गिरोह ने अभी तक पाली, जालोर, सिरोही में एक दर्जन से अधिक वारदात को अंजाम दिया है। चोरी के मुख्य सरगना ने रानी खीमावत चेरीटेबल ट्रस्ट में चोरी कर लाखों के जेवरात चुरा लिए थे। पुलिस ने बताया-फरार गिरोह का सरगना भेराराम पुत्र सोनाराम अव्वल दर्जे काम नकबजन रह चुका है, जो हर बार चोरी में नए नए लड़कों को शामिल कर वारदात करता था।

# डिजिटल बैंकिंग की जानकारी दी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** मुण्डारा गांव नरेगा श्रमिक में बुधवार को एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वित्तीय साक्षरता मनी वाइज क्रिसिल फाउंडेशन के फील्ड कोऑर्डिनेटर जितेंद्र गहलोत उपस्थित लोगों को डिजिटल जागरुकता के महत्व और इसके सुरक्षित उपयोग पर विस्तार से जानकारी दी। साइबर सुरक्षा और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव पर विशेष ध्यान कार्यक्रम के दौरान, ऑनलाइन बैंकिंग, यूपीआई से लेन-देन और वित्तीय फ्रॉड के बारे में बताया और साइबर सुरक्षा के उपायों पर भी जोर दिया। "आजकल ऑनलाइन धोखाधड़ी की घटनाएं बढ़ रही हैं, ऐसे में हमें सतर्क रहना बहुत जरूरी है। यदि किसी को किसी भी प्रकार का फ्रॉड होने की स्थिति का सामना करना पड़े, तो तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें।"



# रेपड़ावास में महायज्ञ का समापन आज

**सोजत।** सोजत के रेपड़ावास गांव में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में चल रहे 24 कुंडी गायत्री महायज्ञ का तीसरा दिन आध्यात्मिक माहौल में संपन्न हुआ। टोली नायक डा. अशोक ने कहा कि आज संस्कारों की कमी के कारण परिवारों में कलह बढ़ रही है और संयुक्त परिवार टूट रहे हैं। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुईं। गायक हेमलाल ने 'बड़े भाग ये मनुज तन मिला था' गीत से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। तबला वादक छबीलाल गढ़िया और पियानोवादक रामशंकर ने भी अपनी कला का प्रदर्शन किया। महायज्ञ का समापन गुरुवार को होगा।

# उपखंड स्तरीय गणतंत्र दिवस पर अल्ताफ खान सम्मानित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** बाली उपखंड स्तरीय गणतंत्र दिवस पर अल्ताफ खान को सम्मानित किया। ये सम्मान उन्हें संपूर्ण क्षेत्र में प्रभावी नियंत्रण एवं सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने में प्रभावी भूमिका अदा करने पर ये सम्मान मिला है। उन्हें सम्मानित करने पर सलीम खान, हाजी मोहम्मद शरीफ, अयूब खान, रुस्तम खान, फिरोज खान, रियाज खान, रफीक खान, नाजिम खान, असलम खान, आरिफ खान, रफीक मोहम्मद, मोहम्मद शाहीद, मोहम्मद अनस, रईस खान, अतीक खान, मोहम्मद अल्तमश और आफरीन अल्फीशा ने बधाई दी।



## खाटू श्याम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ

# पुष्प वर्षा और जयकारों के बीच निकली कलश यात्रा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानी।** गणपति मंदिर परिसर में नवनिर्मित श्री खाटू श्याम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय महोत्सव सोमवार को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। नर्मदेश्वर महादेव विकास संस्थान द्वारा आयोजित इस समारोह में सैकड़ों महिलाओं और बालिकाओं ने सिर पर कलश लेकर शहर की गलियों में यात्रा निकाली।

नगरवासियों ने यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा और आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम के पहले दिन रात्रि में भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक नरेश प्रजापत अपनी प्रस्तुति देंगे। महोत्सव के दूसरे दिन 30 जनवरी को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों और यज्ञ का आयोजन होगा। समारोह का समापन 31 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा विधि और महाप्रसादी वितरण के साथ होगा। यह आयोजन स्थानीय धार्मिक और सामाजिक जीवन में एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा।

# छात्राओं को दी यातायात नियमों की जानकारी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** वैदिक कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में यातायात पुलिस की ओर से सड़क सुरक्षा माह के तहत छात्राओं को नियमों की जानकारी दी गई। यातायात प्रभारी एएसआई कृष्णाराम, हैड कांस्टेबल वागाराम ने कक्षा 11वीं एवं 12वीं की बालिकाओं को यातायात का उपयोग करते समय बरतने वाली सावधानियों की जानकारी देते हुए यातायात नियमों की पालना की अपील की। प्रधानाचार्य सुमन शर्मा ने समय-समय पर इस प्रकार की जानकारी से अवगत कराने के लिए थाना अधिकारी व उनकी टीम का धन्यवाद दिया। इधर महाराणा प्रताप सर्किल पर बुधवार को आबू मार्बल एसोसिएशन की तरफ से निःशुल्क हेलमेट वितरण किया गया। तहसीलदार, एसोसिएशन के सदस्यों व रीको थानाधिकारी ने आरसी व लाइसेंसधारी दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनाए। एसोसिएशन की ओर से प्रशासन को 50 हेलमेट उपलब्ध करवाए गए। रीको के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज त्यागी, रीको थानाधिकारी लक्ष्मणसिंह चंपावत, आबू मार्बल एसोसिएशन के अध्यक्ष भगवान अग्रवाल, सचिव रमन बंसल, कोषाध्यक्ष रामप्रताप चौधरी, अनिल यादव, लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष प्रद्युम्नसिंह भाटी, अरविंद बंसल, ओमप्रकाश अग्रवाल समेत अन्य उद्यमी मौजूद थे।

**पिण्डवाड़ा।** माधव विवि, एम्स माधव अस्पताल एवं एनएचआईटी के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा को लेकर दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन माधव विवि में किया गया। एनएसएस के निदेशक डॉ. देवेंद्र मुजाल्दा ने बताया कि इस कार्यक्र म के दौरान सड़क सुरक्षा के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पोस्टर प्रतियोगिता, नक्कड़ नाटक और अन्य कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त छात्रों को अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के नीलेश परमार ने सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रेससिटेशन) प्रशिक्षण से भी अवगत कराया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। इस पहल के जरिए न केवल सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई गई, बल्कि छात्रों को जीवन रक्षक तकनीकों के बारे में भी जानकारी दी गई। जिससे वे सड़क हादसों में दूसरों की मदद कर सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन हिम्मतसिंह देवल ने की। मुख्य अतिथि एनएचआईटी के प्रोजेक्ट मैनेजर शैलेंद्रसिंह राजपूत व विशेष अतिथि रोहिड़ाथाना माया पंडित, हरिचरण मिश्रा, परिवहन अधिकारी आबूरोड ईश्वर कोहली, विवि के प्रेसिडेंट डॉ राजीव माथुर, रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत, कॉरिडोर प्रबंधक बिपिन मेवाड़ा, एनएचआईटी के सुरक्षा अधिकारी ब्रजेश पांडे, उडवारिया टोल प्लाजा एनएचआईटी के प्लाजा प्रबंधक आजाद शर्मा, इंस्पेक्टर रणवीरसिंह, राजेश कुमार तिवारी, खेमनान टोल प्लाजा एनएचआईटी के प्लाजा प्रबंधक सुनील कुमार शुक्ला मौजूद रहे। अतिथियों को हनुमान की प्रतिमा देकर सम्मान किया। रजिस्ट्रार डॉ भावेश कुमावत में सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। भरत कश्यप समेत कई जने मौजूद थे।



# न्यूज ब्रीफ

## सोसायटी की समस्याओं के समाधान की मांग



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रेवदर।** गणेश ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड के अध्यक्ष हरिसिंह देवड़ा ने सांसद लुंबाराम चौधरी के रेवदर आगमन के दौरान सोसायटी की विभिन्न समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन। ज्ञापन में बताया कि पिछले 6 महिनों से रेवदर सोसायटी में यूरिया खाद्य नहीं आने से किसानों को भारी समस्या हो रही है। यूरिया खाद्य नहीं मिलने से किसानों को बाजार में मजबुरी में महंगे दाम देकर यूरिया खरीदना पड़ रहा है। फसली बीमा साल में दो बार कंपनी द्वारा वसूल किया जाता है लेकिन फसले खराब होने के बावजूद भी मुआवजा नहीं मिलता है जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। इसी क्रम में सांसद लुंबाराम चौधरी के करोटी पहुंचने पर ग्रामीणों ने स्वागत कर समस्या समाधान की मांग को लेकर ज्ञापन दिया। ग्रामीणों ने मकावल के बुटड़ी से भेरूगढ़ तक (मिसिंग लिंक योजना) पक्की सड़क की मांग, बुटडी में आंगनवाड़ी भवन निर्माण, सिरोही डिपो से रेवदर, मकावल, वाया भटाणा, कपासिया होते हुए पालनपुर के लिए सुबह शाम राजस्थान रोडवेज बस सेवा चालू करने, पाली डिपो से अहमदाबाद आने जाने वाली रोडवेज बस सेवा दो-तीन महीने से बंद है। जिससे भटाणा, कपासिया रूट के लिए आने जाने वाले यात्री को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, पाली डिपो से अहमदाबाद आने जाने के लिए रोडवेज बस सेवा फिर से शुरु करवाने की मांग की।

## जिला स्तरीय सीनियर प्रतियोगिता आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** सॉफ्टबॉल की सीनियर स्टेट प्रतियोगिता हनुमानगढ़ जिले में 2 से 5 फरवरी के मध्य होगी। इसी के तहत 28 से 29 जनवरी तक रेलवे ग्राउंड में सॉफ्टबॉल की जिला स्तरीय प्रतियोगिता हुई। सॉफ्टबॉल के कोच धर्मेंद्र शाक्य व प्रवीणसिंह देवड़ा के अनुसार बॉयज वर्ग में 8 व गर्ल्स वर्ग में 6 टीमों ने भाग लिया। जिसमें किवरली प्रथम व वास क्लब द्वितीय रही। गर्ल्स में पोसालिया क्लब प्रथम व वास क्लब द्वितीय रही। महिला कोच व पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी श्रीमती गजराज कंवर के अनुसार सर्वश्रेष्ठ 12 बालक व 12 बालिकाओं का चयन किया गया। यह जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए हनुमानगढ़ में प्रदर्शन करेंगे। मुकुल भटनागर, अभिषेक शर्मा, प्रवीनसिंह, देवराजसिंह, दीपेश आदि उपस्थित थे।

## न्यायालय के आदेश पर सुपुर्द करवाया पशुधन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** उच्च न्यायालय के आदेश पर पिंडवाड़ा पुलिस ने पीपल फॉर स्ट्रीट डॉग सोसायटी से पशु मालिक को पशुधन दिलवाया। पुलिस थाना पिण्डवाड़ा ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर पशुधन पाडे पीपल फॉर स्ट्रीट डॉग सोसायटी चांदनी खंडेलवाल के एनजीओ को देखभाल के लिए सुपुर्द किया था। जिस पर प्रार्थी दीना भाई रेबारी की ओर से अधिवक्ता रहीश कुरैशी ने पैरवी कर पिंडवाड़ा न्यायायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट मे पशुधन छुड़ाने की प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। न्यायालय ने उक्त पशुधन प्रार्थी को देने के आदेश किए थे। लेकिन, पीपल फॉर स्ट्रीट डॉग सोसायटी चांदनी खन्डेलवाल ने पशुधन देने से इंकार कर दिया। जिस पर प्रार्थी ने राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर मे पिटिशन दायर की। राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर ने सुनवाई कर पुलिस अधीक्षक को 24 घंटे में प्रार्थी को पशुधन सुपुर्द करने के आदेश किए। साथ ही भविष्य मे किसी भी प्रकार का सजीव एवं निर्जीव सामान एनजीओ पीपल फॉर स्ट्रीट डॉग सोसायटी चांदनी खंडेलवाल को देने पर रोक लगा दी है। न्यायालय आदेश की पालना कर पिंडवाड़ा पुलिस मय जब्ता खंडेलवाल के घर पहुंची। प्रार्थी को उसका पशुधन सुपुर्द किया।

## बाइक पर गांजा परिवहन करते दो गिरफ्तार



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** रीको पुलिस ने बाइक पर गांजा परिवहन करते दो युवकों को गिरफ्तार कर गांजा बरामद किया। रीको थानाधिकारी लक्ष्मणसिंह चम्पावत के नेतृत्व में टीम गठित टीम ने अमरनाथ महादेव मार्ग पर नाकाबंदी की गई। उसी दौरान दो व्यक्ति पर सवार होकर आए। जिनको रोककर उनकी जांच की तो उनके पास से प्लास्टिक के कटटे में 2 किलो 55 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। इस दौरान पुलिस ने उदयपुर के मांडवा थाना के बीचलीफली उमरी पादर निवासी नुरियाराम उर्फ नरेश पुत्र लादूराम गमेती व गुलाब पुत्र रामा गरासिया को गिरफ्तार बाइक जब्त की।

# आरएएफ के असिस्टेंट कमांडेंट ने की सीएलजी सदस्यों से चर्चा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रोहिडा।** आरएएफ के असिस्टेंट कमांडेंट राजेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में परिचित अभ्यास के लिए थाने में सीएलजी की बैठक का आयोजन किया गया। थानाधिकारी माया पंडित के सहयोग में परिचित अभ्यास किया। जिसमें सीएलजी सदस्य, पुलिस मित्र,सुरक्षा सखी ओर आम नागरियों को आपदा के समय में बचाव की जानकारी दी। इसके बाद माधव विवि के छात्रों से संवाद कर विवि कैंपस में पौधारोपण किया। थानाधिकारी माया पंडित, विवि के रजिस्ट्रार प्रिंसिपल और हेड कांस्टेबल रोहिताश सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** फतेहपुरा के जंगल में युवक का शव पेड़ से लटका हुआ मिला। सूचना मिलने पर गिरवर चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची। पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। सदर पुलिस के अनुसार फतेहपुरा के घने जंगल में एक पेड़ से युवक का शव लटके होने की सूचना मिली। इस पर गिरवर चौकी से जाब्ता मौके पर पहुंचा। मृतक की पहचान चंदू पुत्र हूंसा गरासिया के रुप में हुई। लोगों की मदद से शव को नीचे उतरवाया गया। आबूरोड मोर्चरी में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

# प्रतिभा सम्मान समारोह एवं भजन संध्या कल



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**गोयली।** पालडी आर में संत नगाजी महाराज एवं उनकी पत्नी की जीवित समाधि स्थल पर शुक्रवार को मेले के दौरान प्रतिभाओं का सम्मान भी किया जाएगा। रात को भजन संध्या का आयोजन होगा।

# एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र के तहत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक मंगलवार को जिला परिषद् सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम जिले में सिलिकोसिस की समस्या से निजात पाने के लिए इंडियन कौंसिल फॉरमेडिकल रिसर्च से सम्बन्ध नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ ऑक्यूपेशनल हेल्थ की अहमदाबाद इकाई से डॉ. मिहिर रुपानी ने जिले में सर्वे करने तथा नियंत्रण के उपाय सुझाने के सम्बंध में उनके प्रोजेक्ट की विस्तार से जानकारी दी। जिला कलेक्टर ने स्टोन कार्विंग के कार्य में लगी हुई सभी औद्योगिक इकाईयों को टीम का सहयोग करने तथा सिलिकोसिस पर स्टडी में सहयोग करने के निर्देश दिए। आबूरोड औद्योगिक संघों के द्वारा जिले के ओडीओपी प्रोडक्ट में मार्बल स्टोन आर्टिकल की जगह पर सभी तरह के स्टोन को शामिल करने की मांग की। भगवान अग्रवाल ने जिला कलेक्टर को अवगत कराया कि वर्तमान में उनके पास डंपिंग करने के लिए औद्योगिक क्षेत्र में कोई यार्ड खाली नहीं है अतः नजदीक में खाली पड़ी राजकीय भूमि पर अस्थायी डंपिंग की अनुमति दी जाए। जिला कलेक्टर ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर से मामले में रिपोर्ट प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जिला उद्योग केंद्र के सहायक आयुक्त अनंत आर्य ने बैठक में राज्य सरकार की एक्सपोर्ट प्रमोशन पालिसी 2024 तथा राजस्थान एकीकृत क्लस्टर विकास नीति की जानकारी प्रदान की तथा जिले से एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए सभी उद्योग संघों से सुझाव मांगे। राइजिंग राजस्थान के तहत राज निवेश पोर्टल पर प्राप्त सभी एमओयू प्रस्तावों को धरातल पर उतारने और प्रगति का रियल टाइम डाटा पोर्टल पर अपडेट करने के सम्बन्ध में सभी विभागों के अधिकारियों के साथ चर्चा की गई। जिला कलेक्टर ने 31 जनवरी तक भूमि उपलब्धता की जानकारी वाले माइल स्टोन को पोर्टल पर अपडेट करने के लिए निर्देशित किया। एमओयू करने वाले निवेशकों सुरेश कुमार माली और हसमुख भाई श्रीमाली ने अपनी समस्या से जिला कलेक्टर को अवगत कराया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं अन्य जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ आबू मार्बल एसोसिएशन के भगवान अग्रवाल, लघु उद्योग भारती आबूरोड के अध्यक्ष प्रद्युम्नसिंह भाटी एवं सारणेश्वर उद्योग संघ सिरोही से मदन मालवीय उपस्थित रहे।

# स्टेशन महोत्सव आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** रेलवे स्टेशन पर गुरुवार शाम चार बजे स्टेशन के गौरवमयी इतिहास को उत्सव स्वरूप मनाया जाएगा। स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्टेशन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक बीसीएस चौधरी के अनुसार गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति मे कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# ट्रेफिक ब्लॉक से रेल यातायात प्रभावित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** ट्रेफिक ब्लॉक से रेल यातायात प्रभावित रहेगा। दौलतपुर चौक-साबरमती रेलसेवा रीशडयूल रहेगी। उत्तर रेलवे द्वारा सरहिंद-दौलतपुर चौक रेलखण्ड के मध्य स्थित आनन्दपुर साहिब-नंगल डैम स्टेशनों के मध्य तकनीकी कार्य के लिए 4 फरवरी को ट्रेफिक ब्लॉक लिया जा रहा है। इससे रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार उपरोक्त कार्य से उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित गाड़ी संख्या 19412, दौलतपुर चौक-साबरमती रेलसेवा दौलतपुर चौक से 4 फरवरी को अपने निर्धारित समय से 1 घंटा 20 मिनट की देरी से प्रस्थान करेगी।

# बाइक चालकों को पहनाए हेलमेट



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** सड़क सुरक्षा माह अभियान के तहत भंसाली पॉलीमर्स लिमिटेड, जिला प्रशासन व पुलिस द्वारा बुधवार शाम को बस स्टैंड के सामने बाइक चालकों को हेलमेट पहनाए गए। यातायात नियमों की पलना करने की नसीहत दी गई। इस दौरान आबूरोड एसडीएम शंकरलाल मीणा, शहर कोतवाल हरचंद देवासी, यातायात प्रभारी एएसआई किशनाराम, हेड कांस्टेबल किशोरीलाल आदि मौजूद थे।

# अज्ञात वृद्ध का शव मिला

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** बस स्टैंड पर गुरुवार शाम को वृद्ध का शव पड़ा मिला। सूचना मिलने पर शहर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान नहीं होने पर शव को मोर्चरी में रखवाया। पुलिस के अनुसार बस स्टैंड पर वृद्ध का शव पड़ा मिला। मृतक की पहचान नहीं हो सकी। इस पर शव को मोर्चरी में रखवाया गया।

# रक्तदान शिविर आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** नवयुवक बैरवा मंडल की ओर से गुरुवार को स्वैच्छिक रक्त दान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी अध्यक्ष प्रेमशंकर कारोल ने दी।

# धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रेवदर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दोलपुरा में वार्षिकोत्सव, पुरस्कार वितरण एवं भामाशाह सम्मान समारोह-2025 का आयोजन किया गया। विधायक मोतीराम कोली का मुख्य आतिथ्य, उपखंड अधिकारी सुबोधसिंह चारण की अध्यक्षता, प्रधानाचार्य राजविरेंद्रसिंह राजपुरोहित, सरपंच सुशीला देवी कोली, पटेल लखमाराम कोली, पूर्व सरपंच भूराराम कोली, उपसरपंच कसनाराम कोली, पूनमाराम पटेल रामपुराखेड़ा के विशिष्ट आतिथ्य में मनाया गया। संचालन वरिष्ठ अध्यापक मनोज नालिया के ने किया। विधायक मोतीराम कोली ने शानदार आयोजन की प्रशंसा करते हुए विद्यालय प्रबंधन और कार्यक्रम के भामाशाहों व ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया।



उपखंड अधिकारी सुबोधसिंह चारण ने कहा कि प्रत्येक माता-पिता व अभिभावक को बालकों के साथ-साथ बालिकाओं को भी शिक्षा के लिए विद्यालय भेजना चाहिए। इसके बाद विद्यालय की प्रतिभा एवं भामाशाहों तथा कूक कम हेल्पर का सम्मान किया। विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। व्याख्याता गौरव कामरा, बलदेव मीणा, वरिष्ठ अध्यापक तुलसीराम सैनी, बाबूलाल मीना, भवानीसिंह, सुंदर परमार, शिक्षक शैतान सिंह देवड़ा, राजेश कुमार, प्रदीप गर्ग, पिंकी जांगिड़, सोनाराम कोली, रत्ती लाल, रामाराम, किशोरराम चौधरी, सुरेश बुल्डक, भूराराम, रामावतार गुर्जर, हिदाराम देवासी, ममता मुवाल, सीताराम गरासिया, सतीश कुमार, जगसीराम कोली, भरत कुमार कोली, बाबूलाल कोली, गणेश कोली, अनूप कुंतल, नारायणलाल चौधरी, मूलाराम सहित विद्यालय के भामाशाह ओमप्रकाश कोली, कृष्ण कुमार, छगनलाल, भरत कुमार, गन्ने खान, लक्ष्मण कोली, हरीश कुमार, शंकर लाल, श्रवण कुमार, नरिंगाराम, रमेश कुमार, मालाराम कोली, रणछोड़राम, जगसीराम, आलाराम, गेमाराम कोली, भेमाराम आदि मौजूद थे। कार्यं म में गत सत्र के 23 राज्यपाल अवार्डी व 36 मिनी जंबूरी में सहभागिता करने वाले स्काउट बालचरों सहित कुल 250 से अधिक विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, मोमेन्टो व इनाम से सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया गया। इधर महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में सांसद लुम्बाराम चौधरी के मुख्य आतिथ्य, जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, जिला परिषद सदस्य मगनलाल कोली, सरपंच अजबाराम चौधरी, गणेश सहकारी समिति अध्यक्ष हरिसिंह देवड़ा, प्रदेश मंत्री प्रकाश मेघवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश लौहार एवं सीबीईओ अन्नाराम मोबारसा की उपस्थिति में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य ने अतिथियों का स्वागत कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सांसद चौधरी ने विद्यालय में दो कक्षा कक्ष बनवाने की घोषणा कर प्रदेश एवं केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी साझा की। जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित ने विद्यालय में शौचालय एवं ट्यूबवेल की घोषणा की। बालिकाओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी। विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों को राज्य सरकार की योजना के तहत पीसी टेबलेट वितरित किए।

एबीवीपी के 53वें अधिवेशन में बोले मुख्यमंत्री फडणवीस

# युवाओं को अराजक बना रहीं कुछ शक्तियां



## अराजकता फैलाने निशाने पर विश्वविद्यालय कैंपस



**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 53वां विदर्भ प्रांत अधिवेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन सूबे के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थी परिषद के युवाओं को संबोधित किया। सीएम ने बताया कि आज माओवादी और नक्सलवादी विचारों को शहरों के अंदर किस तरह से युवाओं में फैलाया जा रहा है। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम देख सकते है अराजकता का बीज बोने की सबसे बड़ी जगह कैंपस हो गया है। ये अराजकता फैलाने के सबसे बड़े अड्डे बन गए हैं। यूनिवर्सिटी के कैंपस में बड़े पैमाने पर अराजकता कैसे फैलाई जाए, इसको लेकर चर्चा हो रही है, देश के संस्थान पर से विश्वास कैसे उठे इस तरह की कोशिशें की जा रही हैं। सीएम ने कहा कि कुछ शक्तियां ऐसी हैं जो हमारे देश के युवाओं को बहकाने, उन्हें गुमराह करने और निराशा में डालने का काम कर रही हैं।

### 'देश के संवैधानिक संस्थानों के प्रति फैलाया जा रहा अविश्वास'

फडणवीस ने कहा कि युवाओं में स्वाभाविक रूप से विद्रोही मन होता है, लेकिन इस विद्रोह की दिशा क्या है? उन्होंने कहा कि ये लोग उन्हें बताते हैं कि इस देश में न्याय नहीं मिल सकता है और इस देश की संस्थाएं न्याय नहीं दे सकती हैं। आज देश के संस्थानों के प्रति अविश्वास फैलाने का ऐसा प्रकार का काम कैंपस में होता दिखाई देता है। उनका कहना था कि हम बगावत करना चाहते हैं, लेकिन ये बगावत किस दिशा में जानी चाहिए, यह बहुत महत्वपूर्ण है।

### युवा का उल्टा 'वायु', इसे प्रदूषित होने से रोकें

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा कि युवा शब्द ऐसा है कि अगर हम इसे उल्टा कर दें तो वह वायु शब्द बन जाता है, जो समाज को जीवन देता है। अगर वायु अच्छी हो तो वह समाज को जगाता है, लेकिन अगर वह बहक जाए और तूफान में बदल जाए या प्रदूषित हो जाए तो वह समाज को तबाह कर देती है। सीएम ने कहा कि इसी प्रकार वायु रूपी युवा को प्रदूषित करने का काम देश में हो रहा है।

### संवैधानिक संस्थाओं के प्रति विश्वास जगाएं एबीवीपी कार्यकर्ता

- इसके बाद उन्होंने कहा कि आज हमारे प्रयासों से माओवादी और नक्सलवादी विचारधारा खत्म हो रही है। जिन लोगों ने बंदूक उठाई थी, वे मुख्यधारा में लौट रहे हैं, लेकिन माओवादी लोग इसे शहरों और विश्वविद्यालयों में फैलाने की कोशिश कर रहे हैं और हमारे संविधान और संस्थाओं के खिलाफ विद्रोही पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। एबीवीपी कार्यकर्ताओं को संसद, प्रशासन, न्यायपालिका और अन्य संवैधानिक संस्थाओं में लोगों का विश्वास बढ़ाना चाहिए।

# जालोर : परशुराम धाम में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जालोर के श्री परशुराम धाम रायथल नगर में ब्रह्मलीन खेताराम महाराज और ब्रह्मलीन सुखदेव महाराज के मंदिर की भव्य प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के रूप में बुधवार को संपन्न हुई। इस पावन अवसर पर आसोतरा धाम के गादीपति तुलसाराम महाराज की पावन उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी खास बना दिया। समाजसेवी एवं गोभक्त दलपत पुरोहित मंडवारिया ने प्रयागराज कुंभ के दौरान आसोतरा धाम के गादीपति से इस पावन अवसर पर आने का निवेदन किया था। समाज के लोगों की भावनाओं को देखते हुए महाराज ने इस निमंत्रण को स्वीकार किया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।

- चार्टेड प्लेन से जोधपुर पहुंचे तुलसाराम महाराज का स्वागत
- रायथल नगर में धूमधाम से प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न



### चार्टर्ड प्लेन से जोधपुर पहुंचे महाराज

महाकुंभ से ब्रह्मधाम आसोतरा के गादीपति तुलसाराम महाराज को लेने दलपत पुरोहित मंडवारिया चार्टर्ड प्लेन से प्रयागराज पहुंचे और उन्हें जोधपुर लाए। जोधपुर में राजपुरोहित समाज के सैकड़ों लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। रायथल पहुंचकरआसोतरा धाम के गादीपति के करकमलों से ब्रह्मलीन संत खेताराम महाराज एवं उनके शिष्य ब्रह्मलीन संत सुखदेव महाराज के मंदिर व मूर्ति की धूमधाम से प्राण-प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर दलपत पुरोहित मंडवारिया, बृजेश भाई दासपां, नरसिंह पुरोहित पूर्व महामंत्री, भंवरसिंह मायलावास, शंकरलाल माली, विहिप जिलाध्यक्ष सिरोही, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष गोपाल माली सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

कारोबारी से 50 लाख की रंगदारी मांगने का मामला

# सबूतों के अभाव में लॉरेंस बिश्नोई बरी

**चंडीगढ़।** पंजाब की फरीदकोट की जिला अदालत ने कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को रंगदारी के एक मामले में सबूतों के अभाव में बरी कर दिया है। फरीदकोट के कोटकपूरा शहर में साल 2021 में लॉरेंस के खिलाफ रंगदारी का मामला दर्ज कराया गया था। इसमें कहा गया था कि एक कपड़ा व्यापारी से वॉट्सऐप कॉल पर गोल्डी बराड़ ने 50 लाख की रंगदारी की मांगी थी। पैसे न देने पर कारोबारी के परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के वकील अमित मित्तल ने बताया कि उनके मुवक्किल पर व्यवसायी से 50 लाख रुपए मांगने का आरोप है। यह भी आरोप है कि रंगदारी व्हाट्सएप कॉल के जरिए मांगी गई, लेकिन शिकायतकर्ता अपने आरोप को साबित करने के लिए कोई सबूत नहीं दे सका। इस मामले में सुनवाई के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट एस सोही की कोर्ट ने बुधवार को सबूतों के अभाव में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को बरी कर दिया।

# वो कह दें तो मैं मंत्री पद से इस्तीफा दे दूंगा : धनंजय



**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने बुधवार को कहा कि बीड सरपंच हत्या मामले में कैबिनेट मिनिस्टर धनंजय मुंडे को 'नैतिकता के आधार' पर मंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। उनके इस बयान पर मुंडे ने कहा कि अगर महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस या उनके डिप्टी सीएम अजीत पवार कहेंगे तो मैं कैबिनेट से इस्तीफा देने को तैयार हूं। बता दें कि धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड को हत्या से जुड़े जबरन वसूली के मामले में गिरफ्तार किया गया है। धनंजय मुंडे सीएम देवेंद्र फडणवीस की कैबिनेट में खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग संभाल रहे हैं। पुलिस के अनुसार मासाजोग के सरपंच संतोष देशमुख को नौ दिसंबर को बीड जिले में एक ऊर्जा कंपनी से जबरन वसूली की कोशिश को रोकने का प्रयास करने को लेकर अगवा कर लिया गया, उन्हें प्रताड़ित किया गया और उनकी हत्या कर दी गई।

### सुप्रिया सुले ने साधा निशाना

सुप्रिया सुले ने कहा, "अनिल देशमुख ने 100 करोड़ रुपये की रिश्वत के आरोप लगने के बाद गृह मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। नवाब मलिक, छगन भुजबल को अफवाहों के आधार पर गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया था।" पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मासाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की जघन्य हत्या को 50 दिन बीत चुके हैं, लेकिन मुंडे के करीबी सहयोगी पर उंगलियां उठने के बावजूद भाजपा नीत सरकार से राकांपा मंत्री को बर्खास्त नहीं किया गया है।

# एसएमएस अस्पताल के आयुष्मान टॉवर में आग

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने सवाई मानसिंह अस्पताल परिसर में निर्माणाधीन आयुष्मान टॉवर में आग लगने की सूचना पर आयुष्मान टॉवर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। खींवसर ने आयुष्मान टॉवर में घटना स्थल पर पहुंचकर आगजनी की स्थिति को देखा और अधिकारियों से आग लगने के कारण एवं वस्तु स्थिति के बारे में जानकारी ली। सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ.दीपक माहेश्वरी ने बताया कि निर्माणाधीन परिसर में काम आ रही सामग्री के पैकिंग मैटेरियल एवं कचरे आदि में वैल्डिंग के कार्य के दौरान चिंगारी से आग लग गई थी, जिसे तुरंत ही बुझा दिया गया था। आग से किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है। चिकित्सा मंत्री ने वस्तु स्थिति का अवलोकन करने के बाद निर्देश दिए कि निर्माण कार्य के दौरान सावधानी एवं सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाए ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई दुर्घटना नहीं हो। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि आयुष्मान टॉवर के निर्माण में गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखा जाए।

- चिकित्सा मंत्री ने घटनास्थल पर जाकर लिया जायजा
- निर्माण कार्य के दौरान सावधानी बरतने के दिए निर्देश



# सीएम सैनी ने पिया यमुना का पानी

## दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को भी दिया न्योता

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हाल ही में सोनीपत पहुंचे, जहां उन्होंने यमुना नदी के पानी को लेकर चल रही सियासत पर प्रतिक्रिया दी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया था कि हरियाणा सरकार यमुना के पानी में जहर मिला रही है। इस आरोप के बाद मुख्यमंत्री सैनी खुद यमुनानगर स्थित यमुनापार पहुंचे और यमुना के पानी का आचमन किया। इसके साथ ही, उन्होंने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को भी यमुना का पानी जांचने के लिए आमंत्रित किया। वहीं नायब सिंह सैनी ने यमुनानगर के आदि बद्री में आयोजित "अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव में पहुंचे। वहां उन्होंने अपने संबोधन के दौरान भारतीय संस्कृति, जल संसाधनों और नदियों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में नदियों को मां का दर्जा दिया गया है। उनका पूजन एवं संरक्षण हमारी आस्था का अभिन्न हिस्सा है। सीएम सैनी ने सरस्वती नदी के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व की बात करते हुए कहा कि कुछ लोग सरस्वती नदी को लेकर भ्रम फैला रहे हैं। उन्होंने दिल्ली मुख्यमंत्री के आरोपों का खंडन करते हुए कहा यह पूरी तरह से झूठ और भ्रामक प्रचार है। हम यमुना के पानी को दूषित करने की किसी भी कोशिश को नकारते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे लोग न केवल हरियाणा सरकार बल्कि भारतीय संस्कृति पर भी प्रश्न उठा रहे हैं।



# लाल किला प्रांगण में राजस्थान की झांकी

## लोक कलाकार बने आकर्षण का केंद्र



**जयपुर।** दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला प्रांगण में 26 से 31 जनवरी तक आयोजित हो रहे भारत पर्व-2025 में चारों ओर राजस्थानी कला, संस्कृति और भोजन की धूम दिखाई दे रही है। राजस्थान पर्यटन द्वारा पर्व में लगाए गए स्टॉल पर हर समय दर्शकों की भीड़ देखी जा रही है। राजस्थान पर्व में रखी राजस्थान की झांकी पर लोग अपनी सेल्फी लेकर यादगार बना रहे हैं। इस अद्भुत झांकी के अग्रभाग में राजस्थान के पारंपरिक पर्व तीज की प्रसिद्ध सवारी के मनोहारी दृश्य को शामिल किया गया है, जबकि पिछले भाग में शेखावाटी की प्राचीन और दुर्लभ हवेलियों की समृद्ध विरासत को दर्शाया गया है। झांकी के नीचे के पैनल में इन हवेलियों में बने हुए पुराने भित्ति चित्र और विभिन्न प्रकार के म्यूरल की डिजाइन का दिग्दर्शन किया गया हैं। साथ ही, झांकी में राजस्थान सरकार द्वारा जल संरक्षण और सौर ऊर्जा के क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों की झलक को भी शामिल किया गया है।

### लोकनृत्य पर झूमे दिल्ली वासी

राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा भारत पर्व में प्रदेश के विभिन्न अंचलों से बुलाए गए कलाकारों के प्रदर्शन पर उपस्थित दिल्लीवासी स्वयं जमकर नृत्य करते दिखाई दिए। राजस्थान स्टॉल पर जयपुर से आए कठपुतली कलाकार द्वारा विभिन्न प्रकार के कठपुतली प्रदर्शन देख उपस्थित भीड़ ने तालियों से उनका अभिवादन किया। भारत पर्व में राजस्थानी कलाकारों द्वारा कालबेलिया, चकरी और गैर नृत्य पर भारतीय कला केन्द्र की नृत्य छात्राओं ने मिलकर नृत्य किया जिसे लोगों ने खूब सराहा।

### मूंछों वाले कंवर लाल चौहान बने चहेते

बीकानेर से आए कंवर लाल चैहान अपनी 7 फुट लंबी मूंछो के साथ आकर्षण का केन्द्र बने रहे। उनके साथ सेल्फी लेने वालो की भीड़ देखी गई। इस अवसर पर चैहान ने बताया कि वह पिछले 13 वर्षो से इन मूंछो का विषेष ख्याल रख रहे है। उन्हें उनकी मूंछो के लिए मिस्टर डीग, मिस्टर बीकाना और मिस्टर बूंदी के पुरस्कारों से भी सम्मानित किया जा चुका है।

# फिर दौड़ेंगी राजस्थान रोडवेज की ग्रामीण बसें



- 362 रूटों पर होगा बसों का संचालन!
- महिलाओं को मिलेगी किराए में छूट

**जयपुर।** राजस्थान रोडवेज प्रशासन ने एक बार फिर ग्रामीण बस सेवा शुरू करने का फैसला किया है। इस सेवा के तहत 362 रूटों पर बसों का संचालन किया जाएगा, जिससे ग्राम पंचायतों को ब्लॉक और जिला मुख्यालयों से जोड़ा जाएगा। हालांकि, बसें निजी संचालकों की होगी, लेकिन उन पर नियंत्रण रोडवेज का रहेगा। इन बसों का संचालन रोडवेज बस स्टैंड से होगा। महिलाओं को रोडवेज की तरह किराए में छूट मिलेगी। निजी बस संचालक को रोडवेज प्रशासन 15 प्रतिशत का भुगतान करेगा, जबकि संचालक को रोडवेज को निर्धारित शुल्क देना होगा। बसों का किराया 1.50 रुपये प्रति किमी तय किया गया है, जो सामान्य बसों की तुलना में थोड़ा अधिक होगा। रोडवेज प्रशासन ने इस सेवा के लिए परिवहन विभाग को पत्र लिखकर 362 रूटों पर परमिट मांगे हैं। इन बसों के लिए छह साल से अधिक पुरानी बसों की अनुमति नहीं होगी। सेमी डीलक्स श्रेणी की 22-सीटर बसें चलाई जाएंगी, जिससे यात्रियों को आरामदायक सफर मिलेगा।

# छात्र ने छात्रा के रेप और मर्डर करने दी सुपारी

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक स्कूली छात्र ने अपने सहपाठी को 100 रुपये में क्लास में ही पढ़ने वाली एक छात्रा के रेप और मर्डर की सुपारी दे दी। सेंट सेबस्टियन इंग्लिश स्कूल की छात्रा ने अपने अध्यापकों को बताया कि एक स्टूडेंट ने उसके पैरेंट्स के फर्जी साइन बना दिए थे। इसकी शिकायत की तो छात्र भड़क गया और उसने 100 रुपये में एक अन्य स्टूडेंट को छात्रा से रेप और मर्डर की सुपारी दे डाली। इस मामले में स्कूल प्रशासन पर भी सवाल उठ रहे हैं। प्रिंसिपल और दो टीचर्स पर आरोप है कि उन्होंने स्कूल की इज्जत बचाने के नाम पर मामले को दबाने का प्रयास किया है। हालांकि अब इस मामले में दौंड पुलिस थाने में केस दर्ज हो गया है।

# इसरो ने लगाई सेंचुरी, लॉन्च किया एनवीएस-02



**नई दिल्ली।** श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र से भारतीय अंतरिक्ष एवं अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आज इतिहास रच दिया। अपने 100वें मिशन यानी जीएसएलवी रॉकेट को सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया है। यह एक नेविगेशन उपग्रह है। यह इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन के नेतृत्व में पहला मिशन था। उन्होंने 13 जनवरी को पदभार संभाला था। सूत्रों ने बताया कि स्वदेशी क्रायोजेनिक चरण के साथ भू-समकालीन उपग्रह प्रक्षेपण यान (जीएसएलवी) अपनी 17वीं उड़ान में नेविगेशन उपग्रह एनवीएस-02 को लेकर यहां दूसरे लॉन्च पैड से 29 जनवरी को सुबह छह बजकर 23 मिनट पर प्रक्षेपित किया गया। इसरो ने अपने बयान में कहा, ''जीएसएलवी-एफ15/एनवीएस-02 मिशन सफलतापूर्वक पूरा हो गया है अंतरिक्ष नेविगेशन में भारत ने नई ऊंचाइयों को छुआ!''

# परीक्षा केंद्रों में बुर्के पर बैन लगाने की मांग

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने शिक्षा मंत्री दादा भूसे को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि 10वीं और 12वीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा केंद्रों में बुर्का पहनकर आने वाली छात्राओं को प्रवेश न दिया जाए, क्योंकि उन्हें चिंता है कि इससे नकल की घटनाएं हो सकती हैं। राणे ने कहा, 'हमारी सरकार तुष्टिकरण की राजनीति को बर्दाश्त नहीं करेगी। जो नियम हिंदू छात्रों पर लागू होते हैं, वहीं नियम मुसलमान छात्रों पर भी लागू होने चाहिए। जो लोग बुर्का या हिजाब पहनना चाहते हैं, वे इसे अपने घरों में पहन सकते हैं। लेकिन परीक्षा केंद्रों पर उन्हें अन्य छात्रों की तरह परीक्षा देनी चाहिए।' राणे ने कहा, 'बुर्का पहनने वाली छात्राओं से नकल की घटनाएं हो चुकी हैं। यह सब महाराष्ट्र में नहीं होना चाहिए। इसलिए मैंने संबंधित मंत्री को पत्र लिखा है।'कंकेवली के विधायक राणे ने कहा कि यह परीक्षा छात्रों के लिए बेहत महत्वपूर्ण है। वहीं, अधिकारियों ने बताया कि महाराष्ट्र के शिक्षा विभाग ने अभी तक उनकी मांग पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

- मंत्री नितेश राणे ने शिक्षा मंत्री दादा भूसे को लिखा पत्र



### 'बुर्के में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लाना आसान'

राणे ने कहा, "10वीं व 12वीं की परीक्षार्थियों के लिए महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि उनके पूरे भविष्य की नींव इसी पर निर्भर करती है। यह परीक्षा पारदर्शी व नकलमुक्त होनी चाहिए। इस संबंध में समय-समय पर निर्देश दिए जाते हैं। अगर किसी को बुर्का पहनकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाता है, तो यह कोई परीक्षार्थी बुर्के के भीतर किसी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का उपयोग कर सकता है।

# पेट में पल रहे बच्चे के पेट में एक और बच्चा

## बुलढाणा में सामने आया चौंकाने वाला मामला



**मुंबई।** महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले की है। महिला की उम्र 32 साल है। उसके भ्रूण के अंदर भ्रूण पाया गया है। यह एक अत्यंत दुर्लभ स्थिति है जिसमें एक विकृत भ्रूण दूसरे भ्रूण के अंदर स्थित होता है। यह स्थिति तब उजागर हुई जब महिला ने हाल ही में बुलढाणा जिला महिला अस्पताल में अपनी नियमित गर्भावस्था जांच के लिए संपर्क किया। बता दें कि महिला 35 सप्ताह की गर्भवती थी, और जांच के दौरान चिकित्सकों ने अल्ट्रासाउंड में एक असामान्य संरचना देखी, जो उनके लिए चौंकाने वाला था। अस्पताल के प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि यह स्थिति अत्यंत दुर्लभ है और पांच लाख में से केवल एक व्यक्ति में ही यह पाया जाता है। डॉ. अग्रवाल ने आगे कहा,'अब तक विश्व भर में इस प्रकार के केवल 200 मामले ही सामने आए हैं, और भारत में ऐसे 10-15 मामले रिपोर्ट किए गए हैं।' महिला को आगे कोई दिक्कत ना हो इसलिए उन्हें संभाजीनगर अस्पताल में भेज दिया गया।

### माँ को समस्या नहीं, बच्चे को परेशानी का डर

गायनोकॉलोजिस्ट प्रसाद अग्रवाल से जब पूछा गया कि इसके कारण महिला को कोई दिक्कत हो सकती है क्या? तब उन्होंने कहा कि, महिला को कोई दिक्कत नहीं होगी लेकिन डिलीवरी के बाद अगर बच्चे को जल्द ही उपचार नहीं मिला तो उसको दिक्कत हो सकती है।

### दुर्लभ और जन्मजात

सिविल सर्जन भगवत भुसारी ने कहा कि मेडिकल की भाषा में इस अवस्था को 'भ्रूण में भ्रूण' (Fetus in Fetu) कहते हैं। उन्होंने बताया कि दुनिया भर में ऐसे करीब 200 मामले देखे गए हैं। इनमें से 15 से 20 मामले भारत से हैं। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन की सरकारी वेबसाइट पर प्रकाशित एक रिसर्च के मुताबिक, यह एक दुर्लभ और जन्मजात विसंगति है। इसमें बच्चे के शरीर के भीतर एक अविकसित भ्रूण बन जाता है। आमतौर पर ये पेट में पल रहे बच्चे के पेट में एक गांठ के रूप में दिखता है। ये भ्रूण एक ही अंडाणु से बना होता है लेकिन इसका विकास बच्चे के विकास से अलग पैटर्न पर होता है।

### पहले भी सामने आए ऐसे मामले

- इससे पहले कई ऐसे मामले आए हैं। हालांकि, उन मामलों में बच्चे के जन्म के बाद उनके अंदर अविकसित भ्रूण का पता चला था। साल 2020 में बिहार के मोतिहारी में एक 40 दिन के बच्चे के पेट में भ्रूण का पता चला था। नवबंर 2019 में बीएचयू सर सुन्दरलाल अस्पताल से भी एक ऐसा ही मामला सामने आया था। जिसमें दो माह के बच्चे के पेट में अविकसित भ्रूण का पता चला था। जनवरी 2011 में न्यू मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल, कोटा से भी ऐसा ही एक मामला सामने आया था।





